संस्करण ● नई दिल्ली ● पानीपत (हरियाणा) ● चण्डीगढ़ ● लखनऊ ● भोपाल (मध्य प्रदेश) ● हल्द्वानी नैनीताल ● देहरादून (उत्तराखण्ड) से एक साथ प्रकाशित... www.publicasia.in



पब्लिक की सुनें, पब्लिक की कहें

# पब्लिक एशिया



@publicasia1989 @publicasiaofficial @publicasia e-mail: publicasia1989@gmail.com

वर्ष : 12, अंक : 74, पृष्ठ : 12, लखनऊ (उत्तर प्रदेश), मंगलवार 22 अक्टूबर 2024, मूल्य : 5 रूपये RNI No.- UPHIN/2013/52076

# हरियाणा में भाजपा की जीत से भारत में स्थिरता का संदेश मजबूत हुआ है: मोदी

(पब्लिक एशिया ब्यूरो)

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्थिरता, निरंतरता और समाधान को दुनिया के लिए आज के युग की सबसे बड़ी आवश्यकता बताते हुए सोमवार को कहा कि केंद्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की लगातार तीसरी जीत भारत में स्थिरता का संदेश है। मोदी ने कहा कि हाल में हरियाणा विधानसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की लगातार दूसरी सफलता से स्थिरता का यह संदेश और मजबूत हुआ है। वह



हाल में हरियाणा विधानसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की लगातार दूसरी सफलता से स्थिरता का यह संदेश और मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि देश ने पिछले 10 साल में उपलब्धियों के जो आयाम तय किए हैं, उसको देखते हुए आज दुनिया भविष्य के समाधानों के लिए भारत की ओर देख रही है।

राजधानी में एनडीटीवी वर्ल्ड समिट 2024 के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश ने पिछले 10 साल में उपलब्धियों के जो आयाम तय किए हैं ,उसको देखते हुए आज दुनिया भविष्य के समाधानों के लिए भारत की ओर देख रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार के हर कार्यक्रम के केंद्र में देश की जनता के विकास के साथ-साथ 'निरंतरता' (स्वस्थ और टिकाऊ विकास) का उद्देश्य स्पष्ट रूप से आगे रखा गया है। इस सत्र में देश विदेश के नामी उद्यमियों और निवेश को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, 'छह दशक में पहली बार देश के लोगों ने लगातार तीसरी बार किसी सरकार को अपना जनादेश दिया है, यह स्टेबिलिटी (स्थिरता) का संदेश है। अभी हरियाणा में हुए चुनाव में भी भारत की जनता ने स्टेबिलिटी के इस भाव को मजबूती दी है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों को देश की जनता का पूरा समर्थन है और 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य भारत की 140 करोड़ जनता का लक्ष्य बन गया है। अब जनता इस लक्ष्य को आगे बढ़ा रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी का यह समय मानव इतिहास का सबसे महत्वपूर्ण समय है। ऐसे में आज के युग की बड़ी ज़रूरतें हैं, स्टेबिलिटी, सस्टेनेबिलिटी और सॉल्यूशंस (स्थिरता, निरंतरता और समस्याओं के समाधान)। यह मानव के भविष्य के लिए सबसे जरूरी शर्तें हैं और भारत आज यही हासिल करने का प्रयास कर रहा है। इसमें भारत की जनता का एक निश्चित समाधान है। मोदी ने कहा कि आज भारत आकांक्षाओं से परिपूर्ण देश है। उन्होंने इसे एस्पिरेशनल इंडिया (एआई) बताते हुए कहा कि जब एस्पिरेशनल इंडिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की ताकत मिल जाती है, तब विकास की गति भी तेज होने स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि चुनौतियों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन शानदार रहा है और वैश्विक एजेंसियों ने भारत की वृद्धि दर के अनुमानों में सुधार किए हैं। मोदी ने कहा कि भारत भविष्य की सोच के साथ आगे बढ़ रहा है और 2047 तक विकसित भारत का संकल्प भी इसी सोच को दिखाता है। उन्होंने कहा, 'आज भारत दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक है। इस युवा देश का पोटेंशियल (संभावनाएं) हमें आसमान की ऊंचाई पर पहुंचा सकती हैं। इसके लिए हमें अभी बहुत कुछ करना है और बहुत तेजी से करना है।' प्रधानमंत्री ने अपने 10 साल के कार्यकाल की कुछ उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि पिछले 10 साल में भारत में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। इस दौरान करीब 12 करोड़ शौचालय बने, 16 करोड लोगों को रसोई गैस कनेक्शन मिले।

# 'पुलिसकर्मियों' को योगी ने दी 'सौगात'

## पुलिस वर्दी भत्ते में 70 प्रतिशत और पुलिस आवास भत्ते में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी

(पब्लिक एशिया ब्यूरो)



**लखनऊ।** दिवाली से ठीक पहले उत्तर प्रदेश के पुलिसकर्मियों के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई घोषणाएं की हैं। 'पुलिस स्मृति दिवस' पर मुख्यमंत्री ने पुलिस वर्दी भत्ते में 70 प्रतिशत और पुलिस आवास भत्ते में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी समेत कई ऐलान किये। राज्य सरकार की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने वर्दी भत्ते में 70 प्रतिशत, बैरक में रहने वाले आरक्षियों के पुलिस आवास भत्ते में 25 प्रतिशत की वृद्धि की। इसके साथ-साथ राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय खेलकूद में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों के प्रशिक्षण, आहार तथा अन्य मदों में अगले वित्तीय वर्ष के बजट में 10 करोड़ रुपये बढ़ाने की घोषणा की। इन घोषणाओं पर प्रदेश सरकार 115 करोड़ रुपये का खर्च वहन करेगी। मुख्यमंत्री ने बहुमंजिला पुलिस क्वार्टर और प्रशासनिक भवन के रखरखाव के लिए 1,380 करोड़ रुपये के 'कॉर्पस फंड' की घोषणा की। इससे पहले, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए दिवगंत पुलिसकर्मियों को याद किया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कर्तव्यों का पालन करते हुए अपनी जान न्योछावर करने वाले पुलिसकर्मियों तथा केंद्रीय अर्ध सैनिक बलों के कुल 115 जवानों के आश्रितों को 36 करोड़ 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गयी है। उन्होंने कहा कि जिलों में तैनात पुलिस जवानों की सुख सुविधा के लिए तीन करोड़ 50 लाख रुपये, कल्याण के लिए चार करोड़ रुपये, कार्यरत तथा सेवानिवृत पुलिसकर्मियों एवं उनके आश्रितों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति संबंधी 266 दावों के निस्तारण के लिए 30 लाख 56,000 रुपये की राशि दी गई।

# सुप्रीम कोर्ट का 'बड़ा' फैसला

## मदरसों से सरकारी स्कूल में ट्रांसफर नहीं होंगे बच्चे, फंडिंग भी रहेगी जारी

(पब्लिक एशिया ब्यूरो)

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शिक्षा के अधिकार अधिनियम का कथित उल्लंघन करने वाले गैर-मान्यता प्राप्त मदरसों की मान्यता वापस लेने और छात्रों को सरकारी स्कूलों में स्थानांतरित करने से संबंधित राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) की ओर से जारी पत्र पर अमल करने पर केंद्र और राज्य सरकारों को रोक लगाने का सोमवार को आदेश दिया। पत्र में राज्यों से गैर-मान्यता प्राप्त मदरसों के छात्रों को सरकारी स्कूलों में स्थानांतरित करने के लिए कहा गया था। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पार्दीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने जमीयत उलेमा-ए-हिंद की याचिका पर यह आदेश पारित किया। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह ने दलील देते हुए राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पत्र और उत्तर प्रदेश तथा त्रिपुरा सहित कुछ राज्यों की मदरसे से संबंधित उक्त कार्रवाई पर रोक लगाने की गुहार लगाई थी। मुस्लिम संगठन ने उत्तर प्रदेश और त्रिपुरा सरकारों की उस कार्रवाई को चुनौती दी है, जिसमें गैर-मान्यता प्राप्त मदरसों के छात्रों को सरकारी स्कूलों में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया गया है। एनसीपीसीआर ने सात जून, 2024 को उत्तर प्रदेश सरकार को पत्र लिखकर निर्देश दिया कि आरटीई (शिक्षा का अधिकार) अधिनियम का पालन न करने वाले मदरसों की मान्यता वापस ली जाए। शीर्ष अदालत ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपने आदेश में कहा, 'एनसीपीसीआर के 07 जून, 2024 और 25 जून के पत्राचार तथा उसके अनुसार उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव के 26 जून के और भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव द्वारा जारी 10 जुलाई तथा त्रिपुरा सरकार द्वारा जारी 28 अगस्त के विचारों के आदान-प्रदान पर कार्रवाई नहीं की जाएगी।' न्यायालय ने याचिकाकर्ता को याचिका में सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को पक्षकार बनाने की भी स्वतंत्रता दी।



### मदरसों को बंद करने की कार्यवाही पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पार्दीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने जमीयत उलेमा-ए-हिंद की याचिका पर यह आदेश पारित किया। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह ने दलील देते हुए राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पत्र और उत्तर प्रदेश तथा त्रिपुरा सहित कुछ राज्यों की मदरसे से संबंधित उक्त कार्रवाई पर रोक लगाने की गुहार लगाई थी। मुस्लिम संगठन ने उत्तर प्रदेश और त्रिपुरा सरकारों की उस कार्रवाई को चुनौती दी है, जिसमें गैर-मान्यता प्राप्त मदरसों के छात्रों को सरकारी स्कूलों में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया गया है।

### मोदी की डिग्री पर टिप्पणी मामले में केजरीवाल की याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शैक्षणिक योग्यता से संबंधित कथित अपमानजनक टिप्पणी मामले में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की पीठ ने इस मामले में आठ अप्रैल को एक अलग पीठ द्वारा आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की खारिज की गयी याचिका का हवाला देते हुए उन्हें (पूर्व मुख्यमंत्री को) कोई राहत देने से इनकार कर दिया।

## मुख्य समाचार

### मोगा में बंबीहा: बिश्नोई गिरोह के चार गुर्गे गिरफ्तार



**एजेंसी/मोगा।** एक बड़ी सफलता में पंजाब में मोगा पुलिस ने रंगदारी के लिये यहां एक व्यवसायी को निशाना बनाने की योजना बना रहे चार गिरोहबाजों को हथियारों सहित गिरफ्तार किया है। पंजाब पुलिस के महानिदेशक गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि पुलिस ने बंबीहा गिरोह से जुड़े विदेश स्थित लकी पटियाल के एक सहयोगी को तीन अवैध हथियारों के साथ और मनप्रीत सिंह उर्फ मनी भिंडर के तीन सहयोगियों को तीन अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। भिंडर लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़ा हुआ है। यादव ने कहा कि ये आरोपी रंगदारी के लिये मोगा में व्यवसायी को निशाना बनाने की योजना बना रहे थे। उन्होंने कहा कि आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी हैं और बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज स्थापित करने के लिये जांच जारी है।

### पूर्व मंत्री किरणपाल सिंह का निधन, सीयम योगी ने जताया शोक

**एजेंसी/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री एवं पांच बार विधायक रहे किरणपाल सिंह का सोमवार को निधन हो गया। मेरठ के एक अस्पताल में उन्होने अंतिम सांस ली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होने दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थन की है। सिंह मुलायम सिंह यादव सरकार में बेसिक शिक्षा मंत्री रहे थे। वर्तमान में वह राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के राष्ट्रीय सचिव थे। बुलंदशहर के धमेड़ा कीरत गांव के मूल निवासी किरणपाल सिंह काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। किरणपाल सिंह बुलंदशहर की अगौता सीट से पांच बार विधायक रहे।

### दिवाली से पहले उत्तर प्रदेश के कर्मचारियों को मिलेगा वेतन

**एजेंसी/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के कर्मचारियों को रोशनी के त्योहार दिवाली से पहले अक्टूबर माह के वेतन का भुगतान कर दिया जायेगा। इस संबंध में सरकार ने शासनादेश जारी कर दिया है। अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने दीपावली से पहले राज्य सरकार के सभी कर्मचारियों को वेतन भुगतान के आदेश जारी किये हैं। आदेश में कहा गया है कि 31 अक्टूबर को दीपावली,02 नवंबर को गोवर्धन पूजा और तीन नवंबर को भाई दूज एवं चित्रगुप्त जयंती के अवकाश के चलते राज्य कर्मचारियों, सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थान एवं शहरी निकाय के कर्मचारियों को वेतन एवं पेंशन भोगियों का भुगतान 30 अक्टूबर को कर दिया जाये।

# यूपी : बहराइच हिंसा मामले में बड़ी कार्रवाई

(पब्लिक एशिया ब्यूरो)

**बहराइच।** यूपी के बहराइच में हुई हिंसा मामले में बहुत बड़ी कार्रवाई हुई है। बहराइच के अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पवित्र मोहन त्रिपाठी हटाए गए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक को डीजीपी कार्यालय से संबद्ध किया गया है। दुर्गा प्रसाद तिवारी जिले के नये अपर पुलिस अधीक्षक बनाए गए हैं। दरअसल मां दुर्गा की मूर्ति विसर्जन के दौरान दो पक्षों में

बहराइच हिंसा मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पवित्र मोहन त्रिपाठी को हटा दिया गया है। उनकी जगह नई जिम्मेदारी दुर्गा प्रसाद त्रिपाठी को मिली है।

झड़प हुई थी। विवाद डीजे बजाने को लेकर शुरू हुआ था। इसके बाद जमकर हिंसा हुई। आगजनी और पत्थरबाजी के बाद गोलीबारी शुरू हो गई। 22 साल के रामगोपाल मिश्रा इस दौरान एक घर की छत पर भगवा झंडा फहरा रहा था। इसी बीच उसे गोली मार दी गई थी। अस्पताल ले जाते समय रामगोपाल की मौत हो गई। रामगोपाल की मौत के बाद बवाल बढ़ गया था। परिजन उसका शव लेकर विरोध प्रदर्शन में लग गए। अन्य लोग भी उनके साथ थे। इस दौरान उपद्रवियों ने कई घरों में आग लगा दी। अस्पताल, शो रूम और कारें भी फूंक दी। अंत में एसटीएफ चीफ को पिस्टल लेकर भीड़ को खदेड़ना पड़ा। इसके बाद धीरे-धीरे हालात सामान्य हुए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यानथ ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया था। बहराइच मामले पर खुद सीएम योगी पल-पल का अपडेट लेते रहे। हिंसा के बीच टॉप अधिकारियों को फील्ड पर उतारा गया। दरअसल बहराइच में सीधे-सीधे योगी राज के लॉ एंड ऑर्डर को चैलेंज किया गया।

# सिलिंडर ब्लास्ट से पांच की मौत, कई घायल

प्रदीप पंडित पब्लिक एशिया



**बुलंदशहर।** सिकंदराबाद में सिलेंडर फटने से दर्दनाक हादसा। ज़ोरदार धमाके से ज़मीदोज़ हुआ मकान, कई लोग मलवे से निकाले गए।महिला व बच्चों समेत अब तक मलवे से बाहर निकाले गए 5 शव। एसपी सिटी, एसडीएम सीओ और दमकल विभाग अभी भी रेस्क्यू में जुटा। जेसीबी की मदद से लिंटर हटाने का किया जा रहा प्रयास, रेस्क्यू जारी। अभी भी किसी के अंदर फंसे होने की आशंका, सिलेंडर फटने से हुआ था धमाका। सिकंदराबाद के गुलावठी रोड स्थित आशापूरी कॉलोनी में हुआ था हादसा। महिला व बच्चों समेत कई लोगों के अभी भी मलवे में दबे होने की आशंका।लिंटर के नीचे दबे हैं कई लोग, थाना प्रभारी समेत पुलिस मौके पर।बुलंदशहर के सिकंदराबाद के आशापुरी कॉलोनी में हुआ हादसा।

## बयानबाजी : दंगों पर बात करने का नैतिक अधिकार खो चुके हैं अखिलेश : केशव प्रसाद मौय

# मौर्य ने अखिलेश यादव पर किया 'पलटवार'

(पब्लिक एशिया ब्यूरो)

**लखनऊ/हरदोई।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव को सांप्रदायिक दंगों पर बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। यादव ने यहा पत्रकारों से बातचीत में कहा 'अखिलेश यादव को कोई अधिकार नहीं है कि वह दंगे की बात पर कोई भी बात कहें क्योंकि उनके शासनकाल में उत्तर प्रदेश एक भी दिन दंगा मुक्त नहीं रहा। जब वह इस तरह की बात बोलते हैं तो यह बातें उनके मुंह पर शोभा नहीं देती हैं।' प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी के स्वर्गीय पति व पूर्व विधायक उपेंद्र तिवारी के पुण्यतिथि पर आयोजित किसान प्रदर्शनी में शामिल होने शाहाबाद कस्बे में आए मौर्य ने उत्तर प्रदेश में होने वाले उपचुनाव में सभी सीटें जीतने का दावा किया। साथ ही कहा कि जनता को गुमराह कर विपक्ष गुब्बारे की तरह फूल गया था हरियाणा चुनाव से गुब्बारे की हवा निकलना शुरू हो गई है। बहराइच हिंसा का चुनावी लाभ लेने संबंधी अखिलेश यादव के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये मौर्य ने कहा 'अखिलेश यादव जी के पास बोलने का नैतिक अधिकार नहीं है जिनके शासनकाल में उत्तर प्रदेश में एक भी दिन दंगा मुक्त नहीं रहा है दंगे के मामले में वह बोले तो शोभा नहीं देता है बहराइच हो या प्रदेश में कहीं भी हो कोई अराजकता करेगा कोई कानून व्यवस्था के साथ के साथ खिलवाड़ करेगा कोई किसी व्यक्ति पर हमला करेगा हत्या करेगा तो सरकार कानून के हिसाब से कार्रवाई के लिए एकदम तत्पर है।' उन्होने कहा 'उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त है।



उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री भाजपा नेता केशव प्रसाद मौर्य ने एक बार फिर से समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर बड़ा हमला बोला है। केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को यूपी के हरदोई में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जितने भी माफिया हैं, अखिलेश यादव उनके सरगना और सरदार हैं।

### अखिलेश को इतिहास याद नहीं : केशव

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि मैंने पहले भी कहा है और फिर कह रहा हूं कि अखिलेश यादव सभी गुंडों, अपराधियों, माफियाओं, भू-माफियाओं, शराब माफियाओं, नकल माफियाओं, भर्ती माफियाओं के नेता हैं। जब अखिलेश भाजपा के बारे में कुछ कहते हैं तो ऐसा लगता है कि उन्हें अपना इतिहास या वह समय याद नहीं है जब उनकी पार्टी का शासन था। केशव मौर्य ने कहा कि जहां भी अपराध होता है, जहां भी अपराधी पकड़े जाते हैं उनके पीछे समाजवादी पार्टी का कोई न कोई नेता होता है।

### उपचुनाव पर भी केशव मौर्य ने दिया बयान

उत्तर प्रदेश में 9 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए आगामी 13 नवंबर को वोटिंग होगी। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि यूपी के होने जा रहे उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी जीतेगी। उन्होंने कहा कि जनता कांग्रेस और सपा के गुब्बारे की हवा निकाल देगी।

### अखिलेश 'माफिया' के सरदार

अखिलेश यादव पर हमला करते हुए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि माफिया जिस दिन समाजवादी पार्टी को छोड़ देंगे उस दिन समाजवादी पार्टी समाप्तवादी पार्टी बन जाएगी। गुंडे, अपराधी, माफिया, भू माफिया, नकल माफिया जितने भी माफिया हैं, अखिलेश यादव उनके सरगना है सरदार हैं। केशव ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ, माफिया के खिलाफ, दंगाइयों के खिलाफ कार्यवाही होती है तो अखिलेश यादव विचलित हो जाते हैं, क्योंकि जिस दिन गुंडे अपराधी माफिया दंगाई सपा का साथ छोड़ देंगे उसी दिन सपा समाप्तवादी पार्टी हो जाएगी।

लेख

# गठबंधन धर्म की लाज फिर खतरे में

करवा प्रधान महिलाओं के देश में गठबंधन की लम्बी उम्र के लिए कोई व्रत करने वाला नजर नहीं आ रहा है। केंद्र की सत्ता से भाजपा को हटाने के लिए एकजुट हुए तमाम राजनीतिक दल एक बार फिर अपनी-अपनी ढपली बजाते नजर आ रहे है। महाराष्ट्र और झारखण्ड विधानसभा के साथ ही तमाम विधानसभाओं और लोकसभा के उपचुनावों को लेकर गठबंधन की गांठें शिथिल होती दिखाई दे रहीं हैं। झारखंड विधानसभा चुनाव



के लिए एनडीए गठबंधन ने अपनी तमाम सीटों का न सिर्फ बँटवारा कर लिया है बल्कि उम्मीदवारों की घोषणा भी कर दी है ,जबकि आईएनडीआईए गठबंधन अभी बैठकों से ही फारिग नहीं हो पाया है। महाराष्ट्र में भी कमोवेश यही हालात हैं। सीटों के बंटवारे और प्रत्याशियों कोई घोषणा में हो रही देर इंडिया गठबंधन को भारी पड़ सकती है ,ये जानते हुए भी हर क्षेत्रीय दल कांग्रेस से सौदेबाजी करने में लगा है। हकीकत ये है कि देश में आज ऐसा कोई क्षेत्रीय दल नहीं है जो कांग्रेस को साथ लिए बिना भाजपा को चुनौती दे सके। सौदेबाजी में कांग्रेस का कम लेकिन क्षेत्रीय दलों का ज्यादा नुक्सान होने वाला है।

देश की राजनीति में अब भाजपा कोई किंवदंती नहीं बल्कि एक हकीकत है । भाजपा का एजेंडा भले ही आपको या मुझे रास न आये किन्तु ये सच है कि उसने बीते एक दशक में सत्ता में टिके रहना सीख लिया है। धीरे-धीरे ही सही लेकिन अब भाजपा की स्थिति मजबूत हुई है और सत्ता के दरबार में भाजपा ने जिस तरह से अपने आपको अंगद के पैर की तरह स्थापित किया है ,उसे कोई चुनौती नहीं दे पा रहा है। अलबत्ता आम चुनावों में सबने मिलकर भाजपा की सत्ता को हिलाने की अभिनव कोशिश की थी। गनीमत है कि बिहार विधानसभा की 4 सीटों के लिए हो रहे उपचुनाव में आईएनडीआईए गठबंधन के बीच सीटों का बँटवारा सौहार्दपूर्ण तरीके से हो गया । यहां 3 सीटें राजद और एक सीट माकपा 'माले' को मिली है। कांग्रेस के लिए मप्र में कोई समस्या पहले से ही नहीं थी ,लेकिन महाराष्ट्र में सीटों का बंटवारा अभी तक अधर में है। महाराष्ट्र में महाराष्ट्र विकास अगाडी की गाडी सीटों के बंटवारे को लेकर आगे ही नहीं बढ़ रही है । शिवसेना 'ठाकरे' गुट और कांग्रेस में बात बन नहीं रही है और ऐसा लगता है कि ये गठबंधन बिखर जाएगा,लेकिन यदि ऐसा होता है तो कांग्रेस को तो कोई नुक्सान नहीं होने वाला लेकिन उद्धव ठाकरे की फजीहत हो जाएगी। शरद पंवार साहब की एनसीपी भी अकेले दम पर भाजपा को रोकने की स्थिति में नहीं है। ऐसे में इन तीनों प्रमुख घटकों को हिकमत अमली से फैसला करना पडेगा। अब ये महाराष्ट्र विकास अगाडी को तय करना है की वे अपने और महाराष्ट्र के हित में झुकते हैं या नहीं ? महाराष्ट्र जैसी ही दशा उत्तर प्रदेश विधानसभा की 10 सीटों के लिए होने वाले उपचुनावों को लेकर है । यहां कांग्रेस कम से कम 5 सीटें चाहती है और समाजवादी पार्टी शायद इसके लिए राजी नहीं है /आपको याद है कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच गठबंधन के चलते ही आम चुनावों के दौरान भाजपा के अश्व्मेद्ध को उत्तर प्रदेश में रोका जा सका था ,अन्यथा न सिर्फ खुद के लिए 370 सीटें हासिल करती अपितु 400 पार भी कर लेती तो कोई हैरानी न होती। इन तमाम अटकलों के बीच इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर सरगरमी बढ़ी है. कांग्रेस के आला नेता राहुल गांधी, राजद के तेजस्वी यादव सहित राजद की पूरी टीम रांची में थी. सीट बंटवारे को लेकर इंडिया गठबंधन में दिनभर मंथन हुआ. फिलहाल सहमति बनी है कि झामुमो के खाते में 41 से 42 सीटें जा सकती है. वहीं, कांग्रेस 28-29 सीटों पर चुनाव लड़ेगी. वहीं वाम दलों को चार सीटें मिल सकती है. माले को बगोदर, निरसा और राजधनवार या सिंदरी मिल सकता है. वहीं सीपीआइ को भी एक सीट देने की चर्चा है. गठबंधन में राजद को पांच से छह सीट देने की तैयारी है।

झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन 81 सीटों पर मिलकर चुनाव लड़ेगा। हम 81 सीट पर जेएमएम, कांग्रेस और राजद मिलकर चुनाव लड़े थे। इस गठबंधन में नये सहयोगी भी शामिल हुए. हैं। अब लेफ्ट पार्टी की भी भूमिका होगी. इस चुनाव में पहले चरण की बातें हुई हैं. 70 सीटों पर कांग्रेस और जेएमएम लड़ेंगे. बचे हुए सीट पर सहयोगी लड़ेंगे. कौन कहां से लड़ेगा, उसका फैसला बाद में होगा। महाराष्ट्र में सपा हो या उद्धव ठाकरे की शिवसेना या एनसीपी यदि जरा भी हठधर्मी दिखाते हैं तो यहां भाजपा की जीत का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा। इंडिया गठबंधन हरियाणा विधानसभा चुनाव में गर्म दूध से जल चुका है ,इसलिए उसे अब महाराष्ट्र और झारखण्ड में छाछ भी फूंक-फूंककर पीना चाहिए। जल्दबाजी में जबान जलने का खतरा बना ही रहेगा। आज की स्थिति में विपक्ष के पाँव अपनी ताकत बढ़ाने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है ,क्योंकि अब 'मोदी हटाओ' का नारा तो 2029 में ही लगाया जा सकेगा। विपक्ष यदि अगले आम चुनाव तक एक न रहा तो भाजपा के लिए तमाम क्षेत्रीय दलों को समाप्त करना आसान हो जाएगा। 2029 अभी बहुत दूर है। इसलिए सभी को आज की बात करना चाहिए, सुनना चाहिए।

▪ राकेश अचल

# जहरीली होती हवा से गहराता सांसों का संकट



ललित गर्ग

**अभी से दिल्ली की आबोहवा बच्चों और बुजुर्गों के लिए विशेष रूप से खतरनाक होने लगती है। दिल्ली की हवा में उच्च सांद्रता है, जो बच्चों को सांस की बीमारी और हृदय रोगों की तरफ धकेल रही है। शोध एवं अध्ययन में यह भी पाया गया है कि यहां रहने वाले 75.4 फीसदी बच्चों को घुटन महसूस होती है। 24.2 फीसदी बच्चों की आंखों में खुजली की शिकायत होती है। सर्दियों में बच्चों को खांसी की शिकायत भी होती है। बुजुर्गों का स्वास्थ्य तो बहुत ज्यादा प्रभावित होता ही है। सर्दियों के मौसम में हवा में घातक धातुएं होती हैं, जिससे सांस लेने में दिक्कत आती है।**

दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में अभी दीपावली आने में कुछ दिन है, उससे पहले ही जहरीली हवा एवं वायु प्रदूषण से उत्पन्न दमघोटू माहौल का संकट जीवन का संकट बनने लगा हैं और जहरीली होती हवा सांसों पर भारी पड़ने लगी है। एयर क्वालिटी इंडेक्स यानी एक्यूआइ बहुत खराब की श्रेणी में पहुंच चुका है। दिल्ली में औसत एक्यूआइ 293 पहुंच गया है। दिल्ली के अनेक क्षेत्रों में यह अभी से 300 पार जा चुका है। अतीत का अनुभव बताता है कि आने वाले दिनों में यह और बढ़ेगा। बढ़ते वायु प्रदूषण से जनता की सांसों पर गहराते संकट के समाधान के लिए सरकार के पास विभिन्न चरणों में लगाए जाने वाले प्रतिबंधों के अलावा कोई योजना नजर नहीं आती। दिल्ली सरकार जो भी तर्क दें, पर हकीकत यही है कि लोगों का दम घुटेगा, बच्चों एवं बुजुर्गों के सामने बड़ा संकट खड़ा होगा, अगर दिल्ली सरकार सचमुच इससे पार पाने को लेकर गंभीर नहीं हैं, वह गंभीर होती तो पहले से कोई ठोस योजना बनाती। दिल्ली के वायु प्रदूषण एवं हवा के जहरीले होने में पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों द्वारा जलाई जाने वाली पराली का बड़ा योगदान बताया जाता है। उससे निपटने के प्रयासों के दावे भी राज्य सरकारों द्वारा किए जाते हैं पर वांछित परिणाम नजर नहीं आते। वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए बना आयोग भी जिम्मेदारी के निर्वाह में नाकाम नजर आता है।

प्रश्न है कि पिछले कुछ सालों से लगातार इस महासंकट से जूझ रही दिल्ली को कोई समाधान की रोशनी क्यों नहीं मिलती। सरकारें एवं राजनेता एक दूसरे पर जिम्मेदारी ठहराने की बजाय समाधान के लिये तत्पर क्यों नहीं होते? वैसे प्रदूषण कम करने और दिल्ली सहित देश के अन्य महानगरों-नगरों को रहने लायक बनाने की जिम्मेदारी केवल सरकारों की नहीं है, बल्कि हम सबकी है। हालांकि लोगों को सिर्फ एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभानी है, एंटीडस्ट अभियान भी निरन्तर चलाया जाना चाहिए। लोगों को खुद भी पूरी सतर्कता बरतनी होगी। लोगों को खुली जगह में कूड़ा नहीं फैंकना चाहिए और न ही उसे जलाया जाए। वाहनों का प्रदूषण लेवल चैक करना चाहिए। कोशिश करें कि हम निजी वाहनों का इस्तेमाल कम से कम करें और सार्वजनिक वाहनों का उपयोग करें। प्रदूषण से ठीक उसी प्रकार लड़ना होगा जैसे एक नन्हा-सा दीपक गहन अंधेरे से लड़ता है। छोटी औकात, पर अंधेरे को पास नहीं आने देता। क्षण-क्षण अग्नि-परीक्षा देता है। पर हां! अग्नि परीक्षा से कोई अपने शरीर पर फूस लपेट कर नहीं निकल सकता।

सुप्रीम कोर्ट राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण को लेकर कठोर टिप्पणियां करने के साथ सरकार को कठोर एवं प्रभावी कदम उठाने के लिये जागरूक करती रही है। हाल ही सुप्रीम कोर्ट ने पराली जलाने से रोकने में पंजाब सरकार की नाकामी पर सख्त टिप्पणी भी की। पंजाब और दिल्ली, दोनों ही राज्यों में आम



आदमी पार्टी की सरकारें हैं, इसलिए यह आप और भाजपा के बीच राजनीतिक आरोप प्रत्यारोप का मुद्दा भी बनता रहता है। ध्यान रहे कि पंजाब और दिल्ली के बीच स्थित राज्य हरियाणा में भाजपा की सरकार है। उत्तर प्रदेश में भी भाजपा सरकार है, जिसके पश्चिमी क्षेत्र के किसानों पर पराली जलाने का आरोप लगता रहता है। आम आदमी की सेहत ही नहीं, जीवन से भी जुड़े इस जानलेवा मुद्दे पर राजनीति नहीं, बल्कि ठोस समाधान की राह निकलनी चाहिए। हमारे राजनीति दल संवेदनहीन नहीं बल्कि संवेदनशील बने। दीपावली पर आतिशबाजी न हो, इसके लिये व्यापक प्रयत्न किये जाये। क्योंकि पटाखे जलाने से न केवल बुजुर्गों बल्कि बच्चों के जीवन पर खतरनाक प्रभाव पड़ने और अनेक रोगों के पनपने की संभावनाएं हैं। आम जनता की जिंदगी से खिलवाड़ करने वाली पटाखे जलाने की भौतिकतावादी मानसिकता को विराम देना जरूरी है। प्रदूषण मुक्त पर्यावरण की वैश्विक अभिधारणा को मूर्त रूप देने के लिये इको फ्रेंडली दीपावली मनाने की दिशा में पिछले कुछ सालों में कई पायदान हम ऊपर चढ़े हैं, एक सकारात्मक वातावरण बना। लेकिन पटाखों से ज्यादा खतरनाक हैं पराली का प्रदूषण। पराली आज एक राजनीतिक प्रदूषण बन चुका है।

तमाम बंदीशों एवं चेतावनियों के दीपावली की रात आतिशबाजी जमकर होती है, इसके कारण पिछले साल अगले दिन वायु प्रदूषण 999 के बेहद खतरनाक स्तर पर पहुंच गया था। यह आम आदमी की सेहत, खासकर बुजुर्गों और बच्चों के लिए कितना खतरनाक साबित हो सकता है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि 401 से 500 तक के एक्यूआइ को ही 'गंभीर' एवं खतरनाक माना जाता है। वायु प्रदूषण से जुड़े आंकडे हमें बार-बार सतर्क एवं सावधान करने के साथ डराते भी है। यह डराने वाला ही आंकड़ा है कि भारत में हर साल वायु प्रदूषण से 20 लाख मौतें होती हैं। देश में होने वाली मौतों का यह पांचवां बड़ा कारण है। दिल्ली-एनसीआर के वायु प्रदूषण में पराली और पटाखों की ही तरह वाहनों एवं भवन-निर्माण से जुड़ा प्रदूषण भी खतरनाक होता है। भू-विज्ञान मंत्रालय के एक रिसर्च के अनुसार वायु निर्माण में 41 प्रतिशत हिस्सेदारी वाहनों की रहती है। भवन निर्माण आदि से उड़नेवाली धूल 21.5 प्रतिशत के दूसरे स्थान पर है। दिल्ली परिवहन विभाग के आंकड़े के मुताबिक पिछले 30 साल में वाहन और उनसे होने वाला प्रदूषण तीन गुणा बढ़ गया है। फिर भी सार्वजनिक यातायात व्यवस्था को बेहतर और विश्वसनीय बनाने की दिशा में कुछ खास नहीं किया गया।

इस विषम एवं ज्वलंत समस्या से मुक्ति के लिये हर राजनीतिक दल एवं सरकारों को संवेदनशील एवं अन्तर्दृष्टि-सम्पन्न बनना होगा। क्या हमें किसी चाणक्य के पैदा होने तक इन्तजार करना पड़ेगा, जो जड़ों में मठ्ठा डाल सके।... नहीं, अब तो प्रत्येक राजनीतिक मन को चाणक्य बनना होगा। तभी विकराल होती वायु प्रदूषण की समस्या से मुक्ति मिलेगी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार दिल्ली के प्रदूषण में पराली के धुएं की हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत के आसपास है। अभी से हर दिन पराली जलाने की घटनाएं दर्ज होने लगी है। क्या इसे रोकना वाकई इतना कठिन है? आखिर दिल्ली, पंजाब के साथ केंद्र सरकार इसके लिए क्या कर रही है कि किसान पराली न जलाएं? सच यह है कि इसके लिए कोई प्रभावी कोशिश हो ही नहीं रही है। किसानों से बात करने का साहस कोई भी सरकार नहीं दिखा रही है। ऐसा माहौल बना दिया गया है, मानो खेती के नाम पर कुछ भी करने की छूट है। इसका कारण राजनीतिक ही है। कोई किसान है, इसका यह अर्थ नहीं कि उसे वातावरण को दमघोंटू बनाने एवं लोगों के जीवन को संकट में डालने का अधिकार है।

अभी से दिल्ली की आबोहवा बच्चों और बुजुर्गों के लिए विशेष रूप से खतरनाक होने लगती है। दिल्ली की हवा में उच्च सांद्रता है, जो बच्चों को सांस की बीमारी और हृदय रोगों की तरफ धकेल रही है। शोध एवं अध्ययन में यह भी पाया गया है कि यहां रहने वाले 75.4 फीसदी बच्चों को घुटन महसूस होती है। 24.2 फीसदी बच्चों की आंखों में खुजली की शिकायत होती है। सर्दियों में बच्चों को खांसी की शिकायत भी होती है। बुजुर्गों का स्वास्थ्य तो बहुत ज्यादा प्रभावित होता ही है। सर्दियों के मौसम में हवा में घातक धातुएं होती हैं, जिससे सांस लेने में दिक्कत आती है। हवा में कैडमियम और आर्सेनिक की मात्रा में वृद्धि से कैंसर, गुर्दे की समस्या और उच्च रक्तचाप, मधुमेह और हृदय रोगों का खतरा बढ़ जाता है। इसमें पराली के प्रदूषण से घातकता कई गुणा बढ़ जाती है। पटाखों का प्रदूषण उससे भी घातक है। 300 से अधिक एक्यूआइ वाले शहरों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रहने वाले सांस के रूप में जहर खींचने को क्यों विवश है, इसके कारणों पर इतनी बार चर्चा हो चुकी है कि उन्हें दोहराने की आवश्यकता नहीं।

# शांति-अमन के आकाश की कल्पना और वैश्विक युद्ध का तीसरा मोर्चा उत्तरी कोरिया

क्या संयुक्त राष्ट्र संघ और एमनेस्टी इंटरनेशनल की भूमिका बेमानी हो गई हैं। क्या मानवीय संवेदनाओं की आशाएं निर्मूल साबित हो रही हैं। वैश्विक शांति और अमन की कल्पनाओं से परे वैश्विक युद्ध की



स्वाती वर्मा

आशंका में उत्तर कोरिया ने भी अपना मोर्चा खोल दिया है।उत्तर कोरिया की आधिकारिक न्यूज़ एजेंसी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी के अनुसार दक्षिण कोरिया और उत्तर कोरिया के बीच अब तनाव बढ़ने लगा हैद्य उत्तर कोरिया में दक्षिण कोरिया के सामरिक एवं महत्वपूर्ण ड्रोन का उत्तर कोरिया के हवाई क्षेत्र में सर्वे करने के दौरान उत्तर कोरिया ने इसे चिन्हित कर अपनी संप्रभुता की सीमाओं पर हमला करार किया है और स्पष्ट रूप से कह दिया है कि यदि दक्षिण कोरिया अपने ड्रोन इसी तरह उत्तर कोरिया की सीमा पर भेजेगा तो उत्तर कोरिया इसे अपने पर हमला मानेगा और इसका मुंह तोड़ जवाब देने के लिए उत्तर कोरिया तैयार है ।उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया पर बड़े हमले की चेतावनी भी दे डाली है। इन परिस्थितियों में विश्व में चल रहे रूस यूक्रेन युद्ध तथा इसराइल हमास लेबनान ईरान युद्ध के अलावा उत्तर कोरिया ने हमले की धमकी देकर एक नये युद्ध का मोर्चा खोल दिया हैद्य यह तो सर्व विदित है कि उत्तर कोरिया का तानाशाह किम जोंग-उन एक सनकी तानाशाह है और अमेरिका पर परमाणु युद्ध के हमले की गाहे-बगाहे धमकियां भी दिया करता हैद्य उत्तर कोरिया दक्षिण कोरिया की किसी भी हिमाकत पर उस पर हमला कर सकता हैद्य उधर रूस यूक्रेन युद्ध को 2 वर्ष पूरे हो चुके है कई प्रभावशाली प्रयासों के बाद भी युद्ध रुकने का नाम नहीं ले रहा है रूस के व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन



के व्लादिमीर जेलेन्स्की हास्य कलाकार होने के बावजूद यूक्रेन के लिए त्रासदी के नायक बन गए हैं। दोनों देशों में हजारों नागरिक एवं सैनिक मारे जा चुके हैं इसके अलावा अरबों डॉलर की संपत्ति का भारी नुकसान भी हुआ है । इसराइल हमास लेबनान तथा ईरान के मध्य युद्ध अपने पूरे शबाब पर है। इजरायल के आतंकवादी समूह हिज्बुल्लाह के कमांडर याह्या सिंनवार को रॉकेट लांचर से मार देने के बाद इसके जवाब में लेबनान से इजरायल के सिरोसिया शहर में जहां इसराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू का आधिकारिक निवास है में लगभग 55 रॉकेट लांचर दागे थे इसराइल के प्रधानमंत्री और उनकी पत्नी सारा घर से बाहर होने के कारण पूरी तरह सुरक्षित हैं। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामनेई ने अपने बयान में बताया की इस तरह के और हमले अभी जारी रहेंगे। पूरा विश्व इस समय विश्व युद्ध की कगार पर है और यदि उत्तर तथा दक्षिण कोरिया के मध्य युद्ध होता है तो निश्चित तौर पर अमेरिका साउथ कोरिया की तरफ से एवं रूस,चीन नॉर्थ कोरिया की तरफ से इस युद्ध में शामिल हो सकते हैं। पूरा विश्व दो भागों में बट गया है एक तरफ रूस,चीन, नॉर्थ कोरिया, पाकिस्तान तथा पश्चिम एशिया के देश होंगे तथा दूसरी तरफ अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, कनाडा, इजरायल तथा अन्य देश के युद्ध में शामिल होने की संभावना बलवती हो रही हैद्य भारत लगातार रूस-यूक्रेन, इसराइल-हमास युद्ध को रोकने के लिए प्रयासरत है और इस प्रयास के अंतर्गत भारत के प्रधानमंत्री ने रूस तथा यूक्रेन की आधिकारिक यात्राएं भी की है। परंतु दोनों देशों के राष्ट्रपतियों के अडियल रवैये के कारण शांति वार्ता संभव नहीं हो पाई, परंतु जैसा पुतिन ने अपने वक्तव्य में बताया की रूस यूक्रेन के साथ युद्ध विराम शांतिपूर्वक तरीके से करना चाहता है पर यूक्रेन इस वार्ता से पीछे हटकर अमेरिका तथा नाटो देशों के दम पर इनकार कर दिया हैद्य रूस यूक्रेन युद्ध से अमेरिका रूस का बड़ा विरोधी बनकर लगभग 15 साल पीछे जा चुका है एवं उसकी मुद्रा डॉलर की कीमत भी अब वैश्विक स्तर पर काम होते जा रही है। रूस के नुकसान के साथ-साथ अमेरिका को भी काफी आर्थिक क्षति उठानी पड़ी हैद्य पुतिन ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे हमेशा रूस के लिए और शांति प्रयासों के लिए फिक्रमंद रहते हैं यह यह तथ्य वैश्विक शांति के लिए एक महत्वपूर्ण कदम भी है और भारत के प्रधानमंत्री को उन्होंने रूस आमंत्रित भी किया है। पूरी दुनिया वैश्विक युद्ध के परिणाम से अच्छे तरह से वाकिफ है पूर्व के विश्व युद्ध में जापान के नागाशाकी तथा हिरोशिमा की भयानक मानवीय त्रासदी को हर देश के नागरिक अच्छे से महसूस करते हैं। अतः विश्व युद्ध को हर संभव प्रयासों से रोका जाना चाहिए अन्यथा विश्व युद्ध मानवता के विकास के लिए एक बडा अवरोध और विनाशक होगी।

*लेखक, चिंतक एवं स्तंभकार हैं।*

# अस्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थ तबाही मचा रहे हैं



विजय गर्ग

**अंततः ऐसे सभी हानिकारक रसायन धीरे-धीरे हमारी खाद्य श्रृंखला में प्रवेश कर जाते हैं। परिणामस्वरूप हमने पाया है कि अधिकतर लोग बहुत सी एलर्जी प्रतिक्रियाओं और अन्य स्वास्थ्य बीमारियों से पीड़ित हैं। इसके विपरीत हम इन प्रतिक्रियाओं और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए विभिन्न प्रकार के एंटीबायोटिक दवाओं का उपयोग करते हैं। और वो एलोपैथिक दवाइयां हमारे लिए और भी मुसीबत खड़ी कर रही हैं।**

भोजन इस ग्रह पर प्रत्येक व्यक्ति की मूलभूत आवश्यकता है। हमें अपने भोजन से ऊर्जा और आवश्यक सूक्ष्म और स्थूल पोषक तत्व मिलते हैं। लेकिन आजकल यह बुनियादी आवश्यकता इसकी सामग्री में विभिन्न प्रकार की मिलावट से ग्रस्त है। हम अपनी खाद्य श्रृंखला में अपनी अज्ञानता या अपनी मजबूरी के कारण बहुत सारे कीटनाशकों, कीटनाशकों और अन्य प्रकार के खरपतवारनाशी रसायनों का लगातार उपयोग कर रहे हैं। क्योंकि आजकल विभिन्न प्रकार के कीटों से छुटकारा पाने के लिए हमारी वनस्पतियों और अन्य खाद्य पदार्थों में इस प्रकार के रसायनों का उपयोग करना बहुत अनिवार्य हो गया है। इसमें कोई संदेह नहीं कि ऐसे कीटनाशक हमारी वनस्पति के लिए, उनकी अधिकतम उपज और सुरक्षा के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। लेकिन एक कहावत है कि अति हर चीज की बुरी होती है। ऐसे रसायनों का उपयोग करने की हमारी अति निर्भरता की आदत हमारे लिए विनाश पैदा कर रही है। क्योंकि हम जानते हैं कि अंततः ये हानिकारक रसायन प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से हमारी खाद्य श्रृंखला में प्रवेश कर जाते हैं। आजकल हम विभिन्न प्रकार के हानिकारक खरपतवारों और अवांछित घास के उन्मूलन के लिए अक्सर कीटनाशकों का उपयोग कर रहे हैं। यहां तक कि मक्का और गेहूं जैसी हमारी मुख्य फसलों में भी हम उचित उपज प्राप्त करने के लिए हर साल लगातार ऐसे कीटनाशकों का उपयोग कर रहे हैं। यहां तक कि हमारी सब्जियों और फलों में भी बहुत सारे रसायन और संरक्षक होते हैं। हमारे बाजार पूरे



वर्ष हर प्रकार के फलों और सब्जियों से भरे रहते हैं। यहां तक कि हम पूरे वर्ष अपने बाजारों से बेमौसमी फल और सब्जियां भी प्राप्त करते हैं। हालाँकि हम आम तौर पर इन खाद्य पदार्थों को उनके उपभोग से पहले धोते हैं। लेकिन इन रसायनों का कुछ प्रतिशत आम तौर पर इन खाद्य पदार्थों में निहित होता है। अंततः ऐसे सभी हानिकारक रसायन धीरे-धीरे हमारी खाद्य श्रृंखला में प्रवेश कर जाते हैं। परिणामस्वरूप हमने पाया है कि अधिकतर लोग बहुत सी एलर्जी प्रतिक्रियाओं और अन्य स्वास्थ्य बीमारियों से पीड़ित हैं। इसके विपरीत हम इन प्रतिक्रियाओं और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए विभिन्न प्रकार के एंटीबायोटिक दवाओं का उपयोग करते हैं। और वो एलोपैथिक दवाइयां हमारे लिए और भी मुसीबत खड़ी कर रही हैं।

हम इस कहर से कैसे छुटकारा पाएं, ये हम सभी के लिए ज्वलंत मुद्दा है। हमारा मानना है कि इस खतरे **का सबसे प्रशंसनीय** समाधान जैविक उत्पादों और खाद्य पदार्थों का उपयोग है। जैविक खेती के प्रयोग से हम इन रसायनों के दुष्प्रभाव से छुटकारा पा सकते हैं। हालाँकि, जैविक खेती में हमें वांछित और पर्याप्त मात्रा में फसल की पैदावार नहीं मिल पाती है। लेकिन, यह हमें कई स्वास्थ्य लाभ दे सकता है। हमारे लिए केवल दो ही विकल्प उपलब्ध हैं, यदि हम ऐसे रसायनों का उपयोग करते हैं तो हमें अधिक उत्पादन मिलेगा और यदि हम जैविक खेती का उपयोग करते हैं तो हमें कम उत्पादन मिलेगा लेकिन शुद्ध और स्वच्छ। विकल्प हमारा है, लेकिन हम अपने स्वास्थ्य के साथ समझौता नहीं कर सकते। अस्वास्थ्यकर और मिलावटी खाद्य पदार्थों की चाहत में। ये हानिकारक रसायन धीरे-धीरे भूजल और हमारी मिट्टी में प्रवेश करते हैं और इन प्राकृतिक संसाधनों की मूल बनावट और गुणवत्ता को प्रभावित करते हैं। हालाँकि ये हानिकारक रसायन न केवल इस धरती पर मनुष्यों के जीवन को प्रभावित कर रहे हैं, बल्कि अन्य निम्न प्राणियों पर भी विभिन्न प्रकार के प्रतिकूल प्रभाव डाल रहे हैं। इन रसायनों से अनेक लाभकारी सूक्ष्मजीव प्रभावित होते हैं। ऐसे हानिकारक उत्पादों के अत्यधिक उपयोग से विभिन्न अन्य निचले प्राणियों के आवास सहित हमारा पूरा पारिस्थितिकी तंत्र प्रभावित होता है। हमारी खाद्य श्रृंखला के इस डिज़ाइन को बदलने की तत्काल आवश्यकता है। अन्यथा आने वाले दिनों में इन रसायनों के कारण हमें और अधिक परेशानी होगी। कुल मिलाकर हम कह सकते हैं कि हमारे खाद्य उत्पादों में ऐसे रसायनों के अत्यधिक उपयोग के कारण होमोसेपियंस का जीवन धीरे-धीरे केमिकोसैपियंस में परिवर्तित हो रहा है। इस दिशा में जन जागरूकता की नितांत आवश्यकता है। हमारा कृषिविशेषज्ञ इस समस्या की गंभीरता को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं, वे हमारे किसानों को इस दिशा में अधिक सहज तरीके से मदद कर सकते हैं। हालाँकि वे पहले से ही इस दिशा में काम कर रहे हैं लेकिन वर्तमान समय में इस पर और अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। एक तरफ हम अपने स्वास्थ्य के लिए विभिन्न उपायों और योजनाओं को बढ़ावा दे रहे हैं तो दूसरी तरफ हम अस्वास्थ्यकर भोजन की इस धीमी विषाक्तता को प्राथमिकता दे रहे हैं।

## आज का इतिहास

भारतीय एवं विश्व इतिहास में 22 अक्टूबर की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं।

- 1867 » नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ कोलंबिया की आधारशिला रखी गयी।
- 1875 » अर्जेंटीना में पहले टेलीग्राफिक कनेक्शन की शुरुआत हुई।
- 1879 » ब्रिटिश शासन के खिलाफ पहला राजद्रोह का मुकदमा बसुदेव बलवानी फड़के के खिलाफ।
- 1883 » न्यूयार्क में ओपेरा हाउस का उद्घाटन हुआ।
- 1900 » भारत के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी अशफ़ाक़ उल्ला ख़ाँ का जन्म हुआ।
- 1937 » प्रसिद्ध हिन्दी फ़िल्म अभिनेता कादर खान का जन्म हुआ।
- 1962 » भारत की सबसे बड़ी बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजना 'भाखड़ा नांगल' राष्ट्र को समर्पित की गई।
- 1964 » फ्रांसीसी दार्शनिक और लेखक ज्यां पाल सार्त्र ने नोबेल पुरस्कार ठुकराया।
- 1975 » 'वीनस-9' अंतरिक्षयान का शुक्र ग्रह पर अवतरण।
- 2004 » अंकटाड रिपोर्ट के अनुसार विदेशों में निवेश में भारत 14वें स्थान पर।
- 2006 » अफगानिस्तान में अधिक नशीली दवाएँ जब्त की गईं।
- 2007 » चीनी राष्ट्रपति हू जिंताओ ने लगातार दूसरी बार सत्तारूढ़ चीनी कम्यूनिस्ट पार्टी की कमान सम्भाली।
- 2008 » इसरो ने भारत के पहले चंद्रयान मिशन चंद्रयान-1 का प्रक्षेपण किया। इस मिशन से चंद्रमा पर पानी के होने का पता लगा।
- 2014 » माइकल जेहाफ बिडायु ने ओटावा में कनाडा के संसद पर हमला किया, जिसमें एक सैनिक की मौत हो गयी और तीन अन्य घायल हो गये।
- 2016 » भारत ने कबड्डी विश्व कप जीता।

पब्लिक एशिया : पत्र पंजीकरण संख्याः UPHIN/2013/52076, स्वामी मुकेश वत्स के लिए मुद्रक, प्रकाशक, शालिनी श्रीवास्तव ने पब्लिक एशिया प्रेस, प्लाट नो. 14, खसरा नो. 3701, अमौसी, सरोजनी नगर, लखनऊ, 226008 (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित व प्रकाशित कराया है। स्वाति वर्मा (संपादक), संपादकीय कार्यालयः पब्लिक एशिया प्रेस, प्लाट नो. 14, खसरा नो. 3701, अमौसी, सरोजनी नगर, लखनऊ, 08 (उत्तर प्रदेश), Mob. 9891945513, 8588891302, Website-www.publicasia.in, E-mail ID: publicasi-aup@gmail.com, इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होगें। वैधानिक सूचना-पाठकों को सलाह दी जाती है की किसी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में पूरी तरह उपयुक्त जांच- पड़ताल कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त विज्ञापन के बारे में किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# डॉ भीमराव अंबेडकर स्टेडियम अमेठी में निर्माणाधीन कबड्डी हाल व जिम का किया निरीक्षण





**पब्लिक एशिया ब्यूरो**

**अमेठी।** मा. राज्य मंत्री खाद एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश/जनपद प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा जी ने आज अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी, कान्हा गौशाला अमेठी, ग्राम पंचायत भरथी लोनियापुर में प्राथमिक विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्र तथा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम अमेठी में निर्माणाधीन कबड्डी हाल व जिम का स्थलीय निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

सर्वप्रथम मा. प्रभारी मंत्री जी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी का निरीक्षण किया यहां पर उन्होंने एक्सरे रूम, नेत्र परीक्षण कक्ष, डिस्पेंसरी सहित अन्य वार्डों का निरीक्षण किया तथा अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित किया एवं उनसे स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

इस दौरान मा. प्रभारी मंत्री जी ने प्रधानमंत्री आयुष्मान केंद्र का भी निरीक्षण किया तथा उपस्थित चिकित्सकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए एवं कहा कि मरीजों का बेहतर उपचार किया जाए।

इसके उपरांत मा. प्रभारी मंत्री जी ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में निर्माणाधीन कबड्डी हाल व जिम का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा बैडमिंटन हाल में कबड्डी व फुटबॉल प्रतियोगिता में चैंपियन बच्चों को ट्रॉफी व स्पोर्ट किट का वितरण किया। इसके उपरांत उन्होंने कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया यहां पर उन्होंने निराश्रित गोवंशों को पकड़ने के लिए कैटल कैचर को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा गौशाला में मौजूद गोवंशों को गुड़ व केला खिलाया वहीं पर मा. प्रभारी मंत्री जी ने मुख्यमंत्री सहभागिता योजना अंतर्गत एक लाभार्थी को गाय देकर अच्छादित किया एवं संबंधित अधिकारियों से गौशाला में पर्याप्त मात्रा में हरा चारा, भूसा, पशु आहार, स्वच्छ पेयजल, गोवंशों की ईयरटैगिंग, चिकित्सीय उपचार सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।


इसके उपरांत मा. प्रभारी मंत्री जी ने ग्राम पंचायत भरथी लोनियापुर में आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई करने के साथ ही 6 माह के बच्चों को प्रथम बार अन्नप्राशन कराया वहीं पर उन्होंने प्राथमिक विद्यालय का भी निरीक्षण कर निपुण योजना के तहत बच्चों को स्टडी किट का वितरण किया तथा अध्यनरत बच्चों से शिक्षा के बारे में जानकारी ली एवं बच्चों से कविताएं आदि भी सुना एवं उपस्थित अध्यापकगणों को बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ ही शासन द्वारा दी जा रही सभी सुविधाओं का लाभ देने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मा. जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, उपजिलाधिकारी अमेठी आशीष सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, जिलाध्यक्ष भाजपा राम प्रसाद मिश्र, जिला उपाध्यक्ष भाजपा भवानी दत्त दीक्षित, बीएसए संजय तिवारी, डीपीओ आईसीडीएस संतोष श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# वनटांगिया समुदाय को दिवाली के पहले बड़ा तोहफा देगी योगी सरकार

## सीएम योगी के 'जीरो पॉवर्टी' संकल्प के तहत गोण्डा में आयोजित होगा वनटांगिया महोत्सव 2.0

**पब्लिक एशिया ब्यूरो**



**लखनऊ/गोंडा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'जीरो पॉवर्टी' विजन के तहत, इस वर्ष गोंडा जिला प्रशासन द्वारा वनटांगिया महोत्सव 2.0 के रूप में महेशपुर और रामगढ़ गांवों के वनटांगिया समुदाय के परिवारों को दिवाली का विशेष तोहफा प्रदान किया जाएगा। आगामी 27 अक्टूबर को आयोजित इस महोत्सव का उद्देश्य वनटांगिया समुदाय के लोगों को न केवल त्योहार की खुशियां बांटना है, बल्कि उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाना और गरीबी उन्मूलन की दिशा में ठोस कदम उठाना है।

**ग्रामीणों को दिवाली का तोहफा**

वनटांगिया महोत्सव 2.0 के तहत, महेशपुर और रामगढ़ के सभी परिवारों को दैनिक जीवन में काम आने वाली वस्तुएं, कपड़े और अन्य आवश्यक सामग्री उपहार के रूप में दी जाएगी। मुख्यमंत्री के जीरो पॉवर्टी विजन के अनुरूप, यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को आत्मनिर्भर बनाने और गरीबी उन्मूलन की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देना है, ताकि वे अपनी आर्थिक स्थिति को सुधार सकें और दीपावली को सम्मान और खुशी के साथ मना सकें। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि महोत्सव की सभी गतिविधियां सुचारू रूप से संपन्न हों और इसका लाभ हर गांववासी को मिले।

**स्वास्थ्य और स्वच्छता शिविर का होगा आयोजन**

24 और 25 अक्टूबर 2024 को महोत्सव के दौरान विशेष स्वच्छता अभियान और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत गांववासियों को स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाएगा। स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और साफ-सफाई के महत्व को समझाते हुए, इस अभियान का उद्देश्य लोगों के जीवन स्तर में सुधार और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में, गांववासियों के लिए एक मेडिकल कैंप का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें नेत्र परीक्षण सहित अन्य जरूरी स्वास्थ्य जांच की सुविधाएं मुफ्त में उपलब्ध कराई जाएंगी। विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर ध्यान दिया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीणों की स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान करना और उन्हें बेहतर जीवन प्रदान करना है।

**आयोजन को सफल बनाने के लिए प्रशासन ने की तैयारी**

वनटांगिया महोत्सव के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी और खंड विकास अधिकारी नवाबगंज को आयोजन की जिम्मेदारी दी गई है। वे यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी सेवाएं सही समय पर गांववासियों तक पहुंचें, जिससे मुख्यमंत्री के 'जीरो पॉवर्टी' विजन को साकार किया जा सके।

**मुख्यमंत्री के विजन के तहत जीवन स्तर में सुधार**

गोंडा की जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कहा कि वनटांगिया महोत्सव की शुरुआत पिछले वर्ष 2023 में हुई थी, और इस वर्ष भी हम इसे मुख्यमंत्री के 'जीरो पॉवर्टी' विजन के तहत आगे बढ़ा रहे हैं। हमारा उद्देश्य केवल उपहार देना नहीं है, बल्कि गांववासियों के जीवन स्तर को बेहतर करना और उन्हें स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। महोत्सव के माध्यम से गांववासियों को बेहतर सेवाएं और सुविधाएं दी जाएंगी, ताकि वे स्वस्थ और आत्मनिर्भर बन सकें।

# सैनी समाज के लोगों ने कैराना तहसील पर किया धरना प्रदर्शन

## झाडखेडी में हुई लाखों की चोरी का खुलासा न होने पर आक्रोश




**पब्लिक एशिया ब्यूरो**

**कैराना।** कैराना के गांव झाडखेडी में हुई लाखों की चोरी का खुलासा न होने पर सैनी समाज के लोगों ने सोमवार को कैराना तहसील पर प्रदर्शन किया तथा डीएम से चोरी का जल्द खुलासा कर जेवरात, नकदी व लाइसेंसी बंदूक बरामद किए जाने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार सोमवार को सैनी समाज के दर्जनों लोगों ने कैराना क्षेत्र के गांव झाडखेडी निवासी अवधेश कुमार सैनी के मकान में हुई चोरी का खुलासा न होने पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कैराना तहसील पर धरना शुरू कर दिया। समाज के लोगों ने बताया कि 9/10 अगस्त की रात को अवधेश के मकान में अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये के जेवरात, 40 हजार की नकदी व लाइसेंसी बंदूक चोरी कर ली थी। पीडित ने इस संबंध में कैराना थाने पर मुकदमा भी दर्ज कराया था लेकिन पुलिस आज तक भी चोरी का खुलासा नहीं कर पाई है जिसके खिलाफ सर्व समाज ने 9 सितम्बर को झाडखेडी में धरना प्रदर्शन भी किया था जिसमें सीओ कैराना ने जल्द खुलासा करने का आश्वासन भी दिया था लेकिन इसके बावजूद भी आज तक चोरी का खुलासा नहीं हो पाया।

उन्होंने डीएम से गुहार लगायी कि चोरी के मामले का जल्द से जल्द खुलासा करते हुए आरोपितों को गिरफ्तार कर लाखों के जेवरात, नकदी व लाइसेंसी बंदूक को बरामद किया जाए। इस मौके पर दीपक सैनी, पहलसिंह सैनी, राकेश सैनी, घनश्याम सैनी, संजय सैनी, जगपाल, सुभाष सैनी, नरेन्द्र सैनी, पहलसिंह रोड, अवधेश कुमार सैनी, अरविन्द कुमार सैनी सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# मलिक मोहम्मद जायसी संयुक्त जिला चिकित्सालय में वन स्टाप सेन्टर द्वारा मनाया गया कन्या जन्मोत्सव

**पब्लिक एशिया ब्यूरो**





**अमेठी।** जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य ने बताया कि मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 सरकार के निर्देशानुसार जनपद में महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा, सशक्तिकरण व सम्मान हेतु ''मिशन शक्ति'' अभियान 03 अक्टूबर 2024 से चलाया जा रहा है, जिसके तहत महिला कल्याण विभाग, जिला प्रोबेशन अधिकारी अमेठी द्वारा आज दिनांक 21 अक्टूबर 2024 को मिशन शक्ति, विशेष अभियान फेज-5 व बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना के अन्तर्गत जनपद के मलिक मोहम्मद जायसी संयुक्त जिला चिकित्सालय गौरीगंज में वन स्टाप सेन्टर अमेठी के द्वारा कन्या जन्मोत्सव मनाया गया। इस क्रम में उन्होंने बताया कि बालिकाओं को जन्म देने वाली 07 माताओं को सम्मान पत्र व बेबी किट देकर सम्मानित किया गया, इसके अतिरिक्त जन जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड/सामान्य), बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, वन स्टाप सेन्टर योजना, चाइल्ड हेल्प लाइन योजना व मिशन शक्ति योजना के बारे में विस्तार से परिचर्चा की गयी तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार के हेल्पलाइन नम्बरों यथा 1090-वीमेन पावर लाइन, 181-महिला हेल्पलाइन, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड हेल्प लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा एवं 108-एम्बुलेंस सेवा के बारे में बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर जिला अस्पताल के चिकित्सक, वन स्टाप सेन्टर की सेन्टर मैनेजर गायत्री देवी सहित वन स्टाप सेन्टर की टीम उपस्थित रही।

# सभी प्रस्तावों को शासन के पास स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा: अरविन्द संगल

**पब्लिक एशिया ब्यूरो**





**शामली।** नगर पालिका शामली की सोमवार को हुई बोर्ड बैठक में शहर के विकास के लिए करोडों रुपये के प्रस्तावों को हरी झंडी दी गयी। बोर्ड बैठक में सभासदों ने अपने-अपने वार्डों में विभिन्न समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया। सभी प्रस्तावों को शासन के पास स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा, स्वीकृति के उपरांत ही विकास कार्य प्रारंभ हो सकेंगे।

जानकारी के अनुसार सोमवार को नगर पालिका परिषद सभागार हाल में पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया। बोर्ड बैठक में 25 में से 24 सभासद मौजूद रहे। बैठक में अधिशासी अधिकारी रामेन्द्र सिंह ने जून 2024 से सितम्बर 2024 तक के आय-व्यय के आंकडे पेश किए जिसमें आय 6 करोड 37 लाख 73 हजार 741 रुपये जबकि व्यय 11 करोड 73 लाख 33 हजार 542 रुपये बोर्ड द्वारा सर्वसम्मति से पारित किए गए। पालिका चेयरमैन ने बताया कि मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के नाम से नगर विकास विभाग नई योजना लेकर आया है जिसका खाका नगर पालिका द्वारा तैयार कर लिया गया है जिसमें शहर के 13 कार्यों जिसमें कार्यालय भवन का निर्माण, डिजीटल पुस्तकालय, बारात घर, बहुउबारात घर, बहुउद्देश्यीय स्थल चिल्ड्रन पार्क, मनोरंजन पार्क, वेस्ट टू वंडर पार्क, टाउन हाल, घाट संरक्षण, कायाकल्प, बुक कैफे, हैरिटेज स्ट्रीट एवं भवन संरक्षण आदि के लिए 16 करोड 8 लाख 70 हजार रुपये का प्रस्ताव बोर्ड बैठक में सदन द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया।

इन सभी प्रस्तावों को सरकार द्वारा पास होने के बाद कार्य शुरू कराए जाएंगे। वार्ड सभासदों ने बताया कि वर्तमान में शामली नगर क्षेत्र में काफी विकास कार्य होने हैं, सीमा विस्तार के कारण शहर के विकास कार्य कराया जाना संभव नहीं हो सकेगा, इस कारण शामली सीमा विस्तार जिनमें 9 गांव शामिल किए गए हैं, को शामली सीमा में अभी न लिया जाए। बैठक में बताया गया कि शहर में कई नई कालोनियां विकसित हो रही है

उनमें भवन व प्रतिष्ठानों का निर्माण भी कराया जा चुका है लेकिन वह अभी तक नगर पालिका में दर्ज नहीं किए गए हैं,

इसलिए शामली बाहर हदूद क्षेत्र को शामली नगर पालिका सीमा में समायोजित किया जाए तथा सर्वे कराकर उन सभी पर भवन एवं जलकर निर्धारित किया जाए।

वार्ड सभासदों ने अपने-अपने वार्डों में दीपावली पर्व को लेकर प्रकाश की व्यवस्था करने सहित अन्य समस्याओं से भी अवगत कराया।

बैठक में हाजी साजिद, अजित निर्वाल, नीरज, अरविन्द खटीक, राजीव गोयल, फिरदौस, सविता, अजय कुमार, स्नेह, प्रमोद कुमार, आशीष गुप्ता, पूजा, हसीन अंसारी, शाहिदा, अनिल उपाध्याय, निशिकांत संगल, तौहीद रहमानी आदि वार्ड सभासद भी मौजूद रहे।

# आपसी कहासुनी के बाद हिस्ट्रीशीटर की धारदार हथियारो से काटकर हत्या

**पब्लिक एशिया ब्यूरो**





**शामली।** झिंझाना क्षेत्र के गांव अलाउद्दीनपुर में आपसी विवाद के बाद एक हिस्ट्रीशीटर ने दूसरे हिस्ट्रीशीटर ने धारदार हथियार से प्रहार कर निर्मम हत्या कर दी तथा फरार हो गया। परिजनों की सूचना पर झिंझाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को कब्जे में ले लिया।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपित को आलाकत्ल के साथ गिरफ्तार कर लिया जबकि उसका पुत्र फरार है जिसकी तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार झिंझाना क्षेत्र के गांव अलाउद्दीनपुर निवासी 45 वर्षीय दरियाव सिंह रविवार की देर रात अपने घर के बाहर बैठा हुआ था, इसी दौरान उसका अपने पडौसी रवि पुत्र विजयपाल के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। थोडी ही देर में विवाद इतना बढा कि रवि ने कुल्हाडी से दरियाव सिंह पर हमला बोल दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। शोर शराबा होने पर परिजन मौके पर पहुंचे तो आरोपित रवि हथियार लहराते हुए फरार हो गया। परिजनों की सूचना पर झिंझाना थाना प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे तथा शव को कब्जे में ले लिया, वहीं सीओ कैराना अमरदीप मौर्य ने भी मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दूसरी ओर हिस्ट्रीशीटर की हत्या की सूचना पर एसपी रामसेवक गौतम भी गांव पहुंचे तथा परिजनों से मामले की जानकारी ली। एसपी ने कई टीमों का गठन करते हुए हत्यारोपी रवि को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के भी निर्देश दिए हैं। मृतक के भतीजे राकेश पुत्र पुजारी ने गांव के ही रवि व उसके पुत्र सुमित को नामजद करते हुए झिंझाना थाने पर तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपित रवि को आलाकत्ल कुल्हाडी के साथ गिरफ्तार कर लिया जबकि उसका पुत्र सुमित अभी फरार है जिसकी तलाश में दबिश दी जा रही है। सीओ कैराना अमरदीप मौर्य ने बताया कि दरियाव सिंह व रवि दोनों बैठकर शराब पी रहे थे, किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ। दरियाव सिंह व रवि दोनों ही हिस्ट्रीशीटर हैं। मुख्य आरोपित रवि को गिरफ्तार कर आलाकत्ल बरामद कर लिया गया है, वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों पर कार्रवाई के निर्देश

**पब्लिक एशिया ब्यूरो**



**शामली।** डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने प्रदूषण फेलाने वाले उद्योगों व शहर में कूडा जलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। डीएम ने निर्देश दिए कि शहर में जनित कूडे का निस्तारण सुरक्षित रूप से निर्धारित स्थल पर ही किया जाए तथा किसी भी दशा में एकत्र कूडे को न जलाया जाए, धूल को नियंत्रित करने के लिए कच्ची भूमि पर नियमित रूप से पानी का छिडकाव कराया जाए, वहीं प्रदूषण फैलाने वाली इकाईयों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाए। सोमवार को कलेक्ट्रेट में डीएम अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में वायु प्रदूषण नियंत्रण के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लैंडफिल साइटस व शहर के अन्य स्थानों पर कूडा जलाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें, साथ ही दोषियों से जुर्माना की वसूली भी की जाए। शहर में जनित कूडे का निस्तारण सुरक्षित रूप से निर्धारित स्थल पर ही कराया जाए तथा कूडे को अन्य स्थान पर ले जाने के लिए वाहन को कवर्ड करें। किसी भी दशा में कूडे को जलाया न जाए। डीएम ने निर्देश दिए कि सडकों पर उडने वाली धूल को नियंत्रित करने के लिए सडक किनारे कच्ची भूमि पर नियमित रूप से पानी का छिडकाव कराया जाए। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे उद्योगों का निरीक्षण करें तथा जो उद्योग प्रदूषण फैला रहा है उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। किसी भी दशा में उद्योगों, कोल्हुओं, ईंट भट्टों व अन्य इकाईयों में प्रतिबंधित ईंधन का प्रयोग न हो, यदि किसी उद्योग में प्रतिबंधित ईंधन का प्रयोग हो रहा है तो उसे तत्काल बंद कराया जाए। डीएम ने निर्देश दिए कि 10 वर्ष पुराने डीजल तथा 15 वर्ष पुराने पेट्रोल चालित वाहनों को जब्त किया जाए, साथ ही संवेदनशील स्थलों पर वाहनों के निर्बाध आवागमन करने के निर्देश दिए ताकि जाम के हालात पैदा न हो। उन्होंने किसानों को भी पराली न जलाए जाने के संबंध में जागरूक करने के निर्देश दिए। बैठक में क्षेत्रीय अधिकारी उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मुजफ्फरनगर अंकित सिंह, पर्यावरण अभियंता इमरान अली सहित पुलिस विभाग, अधिशासी अधिकारी व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# खैर विधानसभा में लोकदल उतारेगा प्रत्याशी

**एजेंसी**

**लखनऊ।** अलीगढ़ की खैर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिये लोकदल ने मैदान में उतरने की घोषणा की है। लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह ने सोमवार को दावा किया कि समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव तथा शिवपाल यादव से हुयी बातचीत के बाद तय हुआ है कि इंडिया गठबंधन की ओर से खैर विधानसभा सीट में लोकदल अपना प्रत्याशी उतारे।

उन्होने कहा कि खैर विधानसभा जाट बहुल्य क्षेत्र है और इस कारण लोकदल प्रत्याशी की जीत लगभग तय है।

सिंह ने बताया कि खैर विधानसभा सीट में होने वाले उपचुनाव में प्रत्याशी का नाम लोकदल की होने वाली बैठक में तय कर लिया जाएगा।

लोकदल के खैर विधानसभा पर चुनाव लड़ने के दावे के बाद कांग्रेस में असमंजस की स्थिति हो सकती है।

उत्तर प्रदेश की नौ सीटों पर उपचुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद सपा ने सात में अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है जिसके बाद गठबंधन के घटक दल होने के नाते कांग्रेस के खैर और गाजियाबाद शहर से लड़ने की अटकलें लगायी जाने लगी थीं। इस बारे में हालांकि सपा और कांग्रेस की ओर से कोई प्रतिक्रिया अब तक नहीं मिल सकी है।

# असली रुपयों की जगह रद्दी थमाने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**पब्लिक एशिया ब्यूरो**





**शामली।** कांधला पुलिस ने बैंक में रुपये जमा करने के दौरान एक व्यक्ति से धोखाधडी कर असली रुपये हडपकर रुमाल में रद्दी के कागज देकर ठगने वाले तीन आरोपितों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 20 हजार की नकदी व कार भी बरामद की है। एसपी ने पुलिस टीम को 25 हजार का ईनाम देने की घोषणा की है। सोमवार को पुलिस लाइन में आयोजित प्रेसवार्ता में एसपी रामसेवक गौतम ने बताया कि कांधला क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी खलील पुत्र इनाम 17 सितम्बर को पंजाब नेशनल बैंक में रुपये जमा करने के लिए गया था। इसी दौरान अज्ञात व्यक्तियों ने उसे झांसे में लेकर असली रुपये लेकर रुमाल में रद्दी के कागज थमा दिए तथा वहां से फरार हो गए। जब खलील ने रुमाल खोलकर देखा तो उसमें रद्दी के कागज मिले। अपने साथ हुई धोखाधडी के बाद पीडित ने कांधला थाने पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था जिसके बाद से पुलिस आरोपितों की तलाश में जुटी हुई थी।

सोमवार को कांधला पुलिस ने घटना में शामिल तीन आरोपितों को जिडाना नहर पुल भट्टे के निकट से गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों के कब्जे से 20 हजार की नकदी व घटना में प्रयुक्त कार भी बरामद की गयी है। पूछताछ में आरोपितों ने अपने नाम प्रवीण उर्फ अनिल उर्फ लंगडा पुत्र मेहरचंद निवासी हिरनवाडा थाना बाबरी हाल निवासी रोहिणी दिल्ली, महेश उर्फ जवानी पुत्र स्वामीनाथ निवासी थाना साहबाद डेरी नई दिल्ली, मूल निवासी गांव लद्दी सरया थाना गोरिया कोठी जिला सिवान बिहार व प्रदीप उर्फ कालिया पुत्र रामनिवास सैनी निवासी गांव अकोना थाना कल्याणपुर जिला समस्तीपुर बिहार, हाल निवासी रोहणी शाहबाद डेयरी नई दिल्ली बताए। तीनों आरोपितों ने बताया कि उन्होंने 31 अक्तूबर 2023 को स्टेट बैंक कांधला के एटीएम से एक व्यक्ति का एटीएम बदलकर उसके खाते से नकदी निकाली थी, इसके अलावा 14 मार्च 2024 को एक्सिस बैंक के एटीएम में पुनः एक व्यक्ति का एटीएम बदलकर उसके खाते से नकदी निकालना भी स्वीकार किया है। एसपी ने आरोपितों की गिरफ्तारी पर पुलिस टीम को 25 हजार रुपये का ईनाम देने की भी घोषणा की है।

## मुख्य समाचार

### बहराइच में प्रतिबंधित मवेशी के अवशेष मिलने से सनसनी




**बहराइच ।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के मोतीपुर क्षेत्र के एक गांव में सोमवार को पूर्व ग्राम प्रधान के खेत में प्रतिबंधित मवेशी का अवशेष मिलने से हड़कंप मच गया। अधिकृत सूत्रों के अनुसार, क्षेत्र के ग्राम पंचायत पकड़िया दीवान के ग्राम प्रधान तिलकराम लोधी का खेत मजरा केलापुरवा में है। तिलकराम लोधी के गन्ने के खेत में सोमवार सुबह गो वंश का अवशेष मिला। इस घटना से गांव के लोगों में आक्रोश फैल गया, जिसके बाद पूर्व प्रधान ने इसकी सूचना पुलिस को दी। घटनास्थल पर उपजिलाधिकारी संजय कुमार और थानाध्यक्ष आरके पांडेय पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जांच चल रही है और इसके बाद केस दर्ज किया जाएगा। एसडीएम संजय कुमार ने बताया कि मवेशी के अवशेष को जांच के लिए मथुरा भेजा जा रहा है। इस घटना के बाद क्षेत्र में सुरक्षा और सतर्कता बढ़ा दी गई है।

### तेजप्रताप ने करहल से भरा पर्चा

**मैनपुरी।** की करहल विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के लिए सोमवार को समाजवादी पार्टी (सपा) प्रत्याशी तेजप्रताप ने अपना नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनकी सांसद पत्नी डिंपल यादव के अलावा कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। अखिलेश यादव ने कहा कि करहल विधान सभा सीट से समाजवादी पार्टी का प्रत्याशी रिकॉर्ड मतों से चुनाव जीतेगा। उन्होंने प्रदेश सरकार को सभी मोर्चों पर विफल बताया।

### जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान सुनी जनसमस्याए



**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### बस्ती में सड़क दुघर्टना में महिला की मौत

**बस्ती ।** उत्तर प्रदेश में बस्ती जिले के कलवारी क्षेत्र में बस्ती मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक महिला की सोमवार को मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यहां बताया कि कलवारी क्षेत्र के मुस्तकान ग्राम निवासी पूनम देवी (42) कहीं जा रही थी। बस्ती मार्ग पर अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दिया जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गयी और उनकी मौत हो गयी है। पुलिस ने बताया कि अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। घटना के बाद कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया था जिसे पुलिस टीम ने पुन: बहाल कराया।




### बरेली के पहले मेयर राज कुमार अग्रवाल का निधन

**बरेली।** बरेली के प्रथम मेयर (नगर प्रमुख) राजकुमार अग्रवाल का



सोमवार सुबह निधन हो गया। वह 90 वर्ष के थे। उनके निधन पर तमाम गणमान्य, राजनीतिक नेताओं और नागरिकों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। पूर्व महापौर पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने दिवंगत आत्मा को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि प्रेषित की है।

### भदोही में इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल की गोली मारकर हत्या

**भदोही।** उत्तर प्रदेश में भदोही जिले के नेशनल इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल



की सोमवार सुबह स्कूल जाते समय बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र के अमिलोरी गांव निवासी योगेंद्र बहादुर सिंह (58) भदोही नेशनल इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल हैं। वह आज सुबह घर से विद्यालय के लिए कार से निकले थे। कार उनका ड्राइवर चला रहा था। घर से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर बसावनपुर नलकूप के पास जैसे ही पहुंचे थे कि पहले से घात लगाए बैठे दो बाइक सवार बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोली मारकर उनकी कार को पंचर कर दिया और प्रिंसिपल के सीने में मार दी। जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस के अधिकारी फॉरेंसिक व डाग स्क्वायड टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। मामले की जांच पड़ताल चल रही है। बताया जाता है कि प्रिंसिपल की कार बसावनपुर नलकूप के पास पहुंचते ही बदमाशों ने गाड़ी को रोकने का संकेत दिया। गाड़ी जैसे ही धीमी हुई कि बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोली मारकर गाड़ी को पंचर करने के बाद दूसरी गोली प्रिंसिपल के सीने में मार दी जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। हालांकि गाड़ी चला रहे चालक को खरोंच तक नहीं आई। सूचना मिलते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की जानकारी होते ही मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। आनन-फानन में प्रिंसिपल को भदोही के महाराजा बलवंत सिंह राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि नेशनल इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ अनुराग मिश्रा के स्थानांतरण के बाद योगेंद्र बहादुर सिंह को अस्थाई रूप से प्रिंसिपल का चार्ज दिया गया था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# सीएम योगी ने बहुमंजिल आवास और प्रशासनिक भवन के रखरखाव को दिये 1,380 करोड़ रुपये

## रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित पुलिस स्मृति दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की घोषणा

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर वर्दी भत्ते में 70 प्रतिशत की वृद्धि, बैरक में रहने वाले आरक्षियों के पुलिस अकोमोडेशन अलाउंस में 25 प्रतिशत की वृद्धि और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय खेलकूद में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों के प्रशिक्षण, आहार समेत अन्य मदों के लिए अगले वित्तीय वर्ष के बजट में 10 करोड़ रुपये बढ़ाने की घोषणा की। इन घोषणाओं पर प्रदेश सरकार 115 करोड़ रुपये का खर्च वहन करेगी।

सीएम योगी ने बहु मंजिल आवास और प्रशासनिक भवन के रखरखाव के लिए 1,380 करोड़ रुपए के कॉरपस फंड की घोषणा की। वहीं अंतरराष्ट्रीय आयोजन में पुलिस बल पर आने वाले खर्च पर प्रस्तावित शुल्क लगाने की स्वीकृति की, जो पुलिस महानिदेशक के अधीन रहेगा। साथ ही इसका सम्मान प्रस्तावित कॉरपस नियमावली के तहत किया जाएगा। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए दिवंगत शहीद पुलिस कर्मियों को याद किया।

**115 शहीद कार्मिकों के आश्रितों को दी 36.20 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कर्तव्यों का पालन करते हुए शहीद पुलिस कर्मी, केंद्रीय अर्ध





सैनिक बलों तथा भारतीय सेवा में कार्यरत उत्तर प्रदेश के 115 शहीद कार्मिकों के आश्रितों को 36 करोड़ 20 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की गयी है। वहीं जिलों में तैनात पुलिस कर्मियों की सुख सुविधा के लिए 3 करोड़ 50 लाख, कल्याण के लिए 4 करोड़, कार्यरत, सेवानिवृत पुलिसकर्मी एवं उनके आश्रितों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति संबंधी 2,66 दावों के निस्तारण के लिए 30 लाख 56,000 रुपए की राशि दी गयी।

इसी तरह पांच लाख से अधिक चिकित्सा प्रतिपूर्ति संबंधी 3,12 प्रकरण के लिए 12 करोड़ 60 लाख, 135 पुलिस कर्मियों और उनके आश्रितों की गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए अग्रिम ऋण के रूप में 5 करोड़ 5 लाख , जीवन बीमा योजना के तहत 3,06 मृतक पुलिस कार्मिकों के आश्रितों की सहायता के लिए 9 करोड़ 8 लाख रुपए, पुलिस कर्मियों और उनके आश्रितों द्वारा कराए गए कैशलेस उपचार के तहत 31 लाख 16 हजार रुपए, पुलिस कार्मिकों के 205 मेधावी छात्रों को शिक्षा निधि के माध्यम से 53 लाख 30,000 रुपये की छात्रवृत्ति का भुगतान किया गया।

**एक हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को अति उत्कृष्ट सेवा पदक से किया गया सम्मानित**

सीएम योगी ने कहा कि गणतंत्र और स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रपति द्वारा विशिष्ट सेवाओं के लिए चार तथा दीर्घ-सराहनीय सेवाओं के लिए 110 अधिकारियों और कर्मचारियों को पुलिस पदक का प्रदान किये गये।

गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 1,013 पुलिस कार्मिकों को अति उत्कृष्ट सेवा पदक तथा 729 कार्मिकों को उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया।

वहीं तीन राजपत्रित अधिकारियों संग कर्मचारियों को मुख्यमंत्री उत्कृष्ट सेवा पुलिस पदक प्रदान किया गया। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा मानदेय और राजपत्रित पुलिस कार्मिकों को उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह, 455 पुलिस कर्मियों को सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह प्रदान किया गया। पुलिस कार्मिकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश का प्रशंसा चिन्ह डीजी कमेंडेशन डिस्क 29 प्लेटिनम, 51 गोल्ड और 783 सिल्वर राजपत्रित और अराजपत्रित कार्मिकों को प्रदान किए गए।

**गैंगस्टर एक्ट के तहत 77,811 अपराधियों के खिलाफ की गई कार्रवाई**

सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में 2017 के बाद पुलिस विभाग के विभिन्न पदों पर 1,54,000 से अधिक भर्तियां की गयीं। इसमें 22,000 से अधिक महिला कार्मिक शामिल हैं। वहीं विभिन्न राजपत्रित पदों पर एक लाख 41,000 से अधिक कार्मिकों को पदोन्नति दी गयी।

वर्तमान में 60,000 से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है। सीएम ने कहा कि प्रदेश में शांति और कानून का राज्य स्थापित करने के लिए पिछले 7 वर्ष में 17 जवानों ने अप्रतिम शौर्य का प्रदर्शन करते हुए वीरगति को प्राप्त किया जबकि 1,618 पुलिसकर्मी घायल हुए। प्रदेश में अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए गैंगस्टर एक्ट के तहत 77,811 और 9,23 अभियुक्तों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। माफिया और अपराधी गिराहों के 68 मुकदमों में प्रभावी पैरवी कर 31 माफिया तथा उनके 66 सहयोगियों को आजीवन कारावास की सजा दिलायी गयी। इसके अलावा दो को फांसी की सजा हुई है। माफिया और उनके गैंग के सदस्यों द्वारा अर्जित चार हजार 57 करोड़ की अवैध संपत्ति को जब्त किया गया। सीएम ने कहा कि एंटी रोमियो स्क्वायड द्वारा 22 मार्च 2017 से 2 अक्टूबर 2024 तक 1 करोड़ 2 लाख से अधिक स्थानों पर चेकिंग की।

साथ ही 3 करोड़ 68 लाख से अधिक व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान 23,375 अभियोग पंजीकृत कर 31 हजार 517 के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की गयी जबकि एक करोड़ 39 लाख से अधिक व्यक्तियों को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। प्रदेश के हर थाने में महिला बीट आरक्षित तथा महिला हेल्थ डेस्क की स्थापना की गई। सभी जनपदों में 15,130 महिला पुलिसकर्मी को नियुक्त करते हुए 10,378 महिला बीट आवंटित की गयी। ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत 11 लाख 71,000 से अधिक सीसीटीवी स्थापित किए गए।

**धार्मिक स्थलों से एक लाख से अधिक लाउडस्पीकर उतारे गये**

सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में एक अभियान के तहत धार्मिक स्थलों से 1,08,037 से अधिक लाउडस्पीकर उतारे गए या उच्चतम न्यायालय की गाइडलाइन के अनुसार उनकी ध्वनि नियंत्रित की गयी।

31 मई 2017 से 2 अक्टूबर 2024 तक पुलिस द्वारा दो करोड़ 68 लाख से अधिक स्थानों पर फुट पेट्रोलिंग के माध्यम से सुरक्षा का एक बेहतर वातावरण प्रस्तुत किया गया। सीएम योगी ने कहा कि पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की कर्तव्य पालन के दौरान मृत्यु होने पर जो विभिन्न प्रकार की शिकायतें शासन के पास उपलब्ध होती रही हैं, उसी क्रम में उन कर्मियों के परिवारजनों खासतौर पर उनकी पत्नी तथा माता-पिता के जीवित न रहने की दिशा में शासन आदेश में वर्णित व्यवस्था के अनुसार मृतक के परिवार को पूर्ण धनराशि नहीं मिलने की समस्या बताई गई थी।

इस पर विचार करते हुए निर्णय लिया गया है कि वर्तमान शासन आदेश को संशोधित करते हुए अनुग्रह की संपूर्ण धनराशि 25 लाख या 50 लाख रुपए जैसी अनुमान्यता है को पूर्णतया मृतक की पत्नी, माता-पिता या जो भी कानूनी वारिस हो उसको उपलब्ध कराई जाए।

इस अवसर पर मंत्री असीम अरुण, महापौर सुषमा खर्कवाल, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, डीजीपी प्रशांत कुमार, अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक सुजीत पांडेय और मंडलायुक्त रोशन जैकब आदि शामिल हुए।

# बहराइच हिंसा के पीछे भाजपा का हाथ:अखिलेश

एजेंसी

**मैनपुरी।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि बहराइच में पिछले दिनों हुई सांप्रदायिक हिंसा के पीछे सत्तारुढ़ भारतीय जनता (भाजपा) का हाथ बताया।

यादव ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पीडीए के नाम से विपक्षी घबरा गए हैं। भाजपा तो पीडीए का नाम भी भूल गयी है। सपा के विकास को रोकने का काम भाजपा ने किया है।

यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव के परिणाम से भाजपा के कई कार्य रुक गए हैं। केंद्र सरकार सभी संस्थाओं से अपनी मर्जी से काम कराना चाह रही है। भाजपा किसी भी नेता को गिरफ्तार करा सकती है।

एक सवाल के जवाब में उन्होने कहा कि करहल की जनता के सामने मशीनरी का कोई दुरुपयोग नहीं हुआ। कांग्रेस से टिकट बंटवारे को लेकर कहा कि यह आपसी मामला है। हम हल निकाल लेंगे।

यादव ने कहा कि मिल्कीपुर में



इंटरनल सर्वे में बीजेपी हार रही थी, इसलिए चुनाव रोका गया। बार-बार मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों के बाद भी कोई बदलाव नहीं आया। भाजपा किसी को न्याय नहीं दे सकती है। इस बार जनता पूरा हिसाब-किताब करेगी। ये सरकार जाने वाले लोगों की है। उनके पास समय नहीं है। उपचुनाव में जनता इन लोगों को हराकर विदाई का रास्ता खोल देगी।

उन्होने कहा कि करहल में भी पिछले दो महीने से मुख्यमंत्री सहित सरकार के तमाम मंत्रियों से सभाएं कीं मगर जनता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। भाजपा को कोई दमदार प्रत्याशी नहीं मिल रहा है। करहल की जनता नेता के नाम पर तेजप्रताप को ऐतिहासिक विजय दिलायेगी। तेजप्रताप के नामांकन के समय पार्टी के सभी बड़े नेता मौजूद रहे।

# विकासखंड बहादुरपुर में इफको द्वारा नैनो उर्वरकों पर आधारित किसान सभा का किया गया आयोजन

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**अमेठी।** जनपद के बहादुरपुर ब्लॉक में आज कृषि रक्षा इकाई केंद्र पर इफको द्वारा नैनो उर्वरकों पर आधारित किसान सभा का आयोजन किया गया।

उक्त कार्यक्रम में पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि रमेश सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी संदीप कुमार, मंडल अध्यक्ष चंद्र पाल यादव, इफको क्षेत्राधिकारी अमेठी शिशु पाल, बीजेपी महामंत्री आर0पी0 यादव, अपर जिला सहकारी अधिकारी संत लाल, सहायक विकास अधिकारी सहकारिता सुखदेव प्रसाद, सहायक विकास अधिकारी कृषि कृष्ण कुमार सिंह, राजकीय कृषि बीज़ भंडार प्रभारी अनिल कुमार गुप्ता, ब्लॉक तकनीकी सहायक बब्लू, इफको किसान सेवा केंद्र जायस प्रभारी अनिल कुमार श्रीवास्तव व एटीएम कृषि मुनीश बाबू उपस्थित रहे। इफको क्षेत्राधिकारी शिशु पाल द्वारा इफको नैनो उर्वरकों के बारे में जानकारी दी गई कि कैसे नैनो उर्वरक दानेदार उर्वरकों के अच्छे विकल्प के रूप में





कारगर साबित होंगे तथा नैनो उर्वरक करीब 50 प्रतिशत दानेदार उर्वरक की बचत कर सकते हैं जिससे किसानों की उन पर होने वाली निर्भरता कम कर खेती में कम लागत पर गुणवत्तापूर्ण उपज ले सकते है। नैनो उर्वरक पारंपरिक यूरिया (267 रुपये प्रति बोरी)/डीएपी (1350 रुपये प्रति बोरी) से सस्ता नैनो यूरिया प्लस 225 रुपये/500 एम0एल0 बोतल, नैनो डीएपी 600 रुपये/500 एम0एल0 बोतल क्रमश: 42 रुपये एवं 750 रुपये की सीधे किसानों की बचत करता है। नैनो डीएपी (तरल) से गेहूं, चना, सरसों, आलू, गन्ना बीज एवं पौध उपचार करने पर बीज अंकुरण में वृद्धि एवं जड़ क्षेत्र का अधिक विकास, सभी फसलों के लिए उपयोगी, पैदावार में करें बढोत्तरी नैनो डीएपी (तरल) का बीज उपचार में 5 एम0एल0 प्रति किलो ग्राम बीज की दर से करें एवं उपचारित बीजों को 20 से 30 मिनट तक छांव में सुखाने के उपरांत ही बुवाई करें। रोपाई वाली फसलों के लिए 5 एम0एल0 नैनो डीएपी (तरल) को प्रति लीटर पानी में घोल बना लें जड़ों को 30 मिनट तक डुबो का रखे जड़ उपचार के बाद खेत में यथाशीघ्र प्रत्यारोपित कर दें। नैनो डीएपी (तरल) का 2-4 एम0एल0 प्रति लीटर घोल बनाकर पत्तियों पर छिडकाव करें, लम्बी अवधि वाली फसलों पर फूल आने से पहले एक बार और छिडकाव करें। उसी नैनो यूरिया प्लस (तरल) को 4 एम0एल0 प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर फसलों की वानस्पतिक अवस्था (कल्ले/शाखा बनते समय) एवं फूल निकलने से पहले वाली अवस्था पर छिडकाव करें। इसके अलावा फसल अवशेष प्रबंधन के बारे में किसानों को बताया गया, जनपद में इफको की ओर से किसानों को काफी कम दामों पर स्प्रेयर मशीन उपलब्ध कराया जा रही हैं, नि:शुल्क मृदा परीक्षण कराया जा रहा है इत्यादि की जानकारी दी गई। उक्त आयोजित कार्यक्रम में प्रगतिशील किसानों सहित करीब 90 किसान उपस्थित रहे।

# दंगों पर बात करने का नैतिक अधिकार खो चुके हैं अखिलेश: केशव मौर्य

एजेंसी

**हरदोई ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव को सांप्रदायिक दंगों पर बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

यादव ने यहा पत्रकारों से बातचीत में कहा अखिलेश यादव को कोई अधिकार नहीं है कि वह दंगे की बात पर कोई भी बात कहें क्योंकि उनके शासनकाल में उत्तर प्रदेश एक भी दिन दंगा मुक्त नहीं रहा। जब वह इस तरह की बात बोलते हैं तो यह बातें उनके मुंह पर शोभा नहीं देती हैं।

प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी के स्वर्गीय पति व पूर्व विधायक उपेंद्र तिवारी के पुण्यतिथि पर आयोजित किसान प्रदर्शनी में शामिल होने शाहाबाद कस्बे में आए मौर्य ने उत्तर प्रदेश में होने वाले उपचुनाव में सभी सीटें जीतने का दावा किया। साथ ही कहा कि जनता को गुमराह कर विपक्ष गुब्बारे की तरह फूल गया था हरियाणा चुनाव से गुब्बारे की हवा निकलना शुरू हो गई है।



बहराइच हिंसा का चुनावी लाभ लेने संबंधी अखिलेश यादव के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये मौर्य ने कहा अखिलेश यादव जी के पास बोलने का नैतिक अधिकार नहीं है जिनके शासनकाल में उत्तर प्रदेश में एक भी दिन दंगा मुक्त नहीं रहा है दंगे के मामले में वह बोले तो शोभा नहीं देता है बहराइच हो या प्रदेश में कहीं भी हो कोई अराजकता करेगा कोई कानून व्यवस्था के साथ के साथ खिलवाड़ करेगा कोई किसी व्यक्ति पर हमला करेगा हत्या करेगा तो सरकार कानून के हिसाब से कार्रवाई के लिए एकदम तत्पर है।

उन्होने कहा उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त है क्योंकि जब अपराधियों के खिलाफ, माफिया के खिलाफ दंगाईयों के खिलाफ कार्रवाई होती है तो यादव विचलित हो जाते हैं क्योंकि जिस दिन गुंडे अपराधी माफिया दंगाई सपा का साथ छोड़ देंगे उसे दिन सपा समाप्तवादी पार्टी बन जाएगी।

मौर्य ने कहा अखिलेश यादव के बारे में बार-बार कर चुका हूं गुंडे ,अपराधी, माफिया, भू माफिया शराब माफिया, नकल माफिया, भर्ती माफिया जितने भी हैं उनके सरगना है सरदार हैं और वह भारतीय जनता पार्टी के बारे में जब कुछ बोलते हैं तब लगता है कि उनको अपना इतिहास अपना शासनकाल याद में नहीं आता है अपने दल का आचरण याद नहीं आता है जहां अपराध होता है जहां अपराधी पकड़े जाते हैं उसके पीछे कहीं ना कहीं समाजवादी पार्टी के किसी नेता का हाथ होता है।

सपा महासचिव प्रो रामगोपाल यादव के उपचुनाव को लेकर दिए गए बयान का जबाब देते हुए उन्होने कहा 2014 से उनके दावे देखिये। 2014 में जो दावा किया, सपा सफल का नहीं हुई।

2017 में जो दावा किया सत्ता में थे, विफल हो गए 2019 में सपा बसपा गठबंधन में फेल हो गए। 2022 में कहे 400 सीट जीतेंगे चारों खाने चित हो गए। 2024 में उन लोगों ने जनता को गुमराह किया, ना संविधान को खतरा, न आरक्षण को खतरा न गरीब को खतरा न पी पिछडो न दलितों को न गरीबों को कोई खतरा नहीं सबका सम्मान सबको अधिकार मिल रहा है यह बेचैनी इन लोगों की बढ़ती जा रही है क्योंकि हरियाणा में कमल करने के बाद उनके झूठ की पोल खुल गई।

# शाहजहांपुर में खाद्यान्न में मिलावट के आरोप में तीन निलंबित

एजेंसी

**शाहजहांपुर ।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में राशन दुकानदारों को मिलने वाले खाद्यान्न के बोरो के में मिट्टी मिलाकर भेजने की शिकायत पर तीन अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है जबकि मामले में लिप्त अन्य तीन अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए शासन को लिखा गया है।

जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने सोमवार को यूनीवार्ता को बताया कि राशन वितरण के करने वाले आठ कोटेदारों द्वारा उनसे शिकायत की गई थी कि उन्हें जो खाद्यान्न बांटने के लिए मिलता है उसमें मिट्टी मिलाकर भेजा जाता है जिसमें पूरी तौल नहीं होती है और राशन लेने वालों से अक्सर विवाद होता है।

इसके बाद उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी चमन शर्मा समेत तीन अधिकारियों की टीम बनाई जिसने आठ दुकानों पर इस मामले की जांच की जिसमें खाद्यान्न गेहूं के बोरों में



मिट्टी मिली पाई गई। जिसके बाद खाद्य एवं रसद विभाग के विपणन शाखा के रामकृष्ण दुबे ,रविकांत मिश्रा तथा मोहित कुमार विपणन निरीक्षकों को निलंबित कर दिया गया है।

सिंह ने बताया कि यह एक गंभीर मामला है इसलिए उन्होंने तत्काल ही इस मामले में लिप्त भारतीय खाद्य निगम के तीन अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई हेतु शासन को तथा उनके विभाग को लिखा है।

जिलाधिकारी ने बताया कि राशन वितरण में लाभार्थी को पूरा राशन दिया जाए ऐसे निर्देश उन्होंने सभी राशन विक्रेताओं को दिए हैं तथा इसके लिए अधिकारियों को समय-समय पर राशन दुकानदारों के जांच के निर्देश भी दिए गए हैं।

## मुख्य समाचार

### दिवाली से पहले उत्तर प्रदेश के कर्मचारियों को मिलेगा वेतन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के कर्मचारियों को रोशनी के त्योहार दिवाली से पहले अक्टूबर माह के वेतन का भुगतान कर दिया जायेगा।

इस संबंध में सरकार ने शासनादेश जारी कर दिया है। अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने दीपावली से पहले राज्य सरकार के सभी कर्मचारियों को वेतन भुगतान के आदेश जारी किये हैं।

आदेश में कहा गया है कि 31 अक्टूबर को दीपावली,02 नवंबर को गोवर्धन पूजा और तीन नवंबर को भाई दूज एवं चित्रगुप्त जयंती के अवकाश के चलते राज्य कर्मचारियों, सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थान एवं शहरी निकाय के कर्मचारियों को वेतन एवं पेंशन भोगियों का भुगतान 30 अक्टूबर को कर दिया जाये।

### पूर्व मंत्री किरणपाल सिंह का निधन,योगी ने जताया शोक



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री एवं पांच बार विधायक रहे किरणपाल सिंह का सोमवार को निधन हो गया। मेरठ के एक अस्पताल में उन्होने अंतिम सांस ली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होने दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थन की है। श्री सिंह मुलायम सिंह यादव सरकार में बेसिक शिक्षा मंत्री रहे थे। वर्तमान में वह राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के राष्ट्रीय सचिव थे। बुलंदशहर के धमेड़ा कीरत गांव के मूल निवासी किरणपाल सिंह काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। किरणपाल सिंह बुलंदशहर की अगौता सीट से पांच बार विधायक रहे।

### ललितपुर में बुजुर्ग दंपत्ति ने की मासूम पोते की हत्या

**ललितपुरे।** उत्तर प्रदेश में ललितपुर के पूरकला क्षेत्र में सोमवार को दादा दादी ने अपने मासूम पोते की गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि ग्राम पंचायत उगरपुर के मजरा गिदवर निवासी प्रीतम अहिरवार अपनी पत्नी सुमन के साथ रहता था। उसका बेटा रोहित अपनी पत्नी माया और छह वर्षीय पुत्र को लेकर दिल्ली से घर आया था। प्रीतम ने अपनी पत्नी के साथ साजिश के तहत अपने बेटे और बहू को बाजार के लिए भेज दिया और उसके पुत्र की गला दबा कर हत्या कर दी।


बाजार से वापस आने के बाद मजदूर दंपत्ति को घटना का पता चला। ग्राम प्रधान ने थाना पूरकला पुलिस को फोन कर पूरा घटना क्रम बताया। पुलिस ने सास ससुर को गिरफ्तार कर लिया है। कड़ी पूछताछ में दोनो ने अपना गुनाह स्वीकार कर लिया है।

### सिद्धार्थनगर में अधिशासी अधिकारी की पत्नी ने की आत्महत्या

**सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश में सिद्धार्थनगर जिले की नगर पंचायत इटवा में तैनात अधिशासी अधिकारी (ईओ) की पत्नी ने सोमवार को फांसी लगा कर आत्म हत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इटवा नगर पंचायत में तैनात अधिशासी अधिकारी (ईओ) संदीप कुमार की पत्नी अंशु सोनी (28) ने सोमवार को सदर थाना क्षेत्र के इंद्रानगर मोहल्ले में पंखे से फंदा लगा कर आत्म हत्या कर लिया है। सूचना पाकर पहुंची पुलिस को शव के पास से एक सुसाइड नोट मिला है जिसमें मृतका ने स्वयं को गलत मानते हुए आत्महत्या का कारण लिखा है। पुलिस मौके पर जांच पड़ताल कर रही है।

### सहारनपुर के सरसावा से पांच नवंबर से शुरु होगी हवाई यात्रा

सहारनपुर। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से दुरूस्त एवं महत्वपूर्ण स्थानों के लिए हवाई यात्रा सस्ती दरों पर पांच नवंबर शुरू हो जाएगी।




उस दिन सरसावा से 19 सीटर फ्लाईविंग कंपनी का पहला विमान हिंडन एयरबेस के लिए उडान भरेंगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार शाम पांच बजे वर्चुवली इस हवाई अड्डे का उद्घाटन किया था। पांच नवंबर को स्पाइसजैट के 75 सीटर विमान यहां से गोरखपुर, वाराणसी एवं कुशीनगर के लिए उडान भरेंगे।इन दोनो कंपनियों की वेबसाइट पर सरसावा से शहरों के लिए उडान का कार्यक्रम अपलोड हो गया है। सरसावा से रोज 540 यात्री उडान भर सकेंगे। सहारनपुर मंडल के लोगों ने मांग की है कि सरसावा से जम्मू जाने के लिए भी हवाई यात्रा शुरू की जाए। जिससे हजारों हिंदू श्रद्धालुओं को वैष्णों देवी जाने-आने की सुविधा प्राप्त हो जाए। सरसावा हवाई अड्डे के निर्माण में 55 करोड रूपया खर्च आया है। हवाई अड्डे के उद्घाटन के मौके पर जिलाधिकारी सहारनपुर मनीष बंसल, एयरपोर्ट के डायरेक्टर जयरामू एस, एडीएम डा. अर्वना द्विवेदी, एडीएम रजनीश मिश्र, जनप्रतिनिधि, उद्यमी, मेयर डा. अजय सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### बुलंदशहर में रसोई गैस सिलेंडर फटने से मकान ढहा,कई हताहत



**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर जिले के सिकंदराबाद क्षेत्र में सोमवार देर शाम रसोई गैस के फटने से एक मकान जमीदोज हो गया। इस हादसे में कई लोगों के हताहत होने की सूचना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिलेंडर फटने से हुए हादसे का संज्ञान लिया और घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। उन्होने जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शाम करीब सात बजे आशापुरी कालोनी में एक महिला रात का भोजन बना रही थी कि गैस सिलेंडर में जोरदार धमाका हुआ और पूरा मकान जमीदोज हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार लेंटर की मलबे से महिला और बच्चों समेत पांच लोगों के शव निकाले गए हैं हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुयी है। मौके पर आला अधिकारियों की मौजूदगी में राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर आठवां दीपोत्सव होगा महा भव्य

## त्रेता युग का अनुभव कराएंगे संस्कृति विभाग के मंच

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**अयोध्या।** दीपोत्सव 2024 का काउंटडाउन शुरू हो चुका है और रामनगरी अयोध्या में भव्य आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। इस वर्ष, दीपोत्सव का आठवां संस्करण पहले से भी अधिक भव्य और अद्वितीय होने जा रहा है। योगी सरकार के नेतृत्व में अयोध्या को त्रेता युग के स्वरूप में ढालने का प्रयास जारी है, जिससे भगवान श्रीराम के समय की पवित्रता और आध्यात्मिकता का अनुभव कराया जा सके। राम की पैड़ी, जहां लाखों दीप जलाए जाएंगे, को विस्तार देने का काम चल रहा है और नगर को पूरी तरह से सजाया और संवारा जा रहा है।

**आधुनिक तकनीक से सुसज्जित मंच और भव्य प्रदर्शनी**

संस्कृति विभाग द्वारा दीपोत्सव के लिए 10 बड़े सांस्कृतिक मंचों का निर्माण किया जा रहा है, जिनमें तीन बड़े और सात छोटे मंच शामिल हैं। इन मंचों पर आधुनिक तकनीक के सहारे त्रेता युग की झलकियों को प्रदर्शित किया जाएगा।

रामकथा पार्क में एक विशाल प्रदर्शनी का आयोजन होगा, जो रामायण के विभिन्न प्रसंगों को आधुनिक तकनीकी माध्यमों से जीवंत करेगी। इस प्रदर्शनी में श्रद्धालु त्रेता युग का अनुभव कर सकेंगे और रामायण के महत्वपूर्ण पलों को करीब से देख पाएंगे।

**मठ-मंदिरों की सजावट और सफाई का विशेष ध्यान**

दीपोत्सव के भव्य आयोजन के लिए अयोध्या नगर निगम और संस्कृति विभाग मिलकर काम कर रहे हैं। नगर निगम शहर की साफ-सफाई और पेंटिंग का कार्य कर रहा है, जबकि संस्कृति विभाग मठों, मंदिरों और धार्मिक स्थलों को सजाने-संवारने में जुटा हुआ है। मठ-मंदिरों की सजावट के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं, ताकि श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक और भव्य वातावरण का अनुभव हो।

**अयोध्या-लखनऊ मार्ग का नवीनीकरण**

इस वर्ष, दीपोत्सव से पहले अयोध्या को राजधानी लखनऊ से जोड़ने वाले गोरखपुर-लखनऊ रोड को विशेष रूप से सजाया जा रहा है। इस मार्ग पर रामायण से जुड़े प्रसंगों की जीवंत झलकियां प्रस्तुत की जाएंगी। मार्ग के दोनों ओर रामायण के महत्वपूर्ण घटनाक्रमों को चित्रित करने की योजना बनाई गई है, जिससे दीपोत्सव की पवित्रता और महत्ता को बढ़ाया जा सके।

**दीपोत्सव की तिथियां और कार्यक्रम**

दीपोत्सव 2024 के कार्यक्रम 28 से 30 अक्टूबर तक आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान अयोध्या के प्रमुख स्थलों पर दीपों की जगमगाहट के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम होगी। मुख्य आयोजन स्थल राम की पैड़ी को भव्य रूप से सजाया जाएगा और यहां लाखों दीप जलाए जाएंगे।

**कहां-कहां बनेंगे सांस्कृतिक मंच**

संस्कृति विभाग ने पूरे शहर में 10 सांस्कृतिक मंच बनाने की योजना बनाई है, जिनमें प्रमुख स्थान निम्नलिखित हैं

**रामकथा पार्क:** यहां आधुनिक तकनीकी आधारित प्रदर्शनी का आयोजन होगा।

**गुप्तार घाट:** यहां बड़े सांस्कृतिक मंच का निर्माण किया जाएगा।

**बड़ी देवकाली:** यहां भी एक प्रमुख मंच बनेगा।

**नया घाट:** यहां दीपोत्सव के दौरान सबसे बड़ा मंच होगा।

**रामघाट:** सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन।

बिड़ला धर्मशाला, भरतकुंड, तुलसी उद्यान, भजन संध्या स्थल, नाका हनुमानगढ़ी, बस अड् ?डा बाईपास, और धर्मपथ में भी छोटे-छोटे मंच बनाए जाएंगे।

**अयोध्या को त्रेता युग का रूप देने की तैयारी**

दीपोत्सव 2024 का आयोजन भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद पहली बार हो रहा है, जिससे इस पर्व की महत्ता और भी बढ़ गई है। योगी सरकार के नेतृत्व में अयोध्या को त्रेता युग के स्वरूप में ढालने का प्रयास हो रहा है। रामनगरी को सजाने और संवारने का काम दिन-रात जारी है, ताकि इस आयोजन को अद्वितीय और यादगार बनाया जा सके।

# महंगी गाड़ियों की चोरी करने वाले गैंग के पांच गुर्गे गिरफ्तार

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**बरेली।** बरेली में वाहन चोरों के गैंग का खुलासा करते हुए पुलिस ने सोमवार को गैंग के पांच गुर्गों को गिरफ्तार करते हुए उनके पास से वाहन चोरी करने के काम में आने वाले महंगे आधुनिक उपकरण व अलग-अलग स्थान से चोरी किए गए कई वाहन भी बरामद किये हैं। जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र में सोमवार को पुलिस ने वाहन चोर गैंग का खुलासा करते हुए जिला अलीगढ़ निवासी मोहनपुर थाना क्षेत्र के अकराबाद के लविश चौधरी उर्फ शेरा पुत्र विजेंद्र सिंह, जिला बरेली के थाना बारादरी के आशीष रॉयल पार्क निवासी भगवंत सिंह पुत्र सुरजीत सिंह, जिला बदायूं के बिल्सी थाना क्षेत्र के गांव सिरासौल पट्टी जशा निवासी जतिन वर्मा पुत्र प्रमोद वर्मा यही के समीर वर्मा उर्फ प्रवेश वर्मा उर्फ सेठी उर्फ लाला उर्फ गुरु पुत्र राजेंद्र वर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने अलग-अलग स्थान से चोरी की गई अलग-अलग कंपनियों की तीन कार खड़े हुए वाहनों के लॉक तोड़कर या चाबी बनाने वाले आधुनिक उपकरण टैबलेट आदि भी बरामद किये है।

# नहरों की सिल्ट सफाई कार्य योजना के अनुमोदन के संबंध में बैठक हुई सम्पन्न

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**बरेली।** बरेली में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में रवी 1432 फसली वर्ष 2024-25 में प्रस्तावित नहरों की सिल्ट सफाई की कार्य योजना के अनुमोदन के संबंध में बैठक जनप्रतिनिधियों के साथ सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि अक्सर जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक में नहरों की सिल्ट सफाई उचित प्रकार से न होने की शिकायतें आती रहती हैं जो कि उचित नहीं है। उन्होंने अधिशासी अभियंता नहर विभाग को निर्देश दिये कि जिन नहरों के सिल्ट की सफाई अभी तक प्रारम्भ नहीं हो सकी है उसकी एक सूचि बनाकर मुख्य विकास अधिकारी को प्रेषित कर नहरों के सिल्ट की सफाई का कार्य शीघ्र प्रारम्भ किया जाये। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया कि अगर उन्हें लगता है कि उनके क्षेत्र की नहरों की सिल्ट की सफाई उचित प्रकार से नहीं हो पा रही है तो उसकी सूचि मुख्य विकास अधिकारी को प्रेषित करें। जिससे भली प्रकार कार्य करवाया जा सके। बैठक मे अधिशासी अभियंता नहर विभाग को निर्देश दिये कि कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये।बैठक में मुख्य विकास अधिकरी जग प्रवेश, अधिशासी अभियन्ता नहर खण्ड बरेली सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने एक दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरानें किया स्थलीय निरीक्षण

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**अमेठी।** राज्य मंत्री खाद एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश/जनपद प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने आज एक दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी, कान्हा गौशाला अमेठी, ग्राम पंचायत भरथी लोनियापुर में प्राथमिक विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्र तथा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम अमेठी में निर्माणाधीन कबड्डी हाल व जिम का स्थलीय निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सर्वप्रथम मा. प्रभारी मंत्री जी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी का निरीक्षण किया यहां पर उन्होंने एक्सरे रूम, नेत्र परीक्षण कक्ष, डिस्पेंसरी सहित अन्य वार्डों का निरीक्षण किया तथा अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित किया एवं उनसे स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान मा. प्रभारी मंत्री जी ने प्रधानमंत्री आयुष्मान केंद्र का भी निरीक्षण किया तथा उपस्थित चिकित्सकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए एवं कहा कि मरीजों का बेहतर उपचार किया जाए। इसके उपरांत मा. प्रभारी मंत्री जी ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में निर्माणाधीन कबड्डी हाल व जिम का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा बैडमिंटन हाल में कबड्डी व फुटबॉल प्रतियोगिता में चैंपियन बच्चों को ट्रॉफी व स्पोर्ट किट का वितरण किया। इसके उपरांत उन्होंने कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया यहां पर उन्होंने निराश्रित गोवंशों को पकड़ने के लिए कैटल कैचर को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा गौशाला में मौजूद गोवंशों को गुड़ व केला खिलाया वहीं पर मा. प्रभारी मंत्री जी ने मुख्यमंत्री सहभागिता योजना अंतर्गत एक लाभार्थी को गाय देकर अच्छादित किया एवं संबंधित अधिकारियों से गौशाला में पर्याप्त मात्रा में हरा चारा, भूसा, पशु आहार, स्वच्छ पेयजल, गोवंशों की ईयरटैगिंग, चिकित्सीय उपचार सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इसके उपरांत मा. प्रभारी मंत्री जी ने ग्राम पंचायत भरथी लोनियापुर में आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई करने के साथ ही 6 माह के बच्चों को प्रथम बार अन्नप्राशन कराया वहीं पर उन्होंने प्राथमिक विद्यालय का भी निरीक्षण कर निपुण योजना के तहत बच्चों को स्टडी किट का वितरण किया तथा अध्यनरत बच्चों से शिक्षा के बारे में जानकारी ली एवं बच्चों से कविताएं आदि भी सुना एवं उपस्थित अध्यापकगणों को बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ ही शासन द्वारा दी जा रही सभी सुविधाओं का लाभ देने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मा. जिला पंचायत अध्यक्ष श्री राजेश अग्रहरी, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, उपजिलाधिकारी अमेठी आशीष सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, जिलाध्यक्ष भाजपा राम प्रसाद मिश्र, जिला उपाध्यक्ष भाजपा भवानी दत्त दीक्षित, बीएसए संजय तिवारी, डीपीओ सहित अन्य अधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# 22 साल के प्रेमी के साथ जाने पर अड़ी विवाहिता



पब्लिक एशिया ब्यूरो

**बरेली।** जिले में प्रेम प्रसंग का अजब गजब मामला सामने आया है। 40 साल की महिला 18 साल के छोटे प्रेमी के साथ चली गई लेकिन उसे पुलिस ने खोज निकाला। जिसके बाद महिला को रविवार को थाने लाया गया, जहां पर वह अपने प्रेमी के साथ जाने की जिद पर अड़ी रही। अब उपजिलाधिकारी के समक्ष पुलिस महिला का बयान दर्ज कराएगी।जानकारी के अनुसार शेरगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी एक महिला जुलाई माह में कहीं चली गई थी।

इसके बाद उसके पति ने 26 जुलाई को थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने छानबीन में 40 वर्षीय महिला को हरियाणा के पानीपत से उसके प्रेमी के साथ पकड़ लिया। उसका 22 वर्षीय प्रेमी गोविंद बदायूं के दातागंज क्षेत्र का रहने वाला है।

**पति के साथ जाने से किया इनकार**

प्रेमी और महिला दोनों ही हरियाणा के पानीपत में रहने लगे थे। महिला का प्रेमी वहीं प्राइवेट नौकरी करता है। उधर, गुमशुदगी दर्ज करने के बाद पुलिस महिला की तलाश में जुटी हुई थी। पानीपत में उसकी लोकेशन मिलने पर पुलिस टीम वहां गई और दोनों को पकड़कर बरेली ले आई। थाने में महिला ने पति के साथ जाने से साफ इनकार कर दिया। इस मामले पर शेरगढ़ थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने महिला से पूछताछ की तो महिला पति की मौजूदगी होने के बावजूद भी प्रेमी के साथ जाने की जिद पर अड़ी रही। वहीं, पति भी घर चलने की महिला से मिन्नतें करता रहा। इस बीच महिला के दोनों बच्चे और पिता को देखकर रोते रही, लेकिन महिला अपनी जिद पर अड़ी रही।

# खैर विधानसभा में लोकदल उतारेगा प्रत्याशी

एजेंसी

**लखनऊ।** अलीगढ़ की खैर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिये लोकदल ने मैदान में उतरने की घोषणा की है। लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह ने सोमवार को दावा किया कि समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव तथा शिवपाल यादव से हुयी बातचीत के बाद तय हुआ है कि इंडिया गठबंधन की ओर से खैर विधानसभा सीट में लोकदल अपना प्रत्याशी उतारे।

उन्होने कहा कि खैर विधानसभा जाट बहुल्य क्षेत्र है और इस कारण लोकदल प्रत्याशी की जीत लगभग तय है। सिंह ने बताया कि खैर विधानसभा सीट में होने वाले उपचुनाव में प्रत्याशी का नाम लोकदल की होने वाली बैठक में तय कर लिया जाएगा। लोकदल के खैर विधानसभा पर चुनाव लड़ने के दावे के बाद कांग्रेस में असमंजस की स्थिति हो सकती है। उत्तर प्रदेश की नौ सीटों पर उपचुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद सपा ने सात में अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है जिसके बाद गठबंधन के घटक दल होने के नाते कांग्रेस के खैर और गाजियाबाद शहर से लड़ने की अटकलें लगायी जाने लगी थीं। इस बारे में हालांकि सपा और कांग्रेस की ओर से कोई प्रतिक्रिया अब तक नहीं मिल सकी है।

# सीएम योगी के दिव्य, भव्य, स्वच्छ और ग्रीन महाकुंभ के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएगा यूपी रोडवेज

पब्लिक एशिया ब्यूरो





**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में संगम तट पर जनवरी 2025 से लगने जा रहे महाकुंभ की तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महाकुंभ को दिव्य, भव्य, स्वच्छ और हरित स्वरूप देने के लिए कुंभ मेला प्रशासन के सभी विभाग इसमें अपना योगदान कर रहे हैं।

उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन विभाग जहां एक तरफ श्रद्धालुओं का सफर आसान करने के लिए बड़ी संख्या में बसें चला रहा है तो वहीं महाकुंभ को स्वच्छ कुंभ बनाने के योगी सरकार के संकल्प को भी जन-जन तक पहुंचाने में लगा हुआ है। महाकुंभ के प्रचार प्रसार में भी यूपी रोडवेज बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहा है।

**लोगों को प्रयागराज आने के लिए किया जा रहा प्रेरित**

यूपी रोडवेज के प्रयागराज परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक एमके त्रिवेदी का कहना है कि कुंभ के आयोजन के सरकार के संकल्प को लोगों के बीच पहुंचाने के लिए रोडवेज की बसों में आओ चलें महाकुंभ के स्टिकर चस्पा किए जा रहे हैं। बसें महाकुंभ के रंग में रंगी नजर आएं इसके लिए रोडवेज बसों के पीछे कुंभ मेले से संबंधित पोस्टर, स्लोगन और दृश्य चित्रित किए जा रहे हैं। इस प्रयास से लोगों के बीच महाकुंभ के आयोजन और उसकी विशिष्टता की जानकारी साझा की जा रही है।

**स्वच्छता का संदेश**

सीएम योगी का स्पष्ट निर्देश है कि महाकुंभ 2025 प्रतिबंधित पॉलीथिन मुक्त हो । प्रयागराज का हर एक वार्ड - हर एक मोहल्ला स्वच्छ हो, मोहल्ला स्वच्छता समिति गठित कराएं। लोगों को जागरूक करें, मेला क्षेत्र समेत पूरा प्रयागराज स्वच्छता का मॉडल बनकर प्रतिष्ठित हो, इसके लिए हर किसी को योगदान करना होगा। यूपी रोडवेज ने मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप ही इसके लिए विभाग की तरफ से प्रयास शुरू कर दिए हैं। यूपी रोडवेज के प्रयागराज परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक एमके त्रिवेदी बताते हैं कि रोडवेज की तैयारी है कि महाकुंभ के दौरान प्रदेश के सभी 75 जिलों के अलावा राज्यों के लिए प्रयागराज से सीधी बस सेवा हो। इन सभी शहरों को जाने वाली बसें महाकुंभ का प्रचार करेगी। प्रयागराज परिक्षेत्र की बसों के बाहरी हिस्से में विनाइल रैपिंग की जाएगी जिसमे कुंभ से जुड़े संदेश और तस्वीरें बनी होंगी।

**पॉलीथीन मुक्त महाकुंभ की अपील**

उनका यह भी कहना है कि रोडवेज पर्यावरण संरक्षण से जुड़े सरकार के अभियान को भी आगे बढ़ा रहा है। परिवहन विभाग की बसों में पॉलीथीन मुक्त महाकुंभ के स्टीकर लगाए जा रहे हैं। इसके साथ ही चालकों व परिचालकों से महाकुम्भ को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए पॉलीथीन मुक्त अभियान को सफल बनाने की शपथ भी दिलाई गई है ।बसों के संचालन के दौरान ज्यादा से ज्यादा यात्रियों को जागरूक करने की अपील भी परिचालक और कर्मी कर रहे हैं।

## मुख्य समाचार

### जूता कारोबारी के बेटे की ट्रेन से कटकर मौत, बिल्लोचपुरा रेलवे स्टेशन के पास मिला शव

**आगरा।** जूता कारोबारी के 26 साल के बेटे की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। उसका शव बिल्लोचपुरा रेलवे स्टेशन के पास मिला। रात लगभग 1.30 बजे उसकी लाश ट्रैक से बरामद की गई। इसके बाद पुलिस ने घर-परिवार के लोगों को सूचना दी। मृतक की पहचान रामनगर, जगदीशपुरा निवासी जूता कारोबारी दिलीप कुमार विमल के 26 वर्षीय बेटा सौरभ के रूप में हुई। घर वालों के मुताबिक- सौरभ शनिवार शाम 6 बजे घर से निकला था, लेकिन रात 9 बजे तक घर नहीं लौटा तो परिजनों से उसे फोन किया। सौरभ ने कहा था कि वह अभी लौटकर आ रहा है। इसके बाद उसका मोबाइल फोन बंद हो गया। परिजन घबरा गए। इसके बाद उन्होंने उसकी तलाश शुरू की। देर रात तक उसे ढूंढते रहे लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। परिजन उसकी खोज कर ही रहे थे कि रात लगभग 1.30 बजे पुलिस का उनके पास फोन आया। उन्हें एसएन मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी बुलाया। यहां आकर उन्हें पता चला कि उनका बेटा अब इस दुनिया में नहीं रहा। हरीपर्वत प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बिल्लोचपुरा रेलवे लाइन पर ट्रेन की चपेट में आने से सौरभ की मौत हो गई। पुलिस ने सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं और पूछताछ की जा रही है। सौरभ की मौत से परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। सौरभ की मौत ने परिवार को गहरा आघात पहुंचाया है।

### बाइक सवरों ने मोबाइल छीन हुए फरार

**आगरा।** शहर मे मोबाइल चोरी की घटनाएं निरंतर बढ़ रही हैं पुलिस अभी मंथन में ही जुटी है की बाइक सवार बदमाशों ने एक बार पुनः पुलिस को चुनौती देते हुए मोबाइल छीन भाग निकले। मिली जानकारी के अनुसार नगला पदी निवासी दीपेंदर कुशवाह पुत्र डा दिलीप कुशवाह शाम लगभग 6 बजे गढीवाले गेट दयालबाग के पास मोबाइल से बात खर रहे थे तभी अचानक बाइक सवार दो युवक आए और मोबाइल छीन कर फरार हो गये। घटना की सूचना संबंधित थाने को दे दी गई है।

### आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सम्राट अशोक सेना के सदस्यों ने दिया धरना

**फतेहाबाद।** आगरा फतेहाबाद की ग्राम रसीलपुर में पिछले दिनों हुए जमीनी विवाद में मारपीट के दौरान 84 वर्षीय वृद्ध की उपचार के दौरान मौत के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सोमवार को समाज सेवी संस्था के सदस्यों ने ग्रामीणों के साथ फतेहाबाद तहसील मुख्यालय पर धरना दिया तथा एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। फतेहाबाद की ग्राम रसीलपुर में पिछले दिनों जमीनी विवाद में दो पक्षों में संघर्ष हो गया था। घटना में एक वृद्ध नत्थीलाल की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। घटना में दोनों ओर से मामला दर्ज किया गया था वृद्ध की मौत के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सोमवार को ग्रामीणों ने फतेहाबाद तहसील मुख्यालय पर धरना दिया तथा एसडीएम फतेहाबाद अनिल कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा।

### योजनाओं का लाभ समाज के सबसे नीचे वाले व्यक्ति तक पहुंचे, ना हो लापरवाही: अध्यक्ष

आगरा। राज्य महिला आयोग अध्यक्ष बबीता चौहान जी द्वारा महिला उत्पीड़न से संबंधित जन सुनवाई सर्किट हाउस के नवीन भवन में की गई। जन सुनवाई के दौरान 26 महिलाओं द्वारा प्रार्थना पत्र के माध्यम से अध्यक्ष को शिकायतों के निस्तारण के लिए आवेदन दिया गया, जोकि घरेलू हिंसा, सामूहिक बलात्कार, छेड छाड, यौन उत्पीडन, मारपीट आदि प्रार्थना पत्रों में अंकित शिकायतों को गम्भीरता से संज्ञान लेते हुए पुलिस विभाग और संबंधित विभागों को पृष्ठांकित करते हुए हस्तगत करायें और निर्देश दिये कि विभाग शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए शिकायतों का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। उक्त के अतिरिक्त उन्होने ए सी पी तथा महिला थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया कि थानों में महिलाओं के उत्पीडन जो भी शिकायतें प्राप्त होती है उनका शीघ्रता से निस्तारण कराते हुए पीडिता को न्याय दिलाया जाये। जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ महिलाओं से योजानाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

### आयोडीन नमक, गर्भवती और बच्चों के लिए वरदान

**आगरा।** जिले में विश्व आयोडीन अल्पता विकार दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर सीकरी में ब्लॉक साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया। इसमें आयोडीन युक्त खाद्य पदार्थों के सेवन से संबंधित जागरूकता बढ़ाने की जानकारी दी गई। 21 अक्टूबर को मनाए जाने वाले विश्व आयोडिन अल्पता विकार दिवस पर आयोडीन के पर्याप्त उपयोग के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने और आयोडीन की कमी के परिणामों पर प्रकाश डालना उद्देश्य है। दिवस पर संडीगुड़ उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले कार्य क्षेत्र में एएनएम वैशाली तिवारी और आशा कार्यकर्ता क्षमारानी ने गृह भ्रमण करके गर्भवती और धात्री माताओं को आयोडीन युक्त नमक और आयोडीन युक्त खाद्य पदार्थों के बारे में जागरूक किया।

## लखनऊ एक्सप्रेस वे पर भीषण हादसा, बेकाबू होकर पलटी सवारियों से भरी बस, चार गंभीर

पब्लिक एशिया संवाददाता



**आगरा।** थाना डौकी क्षेत्र स्थित आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा हो गया। सवारियों से भरी एक बस अचानक बेकाबू होकर हाईवे पर पलट गई। बस पलटने के बाद बस में बैठी यात्रियों में चीख पुकार मच गई। बस के शीशे तोड़कर सभी यात्री बाहर निकले। आसपास के खेतों में काम कर रहे स्थानीय लोग मौके पर पहुंचकर यात्रियों को बाहर निकाला।हादसे में बस में सवार चार यात्री गंभीर घायल हुए हैं। जिन्हें एंबुलेंस के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहाबाद पर भेजा गया है। सवारियों से भरी बस पलटने का कारण बस का टायर पंचर होना बताया जा रहा है। पुलिस ने बस को क्रेन के द्वारा एक्सप्रेसवे से हटवा दिया है। मामला आगरा के थाना डौकी क्षेत्र स्थित आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे किलोमीटर 9.7 का है। जहां गांव बिसारना के पास लखनऊ एक्सप्रेसवे पर दिल्ली से लखनऊ जा रही डीलक्स बस अचानक टायर पंचर होने के चलते बेकाबू हो गई।चालक ने बस को कंट्रोल करने की काफी कोशिश की। लेकिन बस की स्पीड ज्यादा होने से बस हाईवे पर पलट गई। बस में लगभग 50 लोग सवार थे। जिनमें चार लोग क्रमशः कुंदन पांडे निवासी लखनऊ, मोहम्मद अहमद निवासी अयोध्या, रजनीश निवासी आगरा, मोहम्मद मुजाहिद निवासी फैजाबाद घायल हो गए। हादसे की सूचना पर एक्सप्रेसवे के पास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को बस के शीशे तोड़कर बाहर निकाला। सूचना पर थाना डौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने एंबुलेंस बुलाकर सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहाबाद में भर्ती कराया है। इंस्पेक्टर डौकी जेएन सिंह ने बताया कि बेकाबू होकर एक्सप्रेस वे पर बस पलट गई। यूपीडा की टीम की मदद से क्रेन को बुलाकर बस को एक्सप्रेसवे से हटाया गया है। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## पचमढ़ी में बेसिक स्काउट मास्टर कोर्स का हुआ समापन

पब्लिक एशिया संवाददाता




**आगरा।** भारत स्काउट एवं गाइड द्वारा राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र पचमढ़ी में 7 दिवसीय दिल्ली राज्य के विभिन्न स्कूलों के 112 अध्यापकों का बेसिक स्काउट मास्टर/ गाइड कैप्टन कोर्स 15 से 21 अक्टूबर तक संपन्न हुआ। कोर्स का शुभारंभ विधिवत रुप से उपनिदेशक स्काउट लीडर ट्रेनर एसएस राय, उपनिदेशक गाइड लीडर ट्रेनर कुमुद मेहरा, डिप्टी डायरेक्टर ऑफ एजूकेशन दिल्ली सरकार रजिया बेगम द्वारा ध्वज रोहण के साथ किया गया। जिसमें देश भर से चुनिंदा एवं योग्य प्रशिक्षकों का चयन राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र पचमढ़ी द्वारा किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश आगरा से वरिष्ठ ट्रेनर डॉ दिग्विजय पचोरी एवं डॉ मनोज कुमार पाठक तमिलनाडु से श्री अय्यंदुरई एवं मुथूस्वामी, झारखंड से विपिन कुमार, मध्य प्रदेश से डॉ सी. एस घाटगे,दिल्ली से डॉ आर के झा एवं भूपेंद्र सिंह, राजस्थान से एस कुमार ने प्रशिक्षक के रूप में प्रतिभाग किया, सात दिवसीय कैंप में एपीआरओ भाग 2 के अनुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्ण कराया। प्रशिक्षार्थियों को राजेंद्र गिरि एवं जटाशंकर महादेव तक हाईक यात्रा कराई गई। जिसका सभी ने भरपूर आनन्द लिया। दोनों प्रशिक्षकों के आगरा लौटने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जितेंद्र कुमार गौड, जिला विद्यालय निरीक्षक मानवेंद्र सिंह, प्रादेशिक कमिश्नर स्काउट डॉ राजेश मिश्रा, प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट अरविंद श्रीवास्तव, जिला मुख्यायुक्त डॉ अनिल वशिष्ठ, जिला गाइड कमिश्नर डॉ ममता शर्मा, जिला सचिव रेनू भारद्वाज, जिला प्रशासनिक, अधिकारी डॉ शमा गुप्ता, वरिष्ठ लीडर ट्रेनर बी एस लवानिया, हरिश्चंद्र श्रीवास्तव, सत्यपाल मलिक, अशोक कुमार सोलंकी आदि मौजूद रहे।

## ठगी करने वाले 6 ठग गिरफ्तार

- फोटो अपलोड कर सस्ते सामान का लालच देते, अश्लील क्लीप बनाकर करते ब्लैकमेल



पब्लिक एशिया संवाददाता

**मथुरा।** गोवर्धन पुलिस ने कई साइटों पर ऑनलाइन सस्ते सामान का झांसा देकर साइबर ठगी करने वाले 6 ठगों को गिरफ्तार किया। जिनके पास से मोबाइल फोन, फर्जी आधार कार्ड, तमंचा और कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस को लंबे समय से उनकी तलाश थी। थाना प्रभारी विनोद बाबू मिश्रा ने बताया मुखबिर की सूचना पर गांव मुड़सेरस से नगला अकातिया जाने वाले रास्ते पर खेत से उम्मर, साहिल, ताहिर, आमिर, शहजाद, मौसम निवासीगण ग्राम नगला अकातिया थाना गोवर्धन को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से 6 मोबाइल फोन, 6 फर्जी आधार कार्ड, एक तमंचा और एक कारतूस बरामद किया।

**झांसा देकर खाते में रकम डलवाते:** थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी फर्जी आधार कार्डों से विभिन्न कंपनियों के सिम खरीदते थे। इन्हीं के सहारे विभिन्न साइट्स पर सस्ते दामों पर टीवी, फ्रिज, एसी आदि के फोटो डालकर लोगों को भ्रमित कर अपने जाल में फंसाते थे। अपने झांसे में लेकर अपने खाते में रकम डलवा लेते थे। होम डिलीवरी के नाम पर भी रकम ले लेते थे। पहचान वाला बनकर भी रकम मांगते थे। कई बार स्क्रीन रिकार्डिंग कर अश्लील क्लीप बना लेते थे। इस एवज में भी रकम ऐंठते का काम करते हैं। मथुरा में साइबर ठगी का लंबे समय से जाल फैला हुआ है और आए दिन कोई ना कोई लोगों के जाल में फंस जाता है। जिससे वह ठगी का शिकार हो जाता है लेकिन पुलिस साइबर ठगों पर पूरी तरह से अंकुश नहीं लग पा रही है।

## धन कुमार जैन श्री सरार्फा कमेटी (रजि.) के बने अध्यक्ष



**आगरा (पब्लिक एशिया संवाददाता)।** श्री सरार्फा कमेटी (रजि.) किनारी बाजार, आगरा का निर्विरोध निर्वाचन सम्पन्न हुआ। जिसमे धन कुमार जैन (धन्नू) सी.बी. वैन्स लि. को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया है।श्री सरार्फा कमेटी (रजि.) आगरा जनपद के सरार्फा व्यवसाययों का सबसे पुराना और प्रतिष्ठित संगठन है।

श्री सरार्फा कमेटी (रजि.) के निर्विरोध निर्वाचन पर आगरा व्यापार मण्डल, आगस नेशनल चैम्बर ऑफ इंडस्ट्री एंड कॉमर्स, आगरा अग्रवाल महासभा आगरा स्वर्णकार व्यवसायी समिति, नमक की मंडी, किनारी बाजार सरार्फा व्यवसायी समिति,

सरार्फा एसोसिएशन आगरा, ने हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ दी है।

गौरतलब है कि धन कुमार जैन (धन्नू) विभिन्न समाजिक और धार्मिक कार्यो में बढ़ - चढ़कर भाग लेते हैं और तन, मन और धन से सहयोग करते हैं।

## नहर न चलने से फसलों की बुवाई में हो रही देरी

- चिंतित किसानों ने की नहर चलवाने की मांग

पब्लिक एशिया संवाददाता

**पिनाहट।** आलू, सरसों और गेहूं की फसलों की बुवाई से पूर्व खेतों की पलेवट होनी है। और नहर नहीं चलने से किसान चिंतित हैं। किसानों का मानना है। कि समय रहते पलेवट नहीं होने से फसलें लेट हो जाती है। जिनमे रोग लगने का खतरा बढ़ जाता है। पिनाहट घाट से निकल कर इटावा तक की करीब 800 हेक्टेयर भूमि को सिंचित करने वाली राजा महेन्द्र रिपुदमन सिंह चंबल डाल नहर परियोजना इस बंद है। और इसी समय पर आलू, सरसों और गेहूं जैसी कीमती फसलों की बुवाई होनी है। जिससे पूर्व खेतों की पलेवट होनी है। जिसके लिए पानी की जरुरत है। नहर नहीं चलने से फसलों की बुवाई में देरी हो सकती है। जिससे किसान भारी चिंतित हैं। विप्रावली के किसान रामवीर सिंह ने बताया कि फसलों की बुवाई में देरी होने के कारण फसलों में रोग लगने का खतरा बढ़ जाता है। साथ ही फसलों की कटाई के समय की परेशानियों आती है। किसानों का आरोप है। कि जब नहर फसलों की सिंचाई के लिए ही बनी है। तो समय पर चालू क्यों नहीं की जाती है। हर बर्ष नहर संचालन के लिए किसानों को चीखना पड़ता है। तब नहर चालू हो पाती है। किसानों ने नहर के जल्द चालू करने की मांग की है। किसानो में शिव कुमार पचौरी, विजय परिहार, रिंकू भदौरिया, विजय सिंह वर्मा, गिरीश अरेले, अजय वर्मा, हेमू भदौरिया,आदि।

## यमुना शुद्धिकरण और घाट सौंदर्यीकरण के लिए ज्ञापन सौंपा

पब्लिक एशिया संवाददाता



**आगरा।** रिवर कनेक्ट कैंपेन के सदस्यों की टीम ने मंडलायुक्त महोदया ऋतु माहेश्वरी से मुलाकात की और यमुना शुद्धिकरण एवं यमुना आरती स्थल घाट सौंदर्यीकरण के संबंध में एक ज्ञापन भेंट किया।

संयोजक ब्रज खंडेलवाल ने बताया कि रिवर कनेक्ट कैंपेन 2014 से निरंतर डेली आरती सभा का आयोजन कर रहा है, जिसमें यमुना बैराज निर्माण, रिवर फ्रंट डेवलपमेंट, तलहटी की सफाई, और राष्ट्रीय नदी नीति की मांगों को नियमित उठाया जाता रहा है।

ज्ञापन भेंट करने वाले सदस्यों में डॉ. देवाशीष भट्टाचार्य, गोस्वामी नंदन श्रोत्रिय, पंडित जुगल किशोर, अभिनव, चतुर्भुज तिवारी और ब्रिज खंडेलवाल शामिल थे। उन्होंने यमुना नदी की स्थिति और इसके संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाने पर जोर दिया। रिवर कनेक्ट कैंपेन की टीम का मानना है कि यमुना नदी की शुद्धता और संरक्षण न केवल पर्यावरण के लिए आवश्यक है, बल्कि यह स्थानीय समुदायों के लिए भी महत्वपूर्ण है। हम सभी संबंधित प्राधिकरणों से अनुरोध करते हैं कि वे इस दिशा में आवश्यक कदम उठाएं और यमुना नदी को पुनर्जीवित करने में हमारा सहयोग करें। इस प्रयास में सभी लोगों की भागीदारी आवश्यक है, ताकि हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और स्वस्थ यमुना नदी का निर्माण कर सकें।

## मथुरा नगर निगम में फर्जी दस्तावेज से हासिल की नौकरी

पब्लिक एशिया संवाददाता

**मथुरा।** फर्जी प्रमाणपत्र के आधार पर नियुक्ति के मामले में नगर निगम के एक बाबू की जांच अपर नगर आयुक्त ने फिर शुरू कर दी है। पार्षद की शिकायत पर तत्कालीन नगर आयुक्त द्वारा कराई गई जांच की फाइल निगम कार्यालय से गुम हो गई है। जिसकी तलाश जारी है।नगर निगम के वार्ड 56 के पार्षद नीनू कुंजबिहारी भारद्वाज ने पिछले दिनों मंडलायुक्त रितु माहेश्वरी से की शिकायत के बाद नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने निगम के बाबू विवेक शर्मा की जांच के निर्देश दिए हैं। इस मामले की जांच नगर निगम के अपर नगर आयुक्त रामजीलाल द्वारा शुरू कर दी है। बाबू की पूर्व में हुई शिकायत और जांच रिपोर्ट खंगाली तो वह कार्यालय से गुम मिली। इस पर बाबू की पूर्व में हुई जांच रिपोर्ट और उसकी फाइल की तलाश की जा रही है। निगम के कनिष्ठ लिपिक विवेक शर्मा के संबंध में नगर निगम के वार्ड 56 के पार्षद ने नगर आयुक्त से गत दो अक्तूबर को फर्जी प्रमाणपत्र के आधार पर नियुक्ति की शिकायत की थी। इस मामले में 2019 में तत्कालीन नगर आयुक्त समीर वर्मा के निर्देश पर सहायक नगर आयुक्त ने जांच कराई। जांच रिपोर्ट में नियुक्ति के लिए फर्जी प्रमाणपत्र का उपयोग पाया गया। इस पर नगर आयुक्त ने लिपिक को कारण बताओ नोटिस दिया था। अपर नगर आयुक्त रामजीलाल ने बताया कि फर्जी प्रमाणपत्र के आधार पर मृतक आश्रित में लिपिक के पद पर नियुक्ति के मामले की जांच नगर आयुक्त के निर्देश पर फिर शुरू कर दी है। इस मामले में जांच कर पांच दिनों में जांच रिपोर्ट सौंपनी है।

## अनियंत्रित बाइक विद्युत पोल से टकराई सवार गंभीर

**पिनाहट (पब्लिक एशिया संवाददाता)।** बाजार से खरीदारी कर वापस घर लौट रहे युवक की बाइक अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकरा गई। जिससे सवार गंभीर रूप से घायल हो गया है।

थाना बसई अरेला क्षेत्र के गांव जवाहर पुरा निवासी विनेश पुत्र छविराम उम्र करीब 20 वर्ष सोमवार देर शाम करीब 8:30 बजे बाइक से भदरौली बाजार से खरीदारी कर वापस घर लौट रहा था। तभी आगरा बाह मार्ग स्थित पिनाहट मोड़ के पास बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से टकरा गई है। जिससे बाइक सवार विनेश बुरी तरह घायल हो गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस और ग्रामीणों ने घायल को उपचार के लिए आगरा रेफर कर दिया है। स्वजन के अनुसार विष की हालत गंभीर बनी हुई है।

## डांडिया उत्सव में सुर्ख परिधान व सोलह श्रंगार कर पहुंची सखियां

पब्लिक एशिया संवाददाता



**आगरा।** सुर्ख परिधान, सोलह श्रंगार कर दुल्हन बनकर पहुंची सखियां आज उत्साह और उमंग से भरी थीं। एक तरफ डांडिया का उत्सव था तो दूसरी ओर करवाचौथ क्वीन बनने के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा। सौन्दर्य के साथ बौद्धिकता के समागम के साथ अग्रवाल महासभा रामबाग द्वारा वॉटर वर्क्स स्थित अतिथि वन में करवाचौथ व डांडिया उत्सव का आयोजन किया। जिसमें महासभा की सखियों ने उत्साह व उमंग के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि व समाजसेवी संगीता अग्रवाल नें मां सरस्वती व महाराजा अग्रसेन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर व माल्यार्पण कर किया। अध्यक्ष निशा सिंघल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए सभी सकियों को करवाचौथ उत्सव की लिए शुभकामनाएं दीं। डांडिया क्वीन बनने के लिए जहां महिलाओं ने अपनी कलात्मकता को बखूबी प्रदर्शित किया वहीं करवाचौथ क्वीन के लिए सोलह श्रंगार के साथ रचनात्मकता व भारतीय संस्कृति व परम्परा से जुड़े सवालों के लिए अपनी बौद्धिकता का लोहा मनवाया। मस्ती और उमंग के साथ सभी सखियों ने उत्सव को खूब इंजॉय किया। रेनू गोयल, डांडिया क्वीन, चंचल ग्रवाल करवाचौथ क्वीन, लकी ड्रा ग्रीष्मा अग्रवाल, पंच्वेलटी विनर प्रियंका अग्रवाल व गेम में कृष्णा अग्रवाल ने बाजी मारी। उपहार के रूप में सुहाग सामग्री व पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के संदेश के साथ गुलमोहर, पीपल, नीम जैसे पौधे भेंट किए गए। इस अवसर पर मुख्य रूप से गिरिषमा, ममता अग्रवाल, साक्षी, नेहा, स्वाती, चंचल, सुनीता, आरवी, ब्रजेश, अनुष्का, आयुषी दीक्षा, कृष्णा आदि उपस्थित थीं।

## 8 नवम्बर से होगा जूता उद्योग का तीन दिवसीय महाकुम्भ मीट एट आगरा

- 35 से अधिक देशों के लगभग 200 से अधिक एग्जीबिटर्स होंगे शामिल




पब्लिक एशिया संवाददाता

**आगरा।** जूता उद्योग के महाकुम्भ के रूप में विख्यात लेदर, फुटवियर कंपोनेंट्स एन्ड टेक्नोलॉजी फेयर ह्यमीट एट आगराह्व के 16वें संस्करण की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। इस इंटरनेशनल ट्रेड फेयर में क्या खास होगा, कितने देशों की भागीदारी होगी, ऐसे तमाम सवालों के जवाब में सोमबार को वाईपास रोड स्थित होटल लेमन ट्री में आयोजित प्रेसवार्ता में सामने आये। आगरा फुटवियर मैन्युफेक्चरर्स एंड एक्सपोर्टर्स चैम्बर (एफमेक) द्वारा सींगना स्थित आगरा ट्रेड सेंटर पर आयोजित हो रहा तीन दिवसीय फेयर मीट एट आगरा 08 से 10 नवम्बर 2024 तक चलेगा। आयोजन के विषय में जानकारी देते हुए एफमेक के अध्यक्ष पूरन डावर ने बताया कि डेढ़ दशक की अपनी यात्रा में इस आयोजन ने देश में ही नहीं दुनियां में भी अपनी खास पहचान बनाई है। लगभग 35 से अधिक देश और लगभग 200 से अधिक एग्जीबिटर्स इस साल इस आयोजन में भाग ले रहे हैं। इस फेयर में इस साल लगभग 6 हजार ट्रेड विजिटर्स और 20 हजार से अधिक फुटफॉल के आने की संभावना है। भारत विश्व की बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है इसको रफ्तार देने में आगरा का जूता उद्योग अहम् भूमिका निभा रहा है। आयोजन अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में मददगार साबित होते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार और ओद्योगिक संगठनों के इन प्रयासों से मौजूदा 26 अरब डॉलर का भारतीय फुटवियर बाजार 2030 तक 47 अरब डॉलर तक हो सकता है। यह वृद्धि मुख्य रूप से भारत में गैर-चमड़े के जूते जैसे खेल के जूते. दौड़ने के जूते, कैजुअल वियर और स्नीकर्स की मांग में हो रही वृद्धि का फायदा उठाकर हो सकती है।

## मुख्य समाचार

### विजेंद्र सिंह सेवानिवृत्ति एडीजीपी पुलिस अखिल भारतीय पंचायत परिषद से जुड़े



**अलीगढ़।** संदीप शर्मा। विजेंद्र सिंह आईपीएस एडीजीपी पद से सेवानिवृत्ति समाजसेवी विचारक आज गैर राजनीतिक संगठन अखिल भारतीय पंचायत परिषद के उत्तर प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय सचिव गवेन्द्र सिंह एडवोकेट के प्रयास से अखिल भारतीय पंचायत परिषद में शामिल हुए, उन्होंने इस अवसर पर कहा पंचायत परिषद के संगठन को मजबूत करने के लिए मैं अपना पूर्ण रूप से सहयोग और अपनी सेवाएं दूंगा तथा पंचायत प्रतिनिधियों के उत्थान के लिए ठोस कारगर योजना बनाने के लिए काम किया जाएगा। जिस महान पुरुषों के ग्राम स्वराज के सपने को साकार किया जा सके। उत्तर प्रदेश प्रभारी गवेन्द्र सिंह ने बताया बृजेंद्र सिंह वर्ष 1994 95 मैं एसएसपी अलीगढ़ रह चुके हैं और एडीजीपी पुलिस के पद से सेवानिवृत्ति है, जो सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं तथा विचारक भी है। ऐसे योग्य एवं अनुभवी व्यक्ति के अखिल भारतीय पंचायत परिषद से जुड़ने से पंचायत परिषद के संगठन को उनके अनुभव का लाभ मिलेगा तथा और अधिक मजबूत होगा।

### सड़क दुर्घटना में तीन मरे, दो घायल




**मथुरा।** उत्तर प्रदेश में मथुरा जिले के राया क्षेत्र में सोमवार तड़के एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि दो अन्य गंभीर रुप से घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यमुना एक्सप्रेसवे के 110 माईन स्टोन पर आगरा से नोयडा की तरफ जा रही कार की टक्कर आगे जा रहे वाहन से टकरा गयी। पुलिस का मानना है कि संभवत- कार चालक को झपकी आना हादसे का सबब बना।गाड़ी में सवार सभी दोस्त थे। इस दुर्घटना में पंकज वर्मा निवासी स्वरूप नगर नई दिल्ली, आवेश निवासी बिहार और रोहित की मौके पर ही मृत्यु हो गई। इस दुर्घटना में निर्मल कुमार और विजेंद्र प्रसाद निवासी दिल्ली गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। दोनों को सिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### सफाई कर्मियों ने फूंका महापौर का पुतला दहन



**अलीगढ़।** संदीप शर्मा। सोमवार को निजीकरण को लेकर नगर निगम परिसर में नगर सफाई मजदूर संघ के अध्यक्ष महामंत्री के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में सफाई कर्मचारियों ने महापौर का पुतला दहन करके विरोध किया अध्यक्ष मंत्री ने कहा कि जल्द से जल्द मेयर और नगर आयुक्त अपने इस फैसले को वापस ले नहीं तो सफाई कर्मचारी इस व्यवस्था के खिलाफ किसी भी हद तक जा सकता है इस मौके पर शिवम धूरी, बलवीर सेठ, बबलू कमल पूर्व अध्यक्ष, अमर रागी, पहलाद रागी, देवानंद, विनोद कुकू, सुनील चौहान, रॉबिन बेनीवाल, धुरी आशीष कुमार नीरज रंजीत पार्षद, निशांत चौहान, डॉक्टर ज्ञानेंद्र, ओमकार चौहान, महेंद्र पंजाबी, विशाल उज्जैनवाल, शरद चौहान, भूरा राठी , आदि मौजूद रहे।

### अज्ञात चोरों ने की साधु की झोली से किया मोबाइल और नगदी पार

**अलीगढ़।** संदीप शर्मा। जनपद के दादों थाना क्षेत्रान्तर्गत गांव रामनगर में मंदिर पर अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया। बताते हैं कि रविवार की रात को चोर मंदिर में घुस गये और सोते हुए साधु रामदास पुत्र धर्मदास की झोली में रखे 3 हजार और एक मोबाइल फोन चुराकर ले गये। चोरी की घटना की जानकारी साधु को दूसरे दिन सुबह उठने पर हुई। साधु ने चोरी की घटना की सूचना अज्ञात चोरों के क्षेत्रीय थाना पुलिस को दी है।

# फ्रेशर पार्टी में सीनियर ने जूनियर का किया अभिनंदन

पब्लिक एशिया ब्यूरो




**अलीगढ़।** संदीप शर्मा। मंगलायतन विश्वविद्यालय के कृषि विभाग में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन धूमधाम से किया गया। सीनियर ने जूनियर को गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम में गीत, संगीत व नृत्य की त्रिवेणी प्रवाहित हुई।

कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. पीके दशोरा व डीन एकेडमिक प्रो. राजीव शर्मा ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। उन्होंने विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम में मिस फ्रेशर शिवा कुमारी, मिस्टर फ्रेशर चेतन। मिस अटायर नेहा, मिस्टर अटायर जसवंत को चुना गया। विजेताओं को सम्मानित किया गया। निर्णायक डा. अबरार हुसैन व आशीष विमल रहे। विभागाध्यक्ष प्रो. प्रमोद कुमार ने आभार व्यक्त किया। समन्वयक डा. पवन कुमार सिंह रहे। इस अवसर पर डा. आकांक्षा, डा. मयंक प्रताप, डा. प्रत्यक्ष पांडे, डा. कृष्णा, अमित शर्मा, शिवानी रावत, जितेंद्र, पंकज कुमार, देवेंद्र सिंह आदि थे। संचालन नैना व विवेक ने किया। आयोजन में छात्र विपिन, अनुराग, विवेक चौधरी, स्नेहल, शालिनी, विष्णु राघव, सर्वदा, गुंजन का विशेष सहयोग रहा। वहीं, दृश्य एवं कला विभाग में भी फ्रेशर पार्टी हुई। शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। सीनियर्स ने अपने जूनियर्स का स्वागत रंगारंग कार्यक्रमों के साथ किया। संचालन गुंजन यादव व ज्योति गौतम ने किया। सीनियर्स में लीना, श्रष्टि, वैभवी, ज्योति, मुस्कान, खुशी, देवादित्य ने सराहनीय प्रस्तुति दी। जूनियर्स मे दीपक कुमार, अर्जुन यादव ने कविता, तनिष्का, राखी राघव व कल्पना ने नृत्य प्रस्तुत किया। संयोजन चंचल, सुशांत, फरहा का रहा। मिस्टर फ्रेशर अर्जुन यादव व मिस फ्रेशर तनिष्का मिश्रा रहे। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डा. पूनम रानी, प्रो. मनीषा शर्मा, विलास पालखे, डा. रामकृष्ण घोष, डा. प्रेम लता, अजय सिंह राठौर, उदय सिंह कुशवाहा आदि थे।

## पिता के हत्यारे बेटे को तलाश रही पुलिस गिरफ्तारी के लिए जुटी हैं तीन टीमें

पब्लिक एशिया ब्यूरो




**अलीगढ़।** संदीप शर्मा। लोधा थाना लोधा क्षेत्र के ल्हौसरा गांव में लाइसेंसी बंदूक से पिता की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस अभी तक मृतक के बेटे को गिरफ्तार नहीं कर सकी है।

पुलिस ने आरोपी पूर्व सैनिक बेटे की तलाश में पुलिस की तीन टीमें जुटी हुई हैं। खेत पर पिता-पुत्र में विवाद हो गया। किशनपाल ने पिता को गालियां देनी शुरू कर दीं। इतना ही नहीं वह डंडा लेकर पिता की तरफ लपका। घबराए बनी सिंह वहां से निकल आए। वह छिपते-छुपाते घर पहुंच गए। पीछे-पीछे उनका बेटा किशनपाल भी यहां आ गया।

गांव के 72 वर्षीय बनी सिंह खेत पर गए थे। इसी दौरान उनका बेटा पूर्व सैनिक किशनपाल भी पहुंच गया। यहां किसी बात पर पिता-पुत्र में विवाद हो गया। किशनपाल ने पिता को गालियां देनी शुरू कर दीं। इतना ही नहीं वह डंडा लेकर पिता की तरफ लपका। घबराए बनी सिंह वहां से निकल आए। वह छिपते-छुपाते घर पहुंच गए।

पीछे-पीछे उनका बेटा किशनपाल भी यहां आ गया। उसने घर में रखी लाइसेंसी दोनाली बंदूक उठाई और पिता की तरफ तान दी। घबराए बनी सिंह यहां से अपने छोटे बेटे नरसिंह पाल के घर आ गए। किशनपाल यहां भी पहुंच गया और पिता को गालियां देने लगा।

इसी दौरान उसने अपनी बंदूक से गोली चला दी। गोली बनी सिंह की गर्दन में लगी और वह घर के आंगन में खून से लथपथ होकर गिर गए। जेएन मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। एसपी सिटी मृगांक शेखर पाठक ने बताया कि आरोपी पूर्व सैनिक की तलाश में पुलिस की तीन टीमें जुटी हुई है।

## 15 घरों पर लगाए लाल निशान तीन को तोड़ा

**महापौर आवास पर प्रदर्शन**

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**अलीगढ़।** संदीप शर्मा। महानगर के बरौला जाफराबाद में बिना नोटिस दिए नगर निगम टीम ने तीन घर तोड़ दिए। इससे गुस्साए लोगों ने महापौर प्रशांत सिंघल के आवास पर प्रदर्शन किया। लोगों ने कहा कि बिना नोटिस देकर नगर निगम टीम ने 15 घरों पर लाल निशान लगाए गए हैं। बरौला चौराहा वार्ड नंबर-54 में बरौला ऊपरगामी पुल के पास रहने वाले लोगों ने बताया कि उनके पूर्वज 90-100 साल पहले यहां बसे थे। उनके मोहल्ले में दो महीने पहले आरसीसी सड़क बनी है, जो वार्ड नंबर-40 से जुड़ती है। मगर यहां के पार्षद ने सड़क को चौड़ी करने के लिए नगर आयुक्त से पत्र लिखकर मांग की। 16 अक्तूबर को नगर निगम की टीम ने घरों पर लाल निशान लगा दिए। इनमें तीन घरों को तोड़ दिया गया, जबकि अन्य ने स्वयं तोड़ लेने की बात की कही। इसके बाद टीम वापस चली गई। बंटी लोधी ने बताया कि नगर निगम टीम ने तीन घर तोड़ दिए। अगर लाल निशान लगाने थे, तो सड़क बनने से पहले नोटिस देना चाहिए। जब सड़क बन गई, तब घर तोड़े जा रहे हैं, जो सही नहीं है। प्रदर्शन में भाजपा बूथ अध्यक्ष मनोज कुमार, राजेंद्र कुमार, हरि सिंह, रामकुमार, वीरेंद्र पाल सिंह, जुगल किशोर आदि मौजूद रहे। उधर, इस संबंध में महापौर प्रशांत सिंघल ने लोगों को आश्वासन दिया कि उनके साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

# पुलिस कर्मी अपनी जिम्मेदारी को पूरी कर्तव्य निष्ठा के साथ पूरा करें

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**अलीगढ़।** संदीप शर्मा। वर्दी पहनने के साथ ही इसे पहनने वाले को एक जिम्मेदारी मिलती है। हर पुलिस कर्मी अपनी इस जिम्मेदारी को पूरी कर्तव्य निष्ठा के साथ पूरा करे और आमजनों में सुरक्षा का माहौल बनाए। जिससे कि लोगों को अपराध मुक्त और भयमुक्त माहौल मिल सके। यह उद्गार अलीगढ़ एडीजी आगरा जोन अनुपम कुलश्रेष्ठ ने पुलिस कर्मियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किये।

पुलिस लाइन में कही। पुलिस स्मृति दिवस 2024 के मौके पर अलीगढ़ पुलिस लाइन में कार्यक्रम हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर एडीजी मौजूद रही। उन्होंने पहले चीन बॉर्डर पर शहीद हुए पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि दी, इसके बाद पुलिस कर्मियों को संबोधित किया।

एडीजी के बाद डीआईजी प्रभाकर चौधरी, एसएसपी संजीव सुमन समेत सभी आलाधिकारियों ने शहीद पुलिस कर्मियों को पुष्प अर्पित करके नमन किया। इस दौरान बताया गया कि भारत की उत्तरी सीमा लद्दाख के बर्फीले क्षेत्र में चीन ने 10 जवान शहीद कर दिए थे। सीआरपी के इन्हीं जवानों की याद में पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है।

लद्दाख के बर्फ से ढ़के क्षेत्र में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपी) के 10 जवान अपनी ड्यूटी कर रहे थे। 21 अक्टूबर 1959 को चीनी सैनिकों ने अचानक धोखे से उन पर हमला कर दिया और घात ल गाकर रायफल और मोर्टार से उन्हें शहीद कर दिया। लेकिन इन जवानों ने देश की रक्षा के लिए डटकर मुकाबला किया था और चीनी सैनिकों को मुंह तोड़ जवाब दिया था। एडीजी ने पुलिस कर्मियों को शपथ दिलाई कि यूपी पुलिस हमेशा आमजनों के साथ है और उनकी सुरक्षा और रक्षा के लिए पूरी निष्ठा से काम करेगी। आमजनों को भयमुक्त, अपराध मुक्त और भ्रष्टाचार मुक्त माहौल दिलाया जाएगा। जिससे कि आमजनों को कोई परेशानी न हो।

कार्यक्रम के दौरान एसपी सिटी मृगांग शेखर पाठक, एसपी देहात अमृत जैन, सीओ थर्ड एएसपी मयंक पाठक समेत विभिन्न पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

## सपा छात्र सभा के जिलाध्यक्ष समेत कई को किया नजरबंद

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**अलीगढ़।** संदीप शर्मा। समाजवादी पार्टी छात्र सभा के महानगर अध्यक्ष मो. मोहसिन मेवाती ने छात्रसंघ चुनाव की मांग पूरी न होने पर दीक्षांत समारोह का विरोध किया जाएगा। दीक्षांत समारोह का विरोध करने की जानकारी होने पर पुलिस देर रात तक सपा नेताओं को तलाश करती रही।


छात्रसंघ चुनाव की मांग पूरी न होने पर समाजवादी यूथ फ्रंटल ने राजा महेंद्र प्रताप राज्य विश्वविद्यालय (आरएमपीएसयू) में पहुंचकर दीक्षांत समारोह के विरोध का एलान किया। इस पर पुलिस ने समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष तरुण कुमार, अयान रंगरेज, नागेश बघेल को आवास पर नजरबंद कर दिया। सपा छात्र सभा के महानगर अध्यक्ष मो. मोहसिन मेवाती ने 20 अक्टूबर को पत्रकारों से कहा कि छात्रसंघ चुनाव की मांग पूरी न होने पर दीक्षांत समारोह का विरोध किया जाएगा। युवजन सभा के पूर्व महानगर अध्यक्ष आमिर आबिद ने कहा कि सुबह 10 बजे दोदपुर चौराहे से समाजवादी कार्यकर्ता विश्वविद्यालय परिसर के लिए कूच करेंगे।

छात्र सभा के प्रदेश सचिव अजीम अब्बासी ने बताया कि कई सत्र से छात्र संघ के चुनाव नहीं कराए जा रहे हैं। लोहिया वाहिनी के महानगर अध्यक्ष तरुण वाल्मीकि, छात्र नेता इमरान पठान ने कहा कि अगर विवि प्रशासन हमारी मांग नहीं मानता है तो हम दीक्षांत समारोह का आयोजन नहीं होने देंगे, चाहे उसके लिए हमें किसी भी हद तक जाना पड़े।

समाजवादी यूथ फ्रंटल में छात्र सभा, युवजन सभा और लोहिया वाहिनी के करीब 60 पदाधिकारी शामिल हैं। ये पदाधिकारी शहर के सिविल लाइन, कोतवाली, देहलीगेट, सासनीगेट, क्वार्सी और बन्नादेवी थाना क्षेत्र में रहते हैं। दीक्षांत समारोह का विरोध करने की जानकारी होने पर पुलिस देर रात तक सपा नेताओं को तलाश करती रही।

## डा. फारूक अहमद डार का अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में आमंत्रित व्याख्यान

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**अलीगढ़।** संदीप शर्मा। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के यूनानी चिकित्सा संकाय के अध्यक्ष मनाफउल अजा विभाग के अध्यक्ष

डॉ. फारूक ए डार ने इस्लामिक यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (आईयूएसटी), अवंतीपोरा जम्मू और कश्मीर में स्वस्थ जीवन के लिए आयुष पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में एक आमंत्रित व्याख्यान दिया। सम्मेलन का आयोजन आयुष विज्ञान केंद्र, यूएसटी द्वारा भारतीय और आधुनिक चिकित्सा प्रणालियों को एकीकृत करने के विषय पर किया गया था। डॉ. डार ने दोनों प्रणालियों के एकीकरण के लिए मॉडल प्रस्तुत किए। उन्होंने प्रभावी एकीकरण के लिए नीति और नियामक ढांचे और संरचना बनाने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने रोगी के बेहतर परिणाम के लिए एकीकृत उपचार प्रोटोकॉल विकसित करने की भी सिफारिश की।

# जिला अस्पताल परिसर में भिड़े दो पक्ष

पब्लिक एशिया ब्यूरो




**हाथरस।** संदीप शर्मा। बागला जिला अस्पताल परिसर में दो पक्षों में पहले तो जमकर गाली गलौज हुई और फिर मारपीट हो गई। इससे वहां हंगामा खड़ा हो गया। कुछ समय के लिए वहां अफरा तफरी जैसा माहौल पैदा हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत कराया।

नगर पालिका परिषद में आज कुछ सफाई कर्मचारियों का अपने ठेकेदार से रुपए के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। उन्होंने ठेकेदार पर भुगतान न करने का आरोप लगाया। इस दौरान कुछ लोग इस मामले की शिकायत को लेकर नगर पालिका के सामने जिला अस्पताल की पुलिस चौकी पर पहुंच गए। दूसरा पक्ष भी वहां पहुंच गया। जिला अस्पताल परिसर में ही फिर दोनों पक्षों में गाली गलौज हो गई। इस दौरान फिर दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। वहां जमकर शोर मचा। हंगामे और मारपीट की सूचना मिलने पर पुलिस भी आ गई। दोनों पक्ष पुलिस के सामने भी लड़ने लगे। पुलिस ने दोनों पक्षों को अलग-अलग कराया और कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया। बाद में मामला शांत हो गया और इन्हें पुलिस ने छोड़ दिया।

# जिलाधिकारी ने अवशेष कार्यों को तत्काल गुणवत्तापूर्णढंग से पूर्ण करने के दिए निर्देश

पब्लिक एशिया ब्यूरो




**हाथरस।** संदीप शर्मा। जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराये जा रहे कार्यों की प्रगति धीमी होने पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराये जा रहे कार्यों की नियमित रूप से जाँच करते हुए प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु कार्यदायी संस्था को विभागीय अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए बेहतर ढंग से कार्य करने, किसी भी तरह की लापरवाही न बरतने तथा गाइडलाइन के अनुसार निर्धारित समयावधि में लक्ष्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यदायी संस्था को अवशेष कार्यों को ससमय पूर्ण करने तथा पाईप लाईन बिछाने हेतु सड़कों कि की गई खुदाई के पश्चात् उन्हें शासनादेश के अनुरूप यथास्थिति सही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि निर्धारित अवधि में कार्यों को पूर्ण नहीं किया जाता है तो संबंधित के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही अमल लाई जायेगी। अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज-2 के अन्तर्गत कार्यदायी फर्म मै0 ऑयन एक्सचेंज इण्डिया लि0 द्वारा 28 नग, पेयजल योजनाओं में लक्षित 89 नग ट्यूबैलों के सापेक्ष 84 नग ट्यूबैल वोर करा दिये गये हैं। शेष पर कार्य प्रगति पर है। जल जीवन मिशन कार्यकम फेज-2 के अन्तर्गत 28 नग पेयजल योजनाओं में 710 कि0मी0 वितरण प्रणाली विछा दी गयी है। शेष पर कार्य प्रगति पर है। जल जीवन मिशन कार्यकम फेज-2 के अन्तर्गत 03 नग पेयजल योजनाओं पर आंशिक रूप से पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करा दी गयी है। जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज-3 के अन्तर्गत फर्म मै0 बी0जी0सी0सी0पी0एल0 रामकी (जे0वी0) द्वारा 252 नग पेयजल योजनाओं में लक्षित 363 नग ट्यूबैलों के सापेक्ष 321 नग ट्यूवैलों पर कार्य प्रारम्भ करा दिया गया है। जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज-3 के अन्तर्गत 252 नग पेयजल योजनाओं में 1600 कि0मी0 वितरण प्रणाली विछा दी गयी है। शेष पर कार्य प्रगति पर है। जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत 55 नग पेयजल योजनाओं पर आंशिक रूप से पेयजल आपूर्ति की जा रही है। अधिशासी अभियन्ता जल निगम को साइट का निरीक्षण कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अधीक्षण अभियंता विद्युत ने बताया कि 94 परियोजना स्थल पर ट्रांसफार्मर स्थापित किया जाना है। 30 ट्रांसफार्मर प्राप्त हो चुके है तथा अगले सप्ताह में 30 ट्रांसफार्मर प्राप्त हो जायेंगे। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता जल निगम को प्राथमिक के आधार पर परियोजना स्थल की सूची विद्युत विभाग को उपलध कराने तथा अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को सूची के आधार पर ट्रांसफार्मर लगाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, अधीक्षण अभियंता विद्युत, अधिशासी अभियन्ता जल निगम, सहायक अभियंता जल निगम, अधिशासी अभियन्ता विद्युत आदि उपस्थित रहें।

## मुख्य समाचार

### विधानसभा उपचुनाव को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च




**कुंदरकी।** विधानसभा उपचुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। एसएसपी सतपाल अंतिल के निर्देश पर थाना प्रभारी किरणपाल के नेतृत्व सोमवार को क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस प्रशासन ने क्षेत्र में विधानसभा उपचुनाव में बिना किसी दबाव के मतदान करने का आह्वान किया। डींगरपुर चौकी इंचार्ज और मैनाठेर पुलिस और पैरा मिलिट्री फोर्स ने मिलकर क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च डींगरपुर से प्रारंभ हुआ जो की ताहरपुर, जटपुरा, इमरतपुर उधो आदि गांव से बापसी डींगरपुर चौकी पहुंच कर संपन्न हुआ। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने आचार संहिता का पालन करने की अपील भी की। थाना प्रभारी ने कहा कि माहौल खराब करने वालों को किसी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा। कहा शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करवाने के लिए पुलिस पूरी तरह से तैयार है। अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से राहगीर गम्भीर घायल



**बिजनौर।** जनपद की तहसील चांदपुर में गजरौला मार्ग पर स्द्धद्व1 हरपुर के पास रात्रि में लगभग दस बजे गाँव सिलाराबाद ठाठ निवासी सचिन कुमार पुत्र बाबूराम को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिसके कारण वह गम्भीर रुप से घायल हो गयें। घायल को मनमोहन सिंह एडवोकेट, हर्ष, पुलकित व शिवसेना नेता चौधरी वीर सिंह ने स्याऊ में भर्ती कराया जहाँ से घायल की स्थिति देखते हुए मेडिकल में भर्ती कराया है।

### अभिनेत्री नीता शर्मा का इंस्टाग्राम अकाउंट हुआ हैक, हैकर ने मांगे 5 लाख रुपए



**बरेली।** सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और मॉडल नीता शर्मा का इंस्टाग्राम अकाउंट आज शाम 5:30 बजे हैक हो गया। हैकर ने नीता शर्मा से लगातार कॉल करके और एसएमएस भेजकर 5 लाख रुपए की मांग की है। इसके अलावा, हैकर उनके अकाउंट से लाइव होकर और अभद्र भाषा का इस्तेमाल करके उनकी छवि खराब करने की कोशिश कर रहा है। नीता शर्मा ने इस घटना की जानकारी देते हुए कहा, मैं अपने अकाउंट की सुरक्षा को लेकर बहुत चिंतित हूं। मैं अपने फैंस से अनुरोध करती हूं कि वे मेरे अकाउंट से आने वाली किसी भी असामान्य गतिविधि पर ध्यान न दें। इस घटना की जांच के लिए पुलिस को सूचित किया गया है। नीता शर्मा के प्रशंसक उनके अकाउंट की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।

### किराना स्टोर का शटर तोड़कर लाखों की चोरी



**नहटौर।** पठानो वाली मस्जिद के पास अज्ञात चोरों ने एक किराने स्टोर की छत पर बनी दुकान का शटर उखाड़कर 70 हजार रुपए की नगदी आदि सामान चोरी कर लिया। सूचना पर पुलिस व फोरेंसिक टीम ने मौका मुआयना किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मौहल्ला रसूलदारान निवासी रवि अग्रवाल पुत्र राकेश कुमार अग्रवाल की मौहल्ला अफगानान में पठानों वाली मस्जिद के पास किराने की होलसेल का स्टोर है। बीती रात वह अपनी स्टोर को बंद करके घर गया था। आज प्रात: जब उसने दुकान का शटर उठाया तो दुकान का गल्ला व अन्य सामान बिखरा पड़ा था। जिसे देखकर उसके होश उड़ गए। उसने दुकान के जीने से छत पर बने दुकान में जाकर देखा तो उसका शटर टूटा हुआ था। किराने स्टोर में चोरी की सूचना पर आसपास के सभी दुकानदार जमा हो गए। सूचना पर पुलिस व फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। फॉरेंसिक टीम ने शटर व अन्य सामान से फिंगर प्रिंट लेकर जांच शुरू कर दी है। वहीं पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। दुकान स्वामी रवि अग्रवाल ने बताया कि चोर गल्ले में रखी करीब 70 हजार रुपये की नकदी तथा 5 सिगरेट के डिब्बे सहित करीब एक लाख की चोरी कर ली हैं।

# एएनएम ट्रेंनिंग सेंटर पर आठ छात्राओं को परीक्षा से रोकने पर हंगामा हुआ एक छात्रा बेहोश

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**नहटौर।** उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी के द्वारा एएनएम ट्रेनिंग सेंटर की आठ छात्राओं को डाटा सीट लिस्ट में नाम न होने पर परीक्षा से रोकने पर सभी छात्राओं ने परीक्षा का बहिष्कार कर दिया।छात्राओं ने रोते बिलखते हुए जान बूझकर परीक्षा से रोकने का आरोप लगाते हुए हंगामा कर विरोध करना शुरू कर दिया।एक छात्रा बेहोश हो गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। नायब तहसीलदार व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मौके पर पहुंचे।उन्होंने छात्राओं की व्यथा सुनते हुए उन्हें शांत किया।दोबारा से तारीख आने पर पेपर कराने का आश्वासन दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नहटौर पीएचसी में एएनएम ट्रेनिंग सेंटर पर द्वितीय वर्ष की 29 छात्राओं का सोमवार को मिडवाईफरी का पहला पेपर था। सभी छात्राओं को प्रवेश पत्र जारी कर दिया गया था। लेकिन गरिमा चौहान, प्रगति राणा, सीमा यादव, रोशनी गुप्ता, बबीता प्रजापति, मंजु कुमारी, पूजा, प्रिन्सी गहलौत को उपस्थिति कम होने व डाटा सीट लिस्ट में उनके नाम न होने की बात कहते हुए परीक्षा से रोक दिया गया।छात्राओं ने कहा कि जब उनके प्रवेश पत्र जारी किए गए तब यह बात नहीं बताई गई।

छात्राओं ने उपस्थिति पूरी होने की बात कहते हुए जान बूझकर परीक्षा से रोकने का आरोप लगाते हुए हंगामा करते हुए सभी छात्राओं ने परीक्षा का बहिष्कार कर दिया।सभी छात्राओं ने विरोध करना शुरू कर दिया।छात्रा सीमा यादव बेहोश हो गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

सूचना पर नायब तहसीलदार जितेंद्र चाहल व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे।छात्राओं ने रोते बिलखते हुए प्रशासनिक अधिकारियों को अपनी व्यथा सुनाई ।जिस पर उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी में बात की गई।नोडल अधिकारी आशीष आर्य ने बताया कि आगामी पेपर सभी छात्राओं का कराने व स्थगित सोमवार की परीक्षा का पेपर फैकल्टी की ओर से जारी आगामी तिथि में कराया जाएगा।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओ बालिकाओ को किया जागरूक

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**मुरादाबाद।** सोमवार को महिला सुरक्षा दल जनपद स्तरीय टीम जनपद मुरादाबाद द्वारा हिंदू डिग्री कॉलेज थाना कोतवाली मुरादाबाद मिशन शक्ति अभियान फेस 5 के अंतर्गत महिलाओं का बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत गुड टच बेड टच के बारे में जानकारी दी गई।

वह जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई वृद्धा पेंशन योजना विधवा पेंशन योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना राष्ट्रीय पारिवारिक योजना निराश्रित महिला पेंशन योजना साइबर अपराध की जानकारी वह बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान व स्वावलंबन के विषय में जानकारी दी गई।

चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 महिला हेल्पलाइन 1090 पुलिस आपातकालीन सेवा 112 एम्बुलेंस नंबर 108 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 की विस्तृत जानकारी दी गई वह जागरूक किया गया।

उप निरीक्षक चंद्रप्रभा गौतम महिला कांस्टेबल उपासना महिला कांस्टेबल मनीषा सहित पूरी टीम उपस्थित रही ।

## आई जी बी चैरिटेबल हॉस्पिटल ने बढ़ापुर कैंप में 600 लोगों को मुफ्त ओपीडी व दवाइयां वितरित की

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**बढ़ापुर।** आई. जे. बी चेरिटेबल हॉस्पिटल की तरफ से रविवार को बढ़ापुर के फकीर चंद आर्य इंटर कॉलेज में फ्री हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया।

जिसमें सभी तरह की बीमारियों की मुफ्त ओपीडी व मुफ्त दवाइयां वितरित की गई है।

इस कैंप में डेंटल सर्जन डॉक्टर अदीबा खान, जनरल फिजिशियन डॉक्टर आतिफ, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर कहकशा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर इक़बाल ने मुफ्त ओपीडी की सेवाएं दी और सभी तरह की दवाइयां बिलकुल मुफ्त में वितरित की गई।

इस कैंप के आयोजन पर वहां मौजूद आईज़्जेज़्बीज़ चेरिटेबल हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर फरहान मोहम्मद अंसारी व बढ़ापुर की रहने वाली डॉक्टर अदीबा खान ने कहा कि इस तरह के फ्री हेल्थ कैंप बढ़ापुर में समय समय पर किए जाएंगे, जिससे हॉस्पिटल की सेवाएं आम और जरूरतमंद लोगों तक पहुंच सके, और भविष्य में और बड़े स्तर पर फ्री हेल्थ कैंप का आयोजन किया जाएगा और साथ ही उन्होंने बताया कि हर जुमेरात/गुरुवार को फ्री ओपीडी आईज़्जेज़्बीज़ चेरिटेबल हॉस्पिटल में किया जाता है जिसमे सभी डॉक्टर्स की ओपीडी मुफ्त में की जाती है।

इस फ्री हेल्थ कैंप में आईजेबी चेरिटेबल हॉस्पिटल के इंचार्ज एम एम गिल, मोहम्मद अब्दुल्लाह, फैसल नफीस, मोहम्मद अरीब, अलाउद्दीन, मोहम्मद साहिल, शुमायला रईस, रेहान, असमा, अमन कुमार, मोहम्मद सैफ, खुशी रईस ने अहम योगदान दिया।

## पत्नी से विवाद के चलते सिपाही ने की आत्महत्या की कोशिश, निजी अस्पताल में चल रहा उपचार

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**मुरादाबाद ।** पत्नी से विवाद के चलते सिपाही ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। हालत बिगड़ने पर सिपाही को दिल्ली रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के बाद उसकी हालत में सुधार बताया जा रहा है। जनपद के थाना बिलारी में पीआरवी (पुलिस रेस्पांस व्हीकल) पर तैनात सिपाही तरुण कुमार ने रविवार की सुबह अचानक जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई और उल्टियां करने लगे। जिसके बाद तुरंत ही सिपाही तरुण को दिल्ली रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। होश में आने पर सिपाही ने बताया कि उसने घरेलू कलह की वजह से कीटनाशक का सेवन कर लिया। सिपाही ने यह भी बताया कि उसकी पत्नी बीती 17 अक्टूबर को उससे झगड़ा करके अपने मायके चली गई। मायके वालों ने उसे उसकी बड़ी बहन के घर पहुंचा दिया। सिपाही ने पत्नी को समझाने की काफी कोशिश की, लेकिन पत्नी नहीं मानी।

उल्टा उसने मायके वालों ने उसे धमकियां दिलाना शुरू कर दिया। सिपाही का आरोप है कि पत्नी की बड़ी बहन पूनम ने उसे फोन पर गालियां दीं। इसके बाद पूनम की देवरानी प्रीति ने भी उसे भद्दी-भद्दी गालियां दीं। तरुण ने बताया कि प्रीति का पति भी पुलिस में ही है। इसलिए प्रीति उसे अक्सर टॉर्चर करती है। सिपाही ने कहा कि वो अपनी पत्नी की बहन और उसकी बहन की देवरानी के उत्पीड़न से परेशान हो गया है। इसीलिए उसने जहरीला पदार्थ खाकर जान देने की कोशिश की थी। जानकारी मिलने पर सिपाही के परिवार के लोग भी अस्पताल पहुंच गए थे।

## मंडावर में अभियान चलाकर पकड़े गए खूंखार कुत्ते

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**मंडावर।** बीते कुछ दिनों से मंडावर कस्बे में कुछ कुत्ते खूंखार हो गए थे। तथा इन कुत्तों द्वारा कई लोगों को काट लिया गया था। तीन दिन पूर्व भी मुख्य बाजार में एक कुत्ते का एक युवक को काटने का वीडियो भी वायरल हुआ था।

जिसके अंतर्गत मंडावर नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद आसिफ शान तथा अधिशासी अधिकारी विकास कुमार के प्रयास द्वारा रविवार को मंडावर में कुत्ते पकड़ने का विशेष अभियान चलाया गया।

रविवार को मौहल्ला बाजार मंगल में अभियान चलाकर बीस कुत्तों को पकड़ा गया।

अधिशासी अधिकारी विकास कुमार ने बताया कि एक संस्था के माध्यम से कुत्तों को पकड़वाया गया है। तथा कुत्तों की नसबंदी हेतु भेजा जाएगा। तथा आगे भी ये अभियान जारी रहेगा।

## मन्दिर का चबूतरा तोड़ने वाली पालिका परिषद ने, निजी भवन को बचाने के लिए नाले का रुख ही मोड़

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**बिजनौरझ्र।** योगीराज में अधिकारी मन्दिर के चबूतरे पर हथौड़ा चला रहे है पर वही व्यक्ति विशेष को खुश करने के लिए नाले का रुख ही मोड़ दिया ।

उक्त मामला नूरपुर नगर पालिका परिषद में देखने में आया है। बताया गया है कि नूरपुर नगर में थाना रोड पर प्राचीन शिव मन्दिर है जहाँ नाले का निर्माण कराने के लिए अधिशासी अधिकारी नूरपुर ने मन्दिर के चबूतरे को अतिक्रमण मानते हुए तुड़वाकर नाले का निर्माण करा दिया है पर मन्दिर के आगे ही एक दो मंजिल भवन जो निर्माणाधीन नाले से कई फिट सड़क पर बना हुआ है उसे पालिका परिषद ने अभयदान देते हुए नाले का रुख ही मोड़ निर्माण कराया है, नाला मन्दिर के बाद सीधा निर्माण किया जाना चाहिए था।

अधिशासी अधिकारी की हमसाजगी के चलते भवन को नही छेड़ा गया है जबकि नाला निर्माण के लिए मन्दिर का चबूतरा तोड़ दिया गया है। पालिका परिषद के इस दोहरे मापदंड को लेकर नागरिकों में काफी नाराजगी देखी जा रही है।

## पुलिस स्मृति दिवस पर अपर पुलिस महानिदेशक वीरगति प्राप्त पुलिसकर्मियों को पुष्पचक्र अर्पित कर दी गई श्रद्धांजलि

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**बरेली।** बरेली में आज दिनांक 21-10-2024 को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए अपने प्राणों की आहूति देने वाले पुलिसकर्मियों की स्मृति में रिजर्व पुलिस लाइन बरेली में परेड का आयोजन किया गया।

अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा बरेली जोन बरेली,पुलिस उपमहानिरीक्षक डा0 राकेश कुमार सिंह बरेली परिक्षेत्र,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य बरेली द्वारा सभी राजपत्रित अधिकारियों व अन्य पुलिसकर्मियों सहित शहीद हुए पुलिसकर्मियों को याद कर उन्हें पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई ।इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा बरेली जोन बरेली द्वारा मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार व पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के संदेश से सभी पुलिसकर्मियों को अवगत कराते हुए विगत एक वर्ष में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए शहीद हुए पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को याद करते हुए उनकी शौर्य गाथा बताई गई।

गौरतलब हो कि कर्तव्य निर्वहन के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु देश भर के पुलिस बल द्वारा प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है।

**पुलिस स्मृति दिवस:-**

21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हॉट-स्प्रिंग के पास (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) की एक टुकड़ी भारत-तिब्बत सीमा पर नियमित गस्त के लिए निकली थी।

उसी दौरान पहले से ही घात लगाकर बैठे चीनी सैनिकों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। सीआरपीएफ के जवानों ने भी उस हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया लेकिन उस अचानक हुए हमले में सीआरपीएफ के 10 जवान शहीद हो गए तथा सात अन्य जवान घायल हो गए, उसी दिन से उन 10 वीर सीआरपीएफ जवानों की शहादत को याद करते हुए प्रत्येक वर्ष संपूर्ण भारतवर्ष में 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रत्येक वर्ष ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवाने वाले और लद्दाख में शहीद हुए वीर पुलिसकर्मियों के बलिदान के सम्मान में प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है।

## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अवैध रूप से संचालित पांच नर्सिंग होम पर लगाई सील

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**नहटौर।** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नहटौर में पहुंचकर पांच नर्सिंग होम पर छापेमार कार्रवाई करते हुए सील कर दिया। स्वास्थ्य विभाग की टीम की छापेमार कार्रवाई को देखते हुए कई नर्सिंग होम संचालक बंद करके फरार हो गए। स्वास्थ्य विभाग की टीम के आने की सूचना पर हड़कंप मचा रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार एसीएमओ अनिल कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम नहटौर पहुंची। गणपति मार्केट में खालसा हेल्थ केयर सहित दो नर्सिंग होम,झील कॉलोनी, कोतवाली मार्ग पर सहित पांच नर्सिंग होम सेंटरों पर छापेमार कार्रवाई की। स्वास्थ्य विभाग की टीम की छापेमार कार्रवाई से हड़कंप मच गया। कई अस्पताल संचालक अस्पताल बंद करके फरार हो गए। एसीएमओ अनिल कुमार ने बताया कि अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा हैं। इसके तहत कार्रवाई की जा रही है।

## कुंदरकी उपचुनाव के लिए मुरादाबाद में खुलेगा कंट्रोल रूम:डीएम

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**मुरादाबाद ।** कुंदरकी उपचुनाव के लिए कलेक्ट्रेट में कंट्रोल खोला गया है। इस कंट्रोल रूम के जरिए पूरे चुनाव की मॉनीटरिंग होगी। यह कंट्रोल रूम चुनाव संपन्न होने तक लगातार दिन रात 24 घंटे काम करेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम अनुज सिंह ने कंट्रोल रूम में तैनात स्टाफ की चुस्ती चेक करने के लिए सोमवार को कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने यहां तैनात स्टाफ और अधिकारियों को पूरी चुनाव प्रक्रिया पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि 29-कुंदरकी विधानसभा उप निर्वाचन के लिए 13 नवंबर को मतदान और 23 नवंबर को मतगणना प्रक्रिया संपन्न होनी है।

जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से जारी रिलीज में कहा गया है, कि आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप निर्वाचन से संबंधित सभी तैयारियों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जा रहा है। कलेक्ट्रेट परिसर में कंट्रोल रूम सक्रिय कर दिया गया है जिसके माध्यम से चुनावी प्रक्रिया की मॉनिटरिंग की जा रही है।

कंट्रोल रूम में आने वाली सभी शिकायतों के निस्तारण के लिए एसीएम द्वितीय अजय मिश्रा को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। कंट्रोल रूम में 9 कर्मचारियों की तैनाती की गई है। इसका नंबर (0591-2990845) भी जारी किया गया है जो लगातार 24 घंटे काम करेगा।

## पीएम सूर्यघर, मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन व अनुश्रवण हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई सम्पन्न

पब्लिक एशिया ब्यूरो




**बरेली।** बरेली में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में पी.एम. सूर्यघर, मुफ्त बिजली योजना की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन तथा अनुश्रवण के संबंध में जिला स्तरीय समिति की बैठक कर योजना से संबंधित शासनादेशों के अनुपालन, लक्ष्य की प्राप्ति एवं योजना के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु सम्बन्धित अधिकारी गणों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

बैठक में वैंडर्स द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि विधुत विभाग द्वारा इंस्पेक्शन समय से नही हो पाने के कारण बिजली कनेक्शन में समस्याएं होती हैं तथा आवेदक को सब्सिडी का लाभ भी नही मिल पाता है जिस पर बिजली विभाग को निर्देश दिये गए कि वेंडर्स द्वारा स्थापित सोलर व्यवस्था का इंस्पेक्शन समय से किया जाये जिससे कि आवेदको को सब्सिडी का लाभ मिल सके। शबैठक में परियोजना अधिकारी नेडा द्वारा उक्त योजना की प्रगति से अवगत कराया गया, जिसमें जनपद बरेली को आवंटित लक्ष्य 1,00,000 के सापेक्ष पंजीकरण 29,349 सबमिटेड एप्लीकेशन 4,251 एवं स्थापना 856 तथा अवमुक्त अनुदान 577 लभार्थियों से अवगत कराया गया।बैठक में जिलाधिकारी द्वारा वेन्डर्स की समस्यायें सुनी गयी एवं अधिक्षण अभियन्ता उ.प्र. पावर कारपोरेशन लि. को समस्याओं को त्वरित रुप से निस्तारित हेतु आदेशित किया गया, साथ ही समस्त एस.डी.ओ. को नाम एवं मोबाइल नम्बर वेन्डर ग्रुप में जोड़ने के लिये निर्देशित किया गया। बैठक में उपस्थित नगर आयुक्त, नगर निगम एवं अपर जिलाधिकारी प्रशासन को नगर निगम एवं नगर पालिका/टाऊन एरिया को योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करने एवं रजिस्ट्रेशन कराये जाने हेतु निर्देशित कया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन, परियोजना निदेशक, डी.आर.डी.ए., एल.डी.एम. एवं यूपीनेडा के समस्त इम्पैनेल्ड वेन्डर द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष में शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकली



पब्लिक एशिया ब्यूरो

**नहटौर।** वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष में नगर में शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में विभिन्न प्रकार की झांकियां व अखाड़े आकर्षण का केंद्र बने रहे।डीजे व बैंडबाजों की धार्मिक धुनों पर लोग नाचते गाते चल रहें थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहल्ला वाल्मीकि बस्ती से वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष में शोभायात्रा का शुभारंभ भाजपा क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि व भाजपा नहटौर मंडल अध्यक्ष सिद्धांत जैन,अंकुश अग्रवाल, तेजपाल सैनी, आदेश चंद्रा, कोतवाल धीरज सिंह आदि ने फीता काटकर किया।वाल्मीकि समाज के लोगों ने अतिथियों को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया।शोभायात्रा में घोड़े पर सवार ध्वज पताका लेकर अगवानी करता हुआ चल रहा था। शोभायात्रा में महर्षि वाल्मीकि, मां काली,राधा कृष्ण आदि की झांकिया व अखाड़े आकर्षण का केंद्र बने हुए थे।इसके अलावा अखाड़े में युवक हैरतअंगेज करतब दिखाते हुए चल रहें थे।मोहल्ला जोशियान में कपिल सैनी,सुनील सैनी, बाबूराम सैनी,दीपक सैनी,महावीर सैनी आदि ने फूलों की वर्षा करते हुए स्वागत किया। शोभायात्रा अपने निर्धारित मार्गो से धूमधाम के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में सरवन सहदेव, करन सिंह, विजेंद्र सिंह, अशोक पवार, रूपचंद, मुकेश कुमार, नरेंद्र चैनवाल,शिखर चंद, सुभाष कुमार, रंजीत कुमार, सावन सूद आदि मौजूद रहे।

## मुख्य समाचार

### सोनभद्र में दुष्कर्म मामले में दोषी को 20 वर्ष की कैद



**सोनभद्र ।** उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले की एक अदालत में साढ़े छह वर्ष पुराने दुष्कर्म के मामले में आरोपी को दोष सिद्ध होने पर 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनायी है। अपर सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने सोमवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी महेश गोड़ को 20 वर्ष की कठोर कैद एवं एक लाख 5 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक ओबरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने ओबरा थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि 4/5 जून 2018 की रात उसकी 11 वर्षीय नाबालिग बेटी घर में सो रही थी तभी महेश गोड़ घर मे घुस गया और नाबालिग बेटी के साथ जबरन बलात्कार किया। चिल्लाने की आवाज सुनकर जब पति-पत्नी समेत आसपास के लोग पहुंचे तो वह भाग गया। इस तहरीर पर पुलिस ने 5 जून 2018 को बलात्कार और पाक्सो एक्ट में एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। दौरान विवेचना विवेचक ने बयान लेने के बाद पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने के बाद सात गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी महेश गोड़ को 20 वर्ष की कठोर कैद एवं एक लाख 5 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

### रायबरेली में सड़क हादसे में तीन मरे



**रायबरेली ।** उत्तर प्रदेश में रायबरेली जिले के लालगंज इलाके में दो तेज़ रफ़्तार मोटरसाइकिलो के बिजली के खम्भो से टकराने से तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि लालगंज इलाके के बहाई और पूरे राना के बीच दो मोटरसाइकिलो के बिजली के खम्भो से टकराने से उस पर सवार तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार यह सम्भवत: देर रात की घटना होनी चाहिए मगर तीनो मोटरसाइकिल सवार रात में गड्ढे में गिर गए थे इसलिए किसी को रात में हादसे का पता नही चल सका। सुबह करीब सात बजे लोगो को हादसे की जानकारी हुई। पुलिस ने बताया कि सरेनी इलाके के रहने वाले शिवेंद्र मिश्र (27) गोपाल मिश्र (25) और प्रशांत बाजपेयी (35) यह तीन व्यक्ति मोटरसाइकिल से कहीं जा रहे थे कि अचानक बिजली के खम्भो से इनकी मोटरसाइकिल भिड़ गई जिसके फलस्वरूप यह लोग सड़क के किनारे खंदक में गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। रात के अंधेरे में कोई जान नही पाया कि ऐसा कोई हादसा हुआ है। सुबह रोशनी में जब लोगो ने इन्हें अचेत देखा तो सभी को सीएचसी पहुंचाया गया। सीएचसी में डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।

### सहारनपुर के सरसावा से पांच नवंबर से शुरु होगी हवाई यात्रा



**सहारनपुर।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से दुरूस्त एवं महत्वपूर्ण स्थानों के लिए हवाई यात्रा सस्ती दरों पर पांच नवंबर शुरू हो जाएगी। उस दिन सरसावा से 19 सीटर फ्लाईविंग कंपनी का पहला विमान हिंडन एयरबेस के लिए उडान भरेंगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार शाम पांच बजे वर्चुवली इस हवाई अड्डे का उद्घाटन किया था। पांच नवंबर को स्पाइसजैट के 75 सीटर विमान यहां से गोरखपुर, वाराणसी एवं कुशीनगर के लिए उडान भरेंगे।इन दोनो कंपनियों की वेबसाइट पर सरसावा से शहरों के लिए उडान का कार्यक्रम अपलोड हो गया है। सरसावा से रोज 540 यात्री उडान भर सकेंगे। सहारनपुर मंडल के लोगों ने मांग की है कि सरसावा से जम्मू जाने के लिए भी हवाई यात्रा शुरू की जाए। जिससे हजारों हिंदू श्रद्धालुओं को वैष्णों देवी जाने-आने की सुविधा प्राप्त हो जाए। सरसावा हवाई अड्डे के निर्माण में 55 करोड रूपया खर्च आया है। हवाई अड्डे के उद्घाटन के मौके पर जिलाधिकारी सहारनपुर मनीष बंसल, एयरपोर्ट के डायरेक्टर जयरामू एस, एडीएम डा. अर्वना द्विवेदी, एडीएम रजनीश मिश्र, जनप्रतिनिधि, उद्यमी, मेयर डा. अजय सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### मृतक और हत्यारोपी दोनों ही हिस्ट्रीशीटर बदमाश

**शामली।** मृतक दरियाव सिंह हिस्ट्रीशीटर बदमाश था जिसके ऊपर कई राज्यों में संगीन धाराओं में एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। वहीं हत्यारोपी रवि पर भी संगीन धाराओं में लगभग दस मुकदमे संगीन धाराओं में दर्ज है। घटना के 24 घंटे की भीतर ही पुलिस ने हत्यारोपी रवि को गिरफ्तार कर लिया। जबकि दूसरे की तलाश की जा रही है।

### हमले का बदला लेने के लिए कर दी हत्या



**शामली।** बताया जाता है कि मृतक दरियाव सिंह ने दो माह पूर्व रवि पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया था जिसमे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। रवि की पत्नी प्रतिमा ने अनिल पुत्र पवन, पवन पुत्र भवानी, दरियाव पुत्र भवानी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने दरियाव सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, हालांकि वह जमानत पर बाहर आ गया था। दो महीने बाद ठीक होने पर अब रवि ने दरियाव सिंह से बदला लेने के लिए उस पर कुल्हाडी से ताबडतोड वार कर हत्या कर दी। इन्होंने कहा...हिस्ट्रीशीटर दरियाव सिंह की हत्या के मामले में फरार चल रहे हत्यारोपी हिस्ट्रीशीटर रवि को सींगरा के जंगल से गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से कुल्हाड़ी बरामद की है। रवि के खिलाफ चालानी कार्यवाही की जा रही है।

# 700 साल बाद महाकुंभ की अभूतपूर्व निगहबानी करेंगे प्रयागराज के कोतवाल

## सीएम योगी के निर्देश पर दिन रात तेजी से चल रहा प्रयागराज के लेटे हुए हनुमान मंदिर के सौंदर्यीकरण का कार्य

**पब्लिक एशिया ब्यूरो**

**प्रयागराज ।** महाकुंभ 2025 के महाआयोजन को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में अपने सबसे काबिल अफसरों की फौज तैनात कर दी है। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप सभी अफसर महाकुंभ को ऐतिहासिक बनाने में जुट गए हैं। तमाम तैयारियों के बीच सीएम योगी ने संगम तट की शोभा और प्रयागराज के कोतवाल माने जाने वाले बड़े हनुमान मंदिर के जीर्णोधार पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया है। मंदिर के सौंदर्यीकरण के साथ ही कॉरिडोर का निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। सीएम योगी ने हाल ही में खुद आकर यहां चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया था। सीएम के आगमन के बाद महाकुंभ के पहले अब यहां श्रद्धालुओं की आमद में कई गुना इजाफा हो गया है। जो निर्माण कार्य चल रहे हैं, उसे देखते हुए स्पष्ट है कि इस महाकुंभ के दौरान बड़े हनुमान का यह मंदिर श्रद्धालुओं के लिए सबसे अधिक श्रद्धा और आकर्षण का केंद्र होगा।



**सीएम योगी की पहल दिखा रही असर**

महाकुंभ 2025 से पहले योगी सरकार प्रयागराज और यहां के धर्मस्थलों को सजाने संवारने में जुटी हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महाकुंभ 2025 को दिव्य, नव्य और भव्य बनाने के लिए प्रशासनिक टीमें दिन-रात लगी हुई हैं। करीब 700 वर्ष पुराने इस मंदिर को भव्य रूप देने का इससे पहले किसी के मन में विचार नहीं आया। पहली बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस पर ध्यान दिया और अब उनकी पहल रंग ला रही है। सीएम के प्रयास से मंदिर का सौंदर्यीकरण ऐतिहासिक रूप से किया जा रहा है। प्रयागराज के लेटे हनुमान मंदिर के स्वरूप में बदलाव के तहत सबसे पहले मंदिर के गर्भगृह को बड़ा किया जाएगा। इसी के साथ परिक्रमा पथ, दुकानें, पार्किंग, प्रवेश द्वार और रैन बसेरा व हवन कुंड आदि बनाए जा रहे हैं। महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं और जनता को पहली बार संगम स्नान के बाद बड़े हनुमान जी का मंदिर अभूतपूर्व ढंग से अपनी ओर आकर्षित करेगा।





**मंदिर का है पौराणिक महत्व**

प्रयागराज के कोतवाल माने जाने वाले लेटे हुए हनुमान मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए 24 घंटे काम चल रहा है। हनुमानजी की यह प्रतिमा दक्षिणाभिमुखी और 20 फीट लंबी है। माना जाता है कि यह धरातल से कम से कम 6 या 7 फीट नीचे है। इन्हें बड़े हनुमानजी, किले वाले हनुमानजी, लेटे हनुमानजी और बांध वाले हनुमानजी के नाम से भी जाना जाता है। माना जाता है कि इनके दाएं पैर के नीचे अहिरावण दबा हुआ है। उनके दाएं हाथ में राम-लक्ष्मण और बाएं हाथ में गदा शोभित है।

**लंका विजय के बाद संगम किनारे मिटाई हनुमान जी ने अपनी थकान**

बड़े हनुमान मंदिर को लेकर पौराणिक मान्यता है कि लंका पर जीत के बाद जब हनुमान जी सेना के साथ वापसी कर रहे थे, तो उन्हें थकान लगी। इसके बाद माता सीता के कहने पर वह यहीं पर संगम के तट पर लेट गए। इसी को ध्यान में रखते हुए लेटे हनुमानजी का मंदिर बन गया। ऐसा माना जाता है गंगा का पानी लेटे हनुमान जी की प्रतिमा को स्पर्श करता है, फिर नीच उतर जाता है। **अकबर को पीछे खिसकानी पड़ी किले की दीवार**

ऐतिहासिक तीर्थ नगरी में बड़े हनुमान मंदिर को लेकर कई मान्यताएं प्रचलित हैं। माना जाता है कि अपने कार्यकाल के दौरान अकबर बंगाल अवध के साथ मगध और पूर्वी भारत में होने वाले विद्रोह पर नियंत्रण करना चाहता था, जिसके लिए साल 1582 में मंदिर को अपने किले के घेरे में लेने की योजना बनाई गए। उसने बाकायदा इसके लिए 100 सैनिकों की फौज खड़ी कर दी, मगर वह हनुमान जी की मूर्ति को एक इंच भी न हिला सके। जिसके बाद उसने किले की दीवार पीछे खिसका ली।

# जौनपुर में लापता बालक का शव तालाब में मिला

**जौनपुर ।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के खुटहन क्षेत्र में 17 दिन से लापता बालक का शव सोमवार सुबह तालाब में उतराता मिला।

पुलिस के अनुसार क्षेत्र के ख्याजापुर गांव निवासी आसमां बानो पत्नी शारुल्ला का छह वर्षीय पुत्र अरबाज चार अक्टूबर को गांव के राम जानकी मंदिर पर खेलते समय रहस्यमय ढंग से लापता हो गया था। मां ने घटना की तहरीर थाने पर देकर अज्ञात के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कराया था।

आज सुबह कुछ ग्रामीण तालाब की तरफ शौंच को गये थे, जहां पानी में एक बालक का औंधे मुंह पड़ा शव देख सन्न रह गए।

शोर मचाने पर तमाम ग्रामीण मौके पर जुट गए। गांव से पखवाड़ा पूर्व गायब हुए बालक का शव होने की आशंका में उसकी मां को भी बुलाया गया। शव पानी से बाहर निकालते ही मां अपने बेटे को पहचान फफक कर रो पड़ी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।



मृतक की मां आसमां बानो ने गांव के ही तीन सगे भाई अकबर, हैदर उर्फ मजनू, असगर तथा पिता नुरुल्लाह के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुए नामजद तहरीर दिया है तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपितों की तलाश में जुटी हुई है।

# मेले के आय तथा व्यय में पूर्ण पारदर्शिता बरतने व नगद लेन-देन ना किया जाने के दिये गये निर्देश

## श्री रामगंगा चैबारी कार्तिक मेले कुशल प्रबंध एवं प्रशानिक व्यवस्था आदि को लेकर बैठक हुई सम्पन्न

**पब्लिक एशिया ब्यूरो**

**बरेली।** में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में श्री रामगंगा चैबारी कार्तिक मेले 2024 की तैयारियों के संबंध में सम्पन्न बैठक हुई।

बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन दिनेश ने जानकारी दी कि आगामी 11 नवम्बर से 19 नवम्बर तक श्री रामगंगा चैबारी कार्तिक मेला आयोजित होना प्रस्तावित है मुख्य स्नान 15 नवम्बर को सम्पन्न होगा। मेले के कुशल प्रबंध एवं प्रशानिक व्यवस्था हेतु यह बैठक आज संबंधित अधिकारियों और मेला प्रबंधकगणों के साथ आयोजित की गयी है।बैठक में जिलाधिकारी ने मेला प्रबंधकगणों को निर्देश दिये कि मेले में आय तथा व्यय पर पूर्ण पारदर्शिता बरती जाये, जिसके लिये नगद लेन-देन ना किया जाये, समस्त लेन-देन आनलाइन के माध्यम से निर्धारित खाते मे ही किया जाये और यदि कोई दुकानदार नकद पैसे देता है तो बैंक सखी के माध्यम से खाते में ही जमा कराया जाये।




पारदर्शिता हेतु निर्देश दिए गए कि मेला समिति दुकानों का साईज व टाइप निर्धारित करते हुये उसका रेट लिस्ट प्रदर्शित करें और दुकानदारों से उसी के अनुरूप किराया लिया जाये। इसके अतिरिक्त मेले में आने वाले खेल तमाशे जिनके लिये अनुमति की आवश्यकता हो वह 21 से 28 अक्टूबर तक समय से इसके लिये आवेदन करें जिससे उन्हें समय से अनुमति प्राप्त हो सके।बैठक में मेला स्थल पर चिकित्सा व सुरक्षा व्यवस्था, सड़क मरम्मत तथा घाटो पर प्रकाश की व्यावस्था, मेंले में हाईमास्टर लाईट की पूर्ण व्यवस्था, विद्युत विभाग अस्थाई कनेक्शन देंने, साफ-सफाई हेतु कार्मिको को लगाये जाने संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।बैठक में एस.पी सिटी मानुष पारिक, अपर जिलाधिकरी प्रशासन दिनेश कुमार, अपर नगर आयुक्त, सहित मेला कमेटी के सदस्यगण उपस्थित रहे।

# आयोडीन युक्त नमक से कई विकारों की रोकथाम की जा सकती है - डॉ मधु गुप्ता

**पब्लिक एशिया ब्यूरो**

**बरेली।** बरेली में विश्व आयोडिन कमी विकार दिवस के उपलक्ष्य पर सीबीगंज क्षेत्र के शांति मौर्य जूनियर हाई स्कूल में जिला अधिकारी रविंद्र कुमार और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विश्राम सिंह के निर्देशन में डॉक्टर मधु गुप्ता की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर मधु गुप्ता द्वारा बताया गया कि आयोडिन हमारे शरीर के लिए बहुत आवश्यक होता है। आयोडीन की कमी की समस्या बहुत ही गंभीर होती है जिस कारण ग्वाइटर हो सकता है जो एक तरह का थायराइड विकार होता है, आयोडीन की कमी से मानसिक मंदता भी हो सकती है एवं सबसे मुख्य कारण गर्भवती माताओं में आयोडीन की कमी से गर्भपात भी हो सकता है। इसलिए हमें आयोडिन का उपभोग प्रचुर मात्रा में करना चाहिए ताकि उपरोक्त लक्षण हमारे शरीर में पनप न सके, इसलिए हमें हमेशा ही आयोडीन नमक का ही इस्तेमाल करना चाहिए क्योंकि आयोडीन युक्त नामक ग्वाइटर मानसिक मंदता आदि को रोकता है। आयोडीन की गुणवत्ता नमक में कैसे जांची जाए इसके बारे में भी बताया गया। इसके लिए साल्ट टेस्टिंग किट का उपयोग का विस्तृत रूप से वर्णन किया गया एवं बताया गया कि कैसे हमे अपने नमक की शुद्धता का ज्ञान होगा एवं स्कूली बच्चों को भी साल्ट टेस्टिंग किट की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई एवं बताया गया कि हमे हमेशा ही आयोडीन युक्त नमक ही खाना है





ताकि हम आयोडीन से होने वाले विकारों से बचे रहे। इस अवसर पर शांति मौर्य जूनियर हाई स्कूल की प्रधानाचार्य बबली देवी एवं समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर हिरदेश कुमार, मनमोहन सिंह, आदि के साथ इनर व्हील क्लब ऑफ ग्लोरी प्लस की तरफ से सी जी रजनी अग्रवाल भी उपस्थित रही एवं अफजा अनीता अग्रवाल डॉक्टर ममता डॉक्टर कविता कमलेश वैश्य मीना रीना सुनीता ललिता अंजू ज्योति वैशाली ममता आदि का भी सहयोग रहा।

# सिग्निफाई ने लखनऊ में लांच किया स्मार्ट लाईट हब स्टोर

**एजेंसी**

**लखनऊ ।** प्रमुख लाईटिंग कंपनी, सिग्निफाई ने सोमवार को लखनऊ में देश का सबसे बड़ा फिलिप्स स्मार्ट लाईट हब (एसएलएच) स्टोर शुरू किया है।

तीन हजार वर्गफीट से ज्यादा क्षेत्र में फैले इस स्टोर में 450 से अधिक स्टॉक कीपिंग यूनिट्स (एसकेयू) उपलब्ध होंगी जिससे लाईटिंग की सभी जरूरतें एक ही जगह में पूरी की जा सकेंगी।

सिग्निफाई ग्रेटर इंडिया के सीईओ एवं एमडी, सुमित जोशी ने कहा, लखनऊ एक महत्वपूर्ण बाजार के रूप में उभर रहा है। यहाँ पर होम डेकोर की बढ़ती रुचि के साथ स्मार्ट लाईटिंग के ग्राहक बढ़ रहे हैं। इसलिए हमारे सबसे बड़े फिलिप्स स्मार्ट लाईट हब की शुरुआत हमारी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

ग्राहकों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए यह लखनऊ में हमारा चौथा स्टोर है। इसके साथ ही भारत में सिग्निफाई के 300 स्टोर हो गए हैं, जो हमारी बढ़ती पहुँच का प्रमाण हैं। इस नए स्टोर का उद्देश्य ग्राहकों को होम लाईटिंग समाधानों की विस्तृत श्रृंखला प्रदान करना है, जो उनके घरों के वातावरण को और ज्यादा आकर्षक बना दे।''




यह स्टोर डेकोरेटिव लाइट्स, जैसे शैंडेलियर, वॉल लाईट और ट्रैक लाईट्स के साथ मॉड्युलर सीओबी, डाउनलाईटर्स, पैनल और स्पॉट्स जैसी फंक्शनल लाईट्स भी पेश करता है। ग्राहकों की होम लाईटिंग की जरूरतों को पूरा करने के लिए यहाँ सिग्निफाई के विज़ स्मार्ट टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म पर आधारित अनेक इनोवेटिव कनेक्टेड लाईट्स भी उपलब्ध हैं।

# योगी सरकार बना रही 'सुरक्षित स्नान' की ठोस कार्ययोजना


**पब्लिक एशिया ब्यूरो**

**प्रयागराज।** महाकुंभ-2025 में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु की सुरक्षा को योगी सरकार सुनिश्चित करने जा रही है। विशेषकर संगम में डुबकी लगाकर पुण्य कमाने आने वाले एक भी श्रद्धालु के साथ अनहोनी न हो, इसके लिए राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ), प्रांतीय सशस्त्र कांस्टेबुलरी (पीएसी) और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) ठोस योजना पर काम कर रहे हैं। इन एजेंसियों के प्रशिक्षित जवान अत्याधुनिक उपकरणों के साथ गंगा, यमुना और संगम के घाटों व जल में तैनात रहेंगे।



इस बार महाकुंभ में 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। विशेष तिथियों के अलावा भी महाकुंभ में प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु संगम के पवित्र जल में डुबकी लगाने आएंगे। देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं की जल में सुरक्षा की कार्ययोजना पर काम जारी है। यूपी एसडीआरएफ के कमांडेंट सतीश कुमार के अनुसार महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर कार्ययोजना बनाई जा रही है। कहां, कितनी बटालियन और जवान काम करेंगे, उस पर मंथन जारी है। उन्होंने बताया कि महाकुंभ में घाटों और जल में जवानों को तैनात किया जाएगा। एसडीआरएफ से जुड़े एक अन्य अधिकारी ने बताया कि जवानों को अंडर वाटर कैमरों व ड्रोन, स्पीड बोट्स, रेस्क्यू बोट्स, स्कूटर बोट्स, एंबुलेंस बोट्स, ड्रैगन लाइट के साथ तैनात किया जाएगा। सोनार सिस्टम का उपयोग किया जाएगा। फ्लोटिंग जेटी की व्यवस्था की जाएगी। हर समय घाटों और जल में लाइफ ब्वाय रेस्क्यू ट्यूब और थ्रो बैग के साथ तैनात रहेंगे। अधिकारी ने बताया कि वाटर ड्रोन वहां तक भी पहुंच सकेंगे, जहां प्रशिक्षित गोताखोर नहीं पहुंच पाते हैं। नावों से संगम में भ्रमण करने वाले श्रद्धालुओं के लिए लाइफ सेविंग जैकेट पहनना अभी से अनिवार्य किया जा चुका है। जल पर तैरता कंट्रोल रूम स्थापित होगा, जिसमें क्विक रेस्क्यू टीमें 24 घंटे तैनात रहेंगी। किसी भी हादसे या दुर्घटना की स्थिति से निपटने के लिए फ्लोटिंग स्टेशन्स पर आवश्यक संसाधन उपलब्ध रहेंगे। स्नान घाटों की संख्या बढ़ने और उनके विस्तार को देखते हुए डीप वॉटर बैरीकेडिंग भी की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस-प्रशासन को श्रद्धालुओं की सुरक्षा के विशेष निर्देश दिए हैं। 'सुरक्षित महाकुंभ' का संकल्प लेकर योगी सरकार प्रत्येक योजना बना रही है, ताकि महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालु श्रेष्ठ अनुभव के साथ घरों को लौटें।

# बंगलादेश में डेंगू के मामले 50 हजार के करीब, 247 मौतें



एजेंसी

**ढाका।** बंगलादेश में अक्टूबर माह में डेंगू संबंधित बीमारी से करीब 84 लोगों की मौत हो चुकी है, जो इस साल में सबसे ज्यादा हैं। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) की सोमवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय समयानुसार रविवार सुबह करीब आठ बजे तक करीब 1,298 नये मामलों की पुष्टि हुयी, जिससे इस महीने कुल मामलों की संख्या बढ़कर 18,942 हो गई और देश भर में रविवार तक करीब 49,880 मामलों की पुष्टि हो चुकी है। डीजीएचएस ने रविवार को छह डेंगू मरीजों की मौत की पुष्टि की, जिससे अब यह संख्या बढ़कर 247 हो गयी है। डीजीएचएस के अनुसार, सितंबर में 80 मरीजों की, अगस्त में 27, जुलाई में 12 और जून में आठ लोगों की डेंगू बीमारी से मौत हो चुकी है। डेंगू के और अधिक प्रसार को रोकने के लिए, बंगलादेशी स्वास्थ्य अधिकारियों ने मच्छरों के प्रजनन को रोकने तथा लार्वा-रोधी अभियान चलाने के लिए उपायों को मजबूत किया है। गौरतलब है कि बंगलादेश में 2023 में, डेंगू बीमारी से करीब 1,705 मरीजों की मौतों की पुष्टि हुयी थी, जबकि 2022 में 281 और 2019 में 179 मौतों की पुष्टि की गयी थी। डेंगू बुखार एक वायरल बीमारी है जो संक्रमित एडीज मच्छरों के काटने से फैलती है। यह बीमारी एक गंभीर बीमारी का कारण बनती है जिसके लक्षण सिरदर्द, तेज बुखार, थकावट, मांसपेशियों और जोड़ों में तेज दर्द, ग्रंथियों में सूजन, उल्टी और दाने होते हैं।

> स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) की सोमवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय समयानुसार रविवार सुबह करीब आठ बजे तक करीब 1,298 नये मामलों की पुष्टि हुयी, जिससे इस महीने कुल मामलों की संख्या बढ़कर 18,942 हो गई और देश भर में रविवार तक करीब 49,880 मामलों की पुष्टि हो चुकी है।

## मुख्य समाचार

### ब्राजील के राष्ट्रपति ने रूस में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए अपनी यात्रा रद्द की



**एजेंसी/साओ पाउलो।** ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला डा सिल्वा ने चोटिल होने के कारण आगामी ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए रूस की योजनाबद्ध यात्रा रद्द कर दी। राष्ट्रपति कार्यालय ने रविवार को घोषणा की कि इनासियो को शनिवार को एक दुर्घटना में सिर में चोट लगने के बाद ब्रासीलिया के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिसके कारण वह 22 से 24 अक्टूबर तक कज़ान में होने वाले 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग नहीं ले पाएंगे। विज्ञप्ति के अनुसार, राष्ट्रपति ब्रासीलिया से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।

### ऑस्टिन ने यूक्रेन का दौरा कर अमेरिकी समर्थन की पुष्टि की : पेंटागन

**एजेंसी/वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन यूक्रेनी नेताओं से मुलाकात करने और कीव के प्रति वाशिंगटन के समर्थन की पुष्टि करने के लिए सोमवार को यहां पहुंचे। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने अपने बयान में कहा,'रक्षा मंत्री लॉयड जे. ऑस्टिन तृतीय यूक्रेन के नेताओं से मिलने और देश की स्वतंत्रता की लड़ाई के लिए अमेरिका के समर्थन को दोहराने के लिए आज यहां पहुंचे। वह एक बार फिर यूक्रेन को युद्ध अभियानों के लिए आवश्यक सभी चीजें प्रदान करके अमेरिकी प्रतिबद्धता की पुष्टि करेंगे।' रूस, यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति को शांति प्रक्रिया में बाधा मानता है। उसका तर्क है कि इससे नाटो देश संघर्ष में एक पक्ष बन जाते हैं। रूसी वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यूक्रेन के लिए हथियारों से भरी कोई भी खेप रूस के लिए वैध लक्ष्य मानी जाएगी।

### लेबनान के साथ सीमा पर सैन्य अभ्यास करेगा इजरायल

**एजेंसी/येरुशलम।** इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) लेबनानी सीमा से कई किलोमीटर दूर स्थित उत्तरी शहर नाहरिया में सैन्य अभ्यास करेगा। टाइम्स ऑफ इज़राइल ने आईडीएफ के हवाले से सोमवार को यह रिपोर्ट दी। रिपोर्ट के मुताबिक सेना ने इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी कि अभ्यास पहले से निर्धारित था या नहीं। रिपोर्ट में कहा गया है कि आईडीएफ वेस्ट बैंक की कई बस्तियों में अलार्म सिस्टम का भी परीक्षण करेगा। गौरतलब है कि एक अक्टूबर से इजरायल हवाई हमले जारी रखते हुए दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह बलों के खिलाफ जमीनी अभियान चला रहा है। जान-माल के नुकसान के बावजूद, हिजबुल्लाह इजरायली सैनिकों से लड़ रहा है और सीमा पार रॉकेट लॉन्च कर रहा है। इजरायल का कहना है कि उसका मुख्य उद्देश्य उन 60 हजार निवासियों की वापसी के लिए परिस्थितियाँ बनाना है जिन्हें गोलाबारी के कारण देश के उत्तरी क्षेत्र से जाना पड़ा था।

### गाजा में विस्फोटक उपकरण से इजरायली ब्रिगेड कमांडर की मौत

**एजेंसी/यरूशलम।** इजरायल की सेना ने रविवार को घोषणा की कि गाजा पट्टी में एक विस्फोटक उपकरण से एक वरिष्ठ अधिकारी की मौत हो गई। सेना ने एक बयान में कहा, 401वीं 'आयरन ट्रैक्स' ब्रिगेड के कमांडर कर्नल एहसान डैक्सा, 'उत्तरी गाजा में लड़ाई के दौरान मारे गए।' मृतक डैक्सा(41), उत्तरी इज़रायल में माउंट कार्मेल पर दलियात अल-कर्मेल के ड्रूज़ शहर के निवासी थे। सेना ने कहा कि घटना के दौरान, तीन अन्य अधिकारी घायल हो गए, जिनमें से एक गंभीर है। जिनमें से सभी को अस्पताल ले जाया गया। बाद में एक प्रेस ब्रीफिंग में, इजरायली सैन्य प्रवक्ता डैनियल हगारी ने पुष्टि की कि उत्तरी गाजा में जबालिया को निशाना बनाने वाले एक ऑपरेशन के दौरान, डैक्सा, जो अन्य अधिकारियों के साथ युद्ध क्षेत्र का निरीक्षण करने के लिए अपने टैंक से बाहर निकला था, एक विस्फोटक उपकरण की चपेट में आ गया।

### मिस्र मलेरिया मुक्त देश के रूप में प्रमाणित

**एजेंसी/वाशिंगटन।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने मिस्र को मलेरिया मुक्त देश के रूप में प्रमाणित किया है, जो इस बीमारी के खिलाफ लड़ाई में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। संगठन ने एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है, 'विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने मिस्र को मलेरिया मुक्त के रूप में प्रमाणित किया है, जो 10 करोड़ से अधिक निवासियों वाले देश के लिए एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य मील का पत्थर है।' डब्ल्यूएचओ ने कहा कि यह उपलब्धि 'प्राचीन काल से देश में मौजूद बीमारी को खत्म करने के लिए मिस्र सरकार और लोगों के लगभग 100 साल के प्रयास का परिणाम है।' डब्ल्यूएचओ किसी देश को मलेरिया मुक्त दर्जा प्रदान करता है, बशर्ते इस बात के विस्तृत और विश्वसनीय सबूत हों कि उसके पूरे क्षेत्र में मलेरिया फैलाने वाले मच्छरों के संचरण की श्रृंखला कम से कम पिछले तीन वर्षों से बाधित है।

### प्रधान ने सिंगापुर के प्रधानमंत्री सहित विभिन्न नेताओं से की मुलाकात

**एजेंसी/सिंगापुर।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को यहां सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग से मुलाकात की और विद्यालयी शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा तथा अनुसंधान में द्विपक्षीय सहयोग के स्तर को बढ़ाने और उसको व्यापक रूप देने के मुद्दे पर बातचीत की। शिक्षा मंत्रालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसारा दोनों नेताओं के बीच हुई तीन प्रमुख मुद्दे- प्रतिभा, संसाधन और बाजार- के जरिए भागीदारी को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित रही। इस दौरान प्रधान ने कहा कि भारत सिंगापुर को एक विश्वसनीय ज्ञान आधारितस विशेष रूप से उन्नत प्रौकद्योगिकी (डीप टेक), स्टार्टअप और नवाचार इकोसिस्टम को आगे बढ़ाने में भागीदार के रूप में देखता है। उन्होंने कहा,'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रधानमंत्री वोंग ने भारत-सिंगापुर सहयोग को एक व्यापक साझेदारी में बदलने के लिए एक मजबूत ढांचा तैयार किया है, जिसमें महत्वपूर्ण और उभरते हुए क्षेत्रों में सहयोग शामिल है।

# 'जॉर्डन' ने 'लेबनान' से 12 और नागरिकों को निकाला

एजेंसी

**अम्मान।** जॉर्डन ने रविवार को सैन्य विमान का उपयोग करके लेबनान से 12 नागरिकों को निकाला। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। सरकारी 'पेट्रा' समाचार एजेंसी ने बताया कि रॉयल जॉर्डन वायु सेना का विमान राफिक हरीरी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा और खाद्य आपूर्ति, राहत सहायता, दवा और चिकित्सा उपकरण पहुंचाए। मंत्रालय के प्रवक्ता सूफियान कुदाह ने बताया कि लेबनान में जॉर्डन के नागरिकों के लिए यह पांचवीं निकासी उड़ान है। रॉयल जॉर्डन वायु सेना के विमानों के माध्यम से आज तक जॉर्डन के 114 नागरिकों को लेबनान से निकाला गया है, जिन्होंने लेबनान में जॉर्डन दूतावास द्वारा प्रदान किए गए निकासी मंच पर पंजीकरण कराया था। प्रवक्ता ने बताया कि निकासी जॉर्डन सशस्त्र बलों, अरब सेना, सुरक्षा एजेंसियों, आंतरिक मंत्रालय और राष्ट्रीय सुरक्षा और संकट प्रबंधन केंद्र के सहयोग से मंत्रालय द्वारा विकसित एक योजना का हिस्सा है। कुदाह ने बताया कि अगस्त की शुरुआत से, लेबनान में जॉर्डन के 3,353 नागरिक क्वीन आलिया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के माध्यम से लेबनान से लौट आए हैं। इसके अलावा कई लोग जाबेर बॉर्डर क्रॉसिंग के माध्यम से जॉर्डन लौटे हैं।



# अमेरिकी चुनाव का रूस, यूक्रेन के बीच जारी युद्ध पर खास प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं: सीआईएस

एजेंसी

**वाशिंगटन।** रूसी विदेश मंत्रालय के द्वितीय इंटरनेट सुरक्षा केंद्र (सीआईएस) विभाग के प्रमुख एलेक्सी पोलिशचुक ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष पर खासा प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है, क्योंकि दोनों प्रतिद्वंद्वी पार्टियों का रुख रूस को हराकर यूक्रेन को जिताना है। पोलिशचुक ने सोमवार को कहा, 'अमेरिकी चुनाव पर यूक्रेनी संकट के इर्द-गिर्द की स्थिति का कोई खास असर पड़ने की संभावना नहीं है। यूक्रेन के समर्थन और रूस से लड़ने के बारे में लंबे समय से दोनों दलों में आम सहमति रही है।' इस बीच, उन्होंने कहा कि कीव के हालिया बयान निश्चित रूप से यूक्रेन के लिए फायदेमंद तरीके से अमेरिकी राष्ट्रपति अभियान को प्रभावित करने के उद्देश्य से हैं। पिछले सप्ताह, यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमिर जेलेंस्की ने संसद में यूक्रेन में संघर्ष को समाप्त करने की योजना पेश की। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव पांच नवंबर को होंगे। चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी का प्रतिनिधित्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और रिपब्लिकन पार्टी का प्रतिनिधित्व पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प कर रहे हैं।

# यूएई के राष्ट्रपति मॉस्को पहुंचे

एजेंसी

**मॉस्को।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान रविवार को आधिकारिक यात्रा के लिए मॉस्को पहुंचे। समाचार एजेन्सी स्पूतनिक ने यह जानकारी दी। यूएई नेता रूसी राजधानी की सड़कों पर एक काले रंग की रूसी निर्मित ऑरस कार में सवार हुए, उनके साथ एक मोटरसाइकिल एस्कॉर्ट भी थी। बाद में दिन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अल नाहयान के मॉस्को के पास नोवो-ओगारियोवो के राष्ट्रपति निवास में अनौपचारिक चर्चा में वर्तमान मुद्दों पर चर्चा करने के लिए रात्रि भोज का आयोजन करने की उम्मीद है। आधिकारिक वार्ता सोमवार को निर्धारित है, जहां नेता रूस-यूएई के बहुआयामी सहयोग की स्थिति और संभावनाओं पर चर्चा करेंगे। वे मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका की स्थिति सहित महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी चर्चा करेंगे। यूएई के राष्ट्रपति ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भी भाग लेंगे, जो 22-24 अक्टूबर तक रूस के कज़ान में होगा।

# ताइवान और चीन के बढ़ा बीच 'तनाव'

## बीजिंग ने नेवी और एयरफोर्स को किया अलर्ट चीन ने नौसेना और वायु सेना को किया तैनात

एजेंसी

**ताइपे।** चीन ने हाल ही में ताइवान के पास बड़े पैमाने पर युद्धाभ्यास किया था। युद्धाभ्यास के लगभग एक सप्ताह बाद अमेरिका और कनाडा के युद्धपोत रविवार को ताइवान स्ट्रेट से गुजरे। अमेरिका और कनाडा के इस कदम को लेकर चीन ने भी प्रतिक्रिया दी है। चीन की तरफ से कहा गया है कि इससे क्षेत्र में शांति और स्थिरता को नुकसान पहुंचता है। चीन ताइवान पर दावा करते है और उसे अपना क्षेत्र बताता है। अमेरिकी नौसेना के 7वें बेड़े ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि सभी देशों के लिए नौवहन की स्वतंत्रता के सिद्धांत को कायम रखने के लिए विध्वंसक पोत 'यूएसएस हिगिंस' और कनाडाई युद्धपोत 'एचएमसीएस वैंकूवर' ताइवान स्ट्रेट से नियमित रूप से गुजरे। अमेरिकी नौसेना के पोत चीन को ताइवान से अलग करने वाले संवेदनशील जलमार्ग से नियमित रूप से गुजरते हैं। ऐसे में कभी-कभी मित्र देशों के पोत भी उसके साथ होते हैं। इस बीच 'पीपुल्स लिबरेशन आर्मी' की 'ईस्टर्न थियेटर कमांड' ने कहा कि उसने अमेरिकी और कनाडाई पोतों पर निगरानी के लिए 'कानून के अनुसार' नौसेना और वायुसेना को तैनात किया है। अमेरिकी नौसेना के 7वें बेड़े ने बयान में कहा कि पोत 'ऐसे जल क्षेत्र से गुजरे जहां समुद्री नौवहन और हवाई क्षेत्र में उड़ान की स्वतंत्रता अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत लागू होती है।' बयान में यह भी कहा गया है, 'ताइवान जलडमरूमध्य में अंतरराष्ट्रीय समुदाय के नौवहन के अधिकारों और स्वतंत्रता को सीमित नहीं किया जाना चाहिए।'' बता दें कि, चीन ने हाल ही में ताइवान और उसके बाहरी द्वीपों के आसपास बड़े पैमाने पर सैन्य अभ्यास किया था।



# इजरायल सेना ने गाजा में की घातक हमला

## सिनवार की मौत के बाद गाजा में इजरायल ने मचाई तबाही, 40 लोग घायल

एजेंसी

**गाजा।** इजरायल और हमास के बीच जंग जारी है। जंग के बीच गाजा में इजरायल की ताबड़तोड़ सैन्य कार्रवाई जारी है। इस बीच हमास चीफ याह्या सिनवार की मौत के बाद उत्तरी गाजा में एक बार फिर इजरायल की सेना ने घातक हमले किए है। इजरायल की ओर से किए गए इन हमलों में 87 लोग मारे गए हैं या लापता हैं। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से इस बारे में जानकारी दी गई है। मंत्रालय की तरफ से बताया गया कि बेत लहिया शहर पर हुए हमलों में 40 लोग घायल हुए हैं। गाजा के उत्तरी छोर पर स्थित बेत लहिया लगभग एक साल पहले इजरायल के जमीनी हमले के पहले लक्ष्यों में से एक था। इजरायल पिछले दो सप्ताह से उत्तरी गाजा में बड़े पैमाने पर अभियान चला रहा है। उसका कहना है कि हमास वहां फिर से संगठित हो गया है। फलस्तीनी अधिकारियों का कहना है कि हमलों में लगातार लोगों की जान जा रही है। उत्तर के इलाकों में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से चरमरा गई हैं। चिकित्सक रहीम खेदर के अनुसार मृतकों में दो दंपती और उनके चार बच्चे, एक महिला, उसका बेटा, बहू और उनके चार बच्चे शामिल हैं। बेत लहिया में हमलों पर इजरायली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई। हालांकि, यह जरूर कहा गया है कि सेना ''गाजा में हवाई हमले और जमीनी अभियानों दोनों को जारी रखे हुए है।'' इस बीच यहां यह भी बता दें कि, इजरायल की ओर से हिजबुल्लाह को टारगेट कर किए गए एक हमले में लेबनानी सेना के तीन सैनिकों की मौत हो गई। लेबनानी सेना की ओर से इस बारे में जानकारी दी गई है। लेबनानी सेना ने कहा कि दक्षिणी इलाके में उनके वाहन पर इजरायली हमले में उसके तीन सैनिक मारे गए है। इस हमले को लेकर भी इजरायली सेना की ओर से कोई टिप्पणी नहीं की गई है।



# रूसी सेना किया कीव पर 'ड्रोन हमला'

एजेंसी

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी जंग में रूसी सेना लगातार आक्रामक होती जा रही है। यूक्रेन के अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि रूस ने लगातार दूसरी रात कीव को निशाना बनाकर ड्रोन से कई हमले किए, जिससे आवासीय इमारतों को नुकसान पहुंचा है। रूस की तरफ से किए गए इन हमलों में कम से कम एक नागरिक के घायल होने की भी खबर है। कीव के सैन्य प्रशासन प्रमुख सेरही पोपको ने टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप पर कहा, 'एक और रात, एक और चिंता, दुश्मन यूक्रेन और कीव पर हवाई हमले कर रहा है।' पोपको ने कहा कि शहर को कई बार और अलग-अलग दिशाओं से निशाना बनाकर हमला करने वाले करीब 10 ड्रोन नष्ट कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि कोई भी ड्रोन अपने लक्ष्य पर नहीं लगा। इस बीच रूस के एयर डिफेंस सिस्टम ने रविवार को देश के पश्चिमी क्षेत्र में 100 से अधिक यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराए हैं। रूसी अधिकारियों की ओर से यह जानकारी दी गई है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि बीती रात रूस के सात क्षेत्रों की ओर भेजे गए 110 ड्रोन को मार गिराया गया। मंत्रालय ने कहा कि अधिकतर ड्रोन ने रूस के सीमा क्षेत्र कुर्स्क को निशाना बनाया, जहां 43 ड्रोन मार गिराए जाने की सूचना मिली है।

# 64 साल बाद किया हिंदू मंदिर का पुनर्निर्माण

## पाकिस्तान ने हिंदू मंदिर बनाने के लिए एक करोड़ पाकिस्तानी रुपये बजट आवंटित किया

एजेंसी

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक हिंदू मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए एक करोड़ पाकिस्तानी रुपये का बजट आवंटित किया गया है। बजट आवंटित होने से मंदिर के जर्जर होने के 64 साल बाद इसके जीर्णोद्धार का पहला चरण शुरू हो गया है। मीडिया में आई एक खबर में सोमवार को इस बारे में जानकारी दी गई है। 'डॉन न्यूज' की खबर के अनुसार, पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के पूजा स्थलों की देखरेख करने वाली संघीय संस्था 'इवेक्यूई ट्रस्ट प्रोपर्टी बोर्ड' (ईटीपीबी) ने पंजाब में रावी नदी के पश्चिमी तट पर स्थित नारोवाल शहर के जफरवाल नगर में बावली साहिब मंदिर का निर्माण शुरू कर दिया है। यह मंदिर 1960 में जर्जर हो गया था। अभी नारोवाल जिले में कोई हिंदू मंदिर नहीं है जिससे हिंदू समुदाय को धार्मिक अनुष्ठान घर पर ही करने पड़ते हैं या उसके लिए सियालकोट और लाहौर के मंदिरों में जाना पड़ता है। पाक धर्मस्थान कमेटी के पूर्व अध्यक्ष रतन लाल आर्या ने कहा कि बावली साहिब मंदिर पर ईटीपीबी के नियंत्रण के कारण वह जर्जर हो गया और नारोवाल में 1,453 से अधिक हिंदू पूजा स्थल से वंचित हो गए। पाकिस्तान के गठन के बाद नारोवाल जिले में 45 मंदिर थे लेकिन उनमें से सभी मरम्मत ना होने के कारण जर्जर होते चले गए। आर्या ने कहा कि पिछले 20 साल से पाक धर्मस्थान कमेटी बावली साहिब मंदिर के जीर्णोद्धार की पैरवी करती आ रही है। उन्होंने बताया कि सरकार ने हिंदू समुदाय की मांगों को पूरा करने के लिए मंदिर की मरम्मत के लिए कदम उठाए हैं। उच्चतम न्यायालय के 'वन मैन कमीशन' के अध्यक्ष शोएब सिद्दल और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य मंजूर मसीह ने इस मरम्मत के प्रयास में अहम भूमिका निभाई है। पाक धर्मस्थान कमेटी के अध्यक्ष सावन चंद ने कहा कि बावली साहिब मंदिर की मरम्मत से हिंदू समुदाय की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी होगी, जिससे उन्हें प्रार्थना स्थल पर धार्मिक अनुष्ठान करने की अनुमति मिलेगी। पाकिस्तान में हिंदू सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समुदाय है। आधिकारिक अनुमान के अनुसार, पाकिस्तान में 75 लाख से अधिक हिंदू रहते हैं। हालांकि, समुदाय के मुताबिक, देश में 90 लाख से अधिक हिंदू हैं।



# मल्लिका नड्डा ने स्पेशल ओलंपिक भारत की जर्सी का किया अनावरण

एजेंसी

**नई दिल्ली।** स्पेशल ओलंपिक भारत की अध्यक्ष मल्लिका नड्डा, चेयरमैन अमित भल्ला और महासचिव डीजी चौधरी ने सोमवार को 18 से 23 नवंबर तक राष्ट्रीय राजधानी में होने वाले स्पेशल ओलंपिक एशिया पैसिफिक के लिए भारतीय टीम की जर्सी का अनावरण किया। आज यहां संवाददाता सम्मेलन के दौरान मीडिया सदस्यों के साथ स्पेशल ओलंपिक खेलों के अनुभव को साझा करने के लिए बोचे



और बॉलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वैश्विक स्तर पर होने वाली इस प्रतियोगिता में 22 वर्ष से अधिक उम्र के बौद्धिक और विकासात्मक दिव्यांग (आईडीडी) वाले बुजुर्ग के लिये पदक जीतने का अवसर होगा। 12वें स्पेशल ओलंपिक कार्यक्रमों में पूर्वी एशिया, यूरोप, यूरेशिया और एशिया प्रांत से 100 से अधिक एथलीट हिस्सा लेंगे। स्पेशल ओलंपिक्स भारत एक राष्ट्रीय खेल महासंघ है और यह अमेरिका द्वारा मान्यता प्राप्त है।

नड्डा ने कहा, आज हमें स्पेशल ओलंपिक भारत की जर्सी का अनावरण करने और शिवानी को हमारे एथलीट ब्रांड एंबेसडर के रूप में घोषित करने का मौका मिला है। यह प्रतियोगिता केवल खेल तक सीमित नहीं है, यह मानवीय भावना, दृढ़ संकल्प और एकता की शक्ति का उत्सव है। पूरे एक सप्ताह तक, हम साहस, दृढ़ संकल्प और पदक विजेता की संघर्ष के बारे में जानेंगे क्योंकि एथलीट, उनके परिवार और समर्थक साथ मिलकर एकता और दोस्ती का बेहतरीन उदाहरण पेश करेंगे।

इस अवसर पर नड्डा ने शिवानी को स्पेशल ओलंपिक भारत खेल के लिए आधिकारिक एथलीट ब्रांड एंबेसडर बनाये जाने की घोषणा की। इस दौरान शिवानी ने कहा कि स्पेशल ओलंपिक्स एशिया पैसिफिक बोचे और बॉलिंग प्रतियोगिता के लिए मुझे ब्रांड एंबेसेडर बनाये जाने पर गर्व है। शिवानी ने बर्लिन में विश्व शीतकालीन खेल में साइकिलिंग प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण पदक जीते। उन्होंने अपने अनुभव को सझा करते हुए कहा कि खेल में मेरे सफर ने मेरा जीवन बदल दिया है। इसने मुझे चुनौतियों से उभरने और दुनिया को दिखाने की ताकत दी कि कड़ी मेहनत और विश्वास के साथ कुछ भी संभव है।

उन्होंने कहा कि मैं चाहती हूं कि हर कोई जाने खेलों में शामिल होने से मुश्किलें दूर हो सकती है और हम सभी को अपनी वास्तविक क्षमता तक पहुंचने में मदद मिल सकती है।



फेरारी ड्राइवर स्पेन के कार्लोस सैन्ज़ (बाएं से) दूसरे स्थान पर रहे, उनके साथ रेस विजेता और टीम के उनके साथी मोनाको के चार्ल्स लेक्लर और रेड बुल ड्राइवर नीदरलैंड के मैक्स वेरस्टैपेन हैं, जो टेक्सास के ऑस्टिन में सर्किट ऑफ द अमेरिकाज में अमेरिकी ग्रांड प्रिक्स ऑटो रेस में तीसरे स्थान पर रहे।

# दक्षिण अफ्रीका ने बंगलादेश को 'पहली पारी' में 106 पर समेटा

एजेंसी

**मीरपुर।** कगिसो रबाड़ा, वियान मुल्डर और केशव महाराज की घातक गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने सोमवार को पहले टेस्ट मैच में बंगलादेश को पहली पारी में 106 के स्कोर पर समेट दिया। आज यहां बंगलादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की शुरुआत खबरा रही और उसने दूसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज शादमान इस्लाम



(शून्य) का विकेट गवां दिया। उन्हें मुल्डर ने मारक्रम के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद तो बंगलादेश की टीम ताश के पत्तों की ढह गई। चौथे ओवर में मोमिनुल हक (चार) भी मुल्डर का शिकार बने। कप्तान नजमुल शान्तो (सात) को मुल्डर ने आउट कर बंगलादेश को बैकफुट पर ला दिया। 14वें ओवर में कगिसो रबाड़ा ने मुशफिकुर रहीम (11) को बोल्डकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद लिटन कुमार दास (एक) भी रबाड़ा का शिकार बने। मेहदी हसन मिराज (13) को केशव महाराज ने पगबाधा आउट किया। महमुदुल हसन जॉय बंगलादेश के शीर्ष स्कोरर रहे। उन्होंने (30) रनों की पारी खेली। उन्हें 30वें ओवर में डेन पीट ने बोल्ड आउट किया। पर्दापण टेस्ट मैच में जाकेर अली (2) को महाराज ने वेरेन के हाथों स्टंप आउट कराया। नईम हसन आठ को रबाड़ा ने आउट किया। तैजुल इस्लाम (16) को महाराज ने बोल्ड आउटकर बंगलादेश की पहली पारी को 40.1 ओवर में 106 के स्कोर पर समेट दिया। दक्षिण अफ्रीका की ओर से कगिसो रबाड़ा, वियान मुल्डर और केशव महाराज ने तीन-तीन विकेट लिये। डेन पीट को एक विकेट मिला।

## कगिसो रबाडा ने पूरे किए 300 टेस्ट विकेट

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश और साउथ अफ्रीका के बीच टेस्ट सीरीज का आगाज हो गया है। सीरीज का पहला मैच आज से शुरू हो गया। मैच में बांग्लादेश की टीम पहले बल्लेबाजी करने उतरी, लेकिन टीम का प्रदर्शन काफी खराब रहा। इस बीच साउथ अफ्रीका के दिग्गज गेंदबाजों में शुमार कगिसो रबाडा ने एक नया कीर्तिमान बना दिया है। खास तौर पर बात अगर टेस्ट क्रिकेट की करें तो उन्होंने दुनियाभर के गेंदबाजों को पीछे छोड़ दिया है। कगिसो रबाडा ने टेस्ट में सबसे तेज 300 विकेट अपने नाम किए हैं। यहां हम बॉल फेंकने के हिसाब से बात कर रहे हैं। कगिसो रबाडा ने जब आज अपना 300वां टेस्ट विकेट लिया, तब तक उन्होंने 11,817 बॉल फेंकी थी। इतनी कम बॉल में किसी ने भी ऐसा नहीं किया है।

## 'सब जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप' के लिये तैयार रामगढ़ताल

एजेंसी

**गोरखपुर।** पिछले साल खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के तहत रोइंग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता की सफल मेजबानी करने वाले गोरखपुर का रामगढ़ताल में मंगलवार को यहां सब जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप खेली जायेगी। 26 अक्टूबर तक होने वाली इस चैंपियनशिप का उद्घाटन 22 अक्टूबर को होगा जबकि खिलाड़ियों के बीच प्रतिस्पर्धा का शुभारंभ 23 अक्टूबर को खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव की उपस्थिति में होगा। 26 अक्टूबर को चैंपियनशिप के समापन अवसर पर मुख्यमंत्री योगी मौजूद रहेंगे। सब जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप में 20 राज्यों की टीमें प्रतिभाग कर रही है। इसमें कुल 243 खिलाड़ी शामिल होंगे। इन खिलाड़ियों के साथ 43 कोच भी हैं। खिलाड़ियों, कोच, सपोर्टिंग स्टाफ, निर्णायकों और अतिथियों के लिए शहर के होटलों और वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 106 कमरे रिजर्व किए गए हैं। प्रतियोगिता को लेकर रामगढ़ताल में लेन कोर्स तैयार कर लिया गया है। उल्लेखनीय है कि वाटर स्पोर्ट्स की गतिविधियों को बढ़ाने के लिए ही योगी सरकार ने रामगढ़ताल के समीप विश्व स्तरीय वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया है। पिछले वर्ष मई माह में हुई खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की रोइंग प्रतियोगिता के बाद जर्मनी से 20 रोइंग बोट्स मंगाकर यहां प्रशिक्षण का कार्य पहले से जारी है। अब सब जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप की मेजबानी के बाद वाटर स्पोर्ट्स की संभावना और परवान चढ़ेगी।

# श्रीलंका ने वेस्टइंडीज को पांच 'विकेट' से हराया




एजेंसी

**पल्लेकेल।** श्रीलंका ने वर्षा बाधित एकदिवसीय मुकाबले में वेंस्टइंडीज को पांच विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली हैं। रविवार देर रात खेले गये मुकाबले में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत बेहद



खराब रही। उसने आठवें ओवर में ब्रैंडन किंग (14) का विकेट गवां दिया। वेस्टइंडीज ने 25 ओवर में 100 रन स्कोर तक अपने चार विकेट गवां दिये थे। केसी कार्टी (37), ऐलेक ऐथनेज (10) और शो होप (पांच) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद शरफेन रदरफोर्ड और रॉस्टन चेज ने धीकी गति से रन बनाये और विकेट नहीं गिरने दिया। शरफेन रदरफोर्ड ने (नाबाद 77) और रॉस्टन चेज ने (नाबाद 33) रन बनाये। बारिश के कारण ओवरों की संख्या घटा दी गई। वेस्टइंडीज ने 38.3 ओवर में चार विकेट पर 185 रन बनाये। श्रीलंका की ओर से वानिंदु हसरंगा ने दो विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत भी बेहद खराब रही और महज 45 रन के स्कोर पर उसके तीन बल्लेबाज पवेलियन लौट गए। अविष्का फर्नांडो (पांच), कुसल मेंडिस (13) और सदीरा समरविक्रमा (18) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद सलामी बल्लेबाज निशान मदुश्का और कप्तान चैरिथ असलांका ने मिलकर पारी को संभाला। श्रीलंका की टीम ने महज 31.5 ओवर में पांच विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया। चैरिथ असलांका ने सबसे ज्यादा (77) रनों की आतिशी पारी में आठ चौके और तीन छक्के जड़ें। वहीं निशान मदुश्का ने (69) रन बनाए। जतिन लियागे (18) और कामिंडु मेंडिस (30)रन बनाकर नाबाद रहे।

## पुजारा ने लगाया 66वां शतक



नई दिल्ली। चेतेश्वर पुजारा भारतीय टेस्ट टीम से बाहर चल रहे हैं। उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ भारतीय टेस्ट स्क्वाड में चांस नहीं मिला है। वह इस समय रणजी ट्रॉफी में बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं और शतक लगाकर उन्होंने टीम इंडिया में वापसी के लिए हुंकार भरी है। रणजी ट्रॉफी 2024 में इस समय छत्तीसगढ़ और सौराष्ट्र के बीच मुकाबला खेला जा रहा है। इस मैच में पुजारा ने बेहतरीन बल्लेबाजी की है और अपनी टीम को संकट से निकाल लिया है। चेतेश्वर पुजारा ने सौराष्ट्र के लिए खेलते हुए छत्तीसगढ़ के खिलाफ शतक लगाया।

# केएल राहुल से भी आगे निकल गए सरफराज खान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अभी अभी जिस खिलाड़ी ने अपना इंटरनेशनल डेब्यू किया है। कुछ ही महीने अपना पहला मैच खेला है, अब तो उसने भी केएल राहुल को पीछे कर दिया है। केएल राहुल इस वक्त टीम इंडिया के टॉप ट्रेंड बल्लेबाज हैं। वैसे तो कहा जाता है कि खिलाड़ी को अपने खेल लिए ट्रेंड करना चाहिए, लेकिन राहुल अपने खराब खेल के लिए ट्रेंड कर रहे हैं। केएल राहुल के अच्छे खासे फैंस हैं, जो अब उनसे धीरे धीरे मुंह



मोड़ते जा रहे हैं। फैंस भी उसी खिलाड़ी के साथ रहते हैं, जो अच्छे खेल का प्रदर्शन कर रहा हो। इस बीच सरफराज खान ने भी अब राहुल को पीछे कर दिया है। हम यहां विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के इस सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ियों की बात कर रहे हैं। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के इस सीजन में सरफराज खान ने अब तक 4 ही मैच खेले हैं। इस दौरान वे 350 रन बना चुके हैं। उनका औसत 58.33 का है। वहीं वे 77.77 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी कर रहे हैं। उन्होंने एक शतक और तीन अर्धशतक लगाए हैं। दरअसल सरफराज तो पहली ही बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप खेल रहे हैं, इससे पहले वे टीम में ही नहीं थे। अब अगर बात केएल राहुल की करें तो उन्होंने इस सीजन 6 मैच खेलकर 339 रन बनाए हैं। उनका औसत 37.66 का है और स्ट्राइक रेट 67.66 का है। उनके नाम अब तक एक शतक और दो अर्धशतक हैं। यानी कुल मिलाकर देखें तो सरफराज कुछ ही दिन में केएल राहुल से इतने आगे निकल गए हैं। वहीं केएल राहुल कुछ भी खास नहीं कर पा रहे हैं। अब उन पर टीम इंडिया मैनेजमेंट और कप्तान क्या फैसला करते हैं, ये देखना दिलचस्प होगा। भारत बनाम न्यूजीलैंड टेस्ट सीरीज के दो और मैच बाकी हैं। इस दौरान देखना होगा कि टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन में खेलने का मौका मिलता है। साथ ही जिसे मौका मिलता है, वो कैसा प्रदर्शन करता है। पहले तो इस सीरीज में बेहतर प्रदर्शन करना पहला लक्ष्य होगा, लेकिन इसके बाद असली परीक्षा तो ऑस्ट्रेलिया सीरीज के दौरान होगी, लेकिन सवाल ये भी रहेगा कि इस सीरीज में अच्छा खेल दिखाने के बाद ही अगली सीरीज के लिए उनका सेलेक्शन किया जाएगा। ऐसे में आने वाले कुछ दिन केएल राहुल का भविष्य तय करते हुए नजर आएं तो चौंकिएगा नहीं।

## भारत-न्यूजीलैंड: पुणे में होगा दूसरा 'टेस्ट'

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में 8 विकेट से हार झेलनी पड़ी। भारतीय प्लेयर्स के लिए ये मैच आंखें खोलने वाला रहा। पहली पारी में भारतीय बल्लेबाजी आक्रमण में मौजूद दिग्गज बल्लेबाज भी धराशाई हो गए थे और रन बनाना तो दूर क्रीज पर टिक ही नहीं पाए। पूरी भारतीय टीम सिर्फ 46 रनों पर सिमट गई। इस झटके से पूरे टेस्ट में टीम इंडिया उबर नहीं पाई और न्यूजीलैंड के खिलाफ 36 साल बाद घर पर टेस्ट मुकाबला हार गई। मैच हारने के साथ ही टीम इंडिया सीरीज में 0-1 से पीछे हो गई है। अब सीरीज में बराबरी के लिए टीम इंडिया को दूसरा टेस्ट मुकाबला हर हाल में जीतना होगा। पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में टीम इंडिया ने अभी तक कुल दो टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें से भारत ने एक जीता और एक हारा है। यहां पर टीम इंडिया ने पहला टेस्ट मैच साल 2017 में खेला था। तब टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 333 रनों से करारी हार झेलनी पड़ी थी। तब ऑस्ट्रेलिया के स्टीव ओ कीफे ने धमाकेदार गेंदबाजी करते हुए 12 विकेट हासिल किए थे और ऑस्ट्रेलिया को मैच जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। इसके बाद टीम इंडिया ने यहां पर दूसरा टेस्ट मैच साल 2019 में खेला था, तब भारतीय टीम ने साउथ अफ्रीका को पारी और 137 रन से हराया था। तब भारतीय कप्तान विराट कोहली ने धमाकेदार 254 रनों की पारी खेली थी और उनकी वजह से ही टीम इंडिया मुकाबला जीतने में सफल रही थी। भारतीय टीम ने यहां पर 5 साल पहले टेस्ट मुकाबला जीता था। भारतीय टीम भले ही पहला टेस्ट मुकाबला हार गई हो, लेकिन टीम इंडिया के पास ऐसे प्लेयर्स हैं, जो मैच जिताने की काबिलियत रखते हैं। मैच हारने के बाद भारतीय कप्तान रोहित भी कह चुके हैं कि हमने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में पहला मुकाबला हारने के बाद लगातार चार टेस्ट मैच जीते थे।



लिवरपूल के कर्टिस जोन्स (दाएं) ने इंग्लैंड के लिवरपूल के एनफील्ड स्टेडियम में लिवरपूल और चेल्सी के बीच इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल मैच के दौरान चेल्सी के गोलकीपर रॉबर्ट सांचेज़ को छकाते हुए अपनी टीम का दूसरा गोल करते हुए।



# न्यूजीलैंड ने बनाया 'महारिकॉर्ड'

## महिला टी20 वर्ल्ड कप: गेंद और बल्ले से कमाल करते हुए न्यूजीलैंड को फाइनल मुकाबला जिताया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड ने आखिरकार साउथ अफ्रीका को 32 रनों से हराकर पहली बार महिला टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीत लिया। फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड की गेंदबाजों और बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया। कीवी टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 158 रन बनाए, जिसके जवाब में साउथ अफ्रीकी टीम सिर्फ 126 रन बना पाई। न्यूजीलैंड के लिए फाइनल सहित पूरे टूर्नामेंट में 24 साल की अमेलिया केर ने दमदार प्रदर्शन किया। इस प्लेयर ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपने दम पर न्यूजीलैंड को खिताब जिताया है। फाइनल मैच में अमेलिया केर ने बेहतरीन गेंदबाजी और बल्लेबाजी का नमूना पेश किया। उन्होंने पहले बैटिंग में योगदान देते हुए अहम 43 रन बनाए। इसके बाद गेंद से कमाल करते हुए 4 ओवर में 24 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। महिला टी20 वर्ल्ड कप 2024 में उन्होंने कुल 15 विकेट चटकाए और 135 रन भी बनाए। वह बेहतरीन प्रदर्शन से सभी को प्रभावित करने में सफल रहीं। अमेलिया केर के शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। इसके अलावा प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड भी उनके खाते में गया। वह महिला टी20 वर्ल्ड कप के किसी एडिशन में फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज ये दोनों अवॉर्ड जीतने वाली पहली प्लेयर हैं। उनसे पहले कोई भी खिलाड़ी ऐसा नहीं कर पाई थी। अमेलिया केर ने डिएंड्रा डॉटिन, सूजी बेट्स, स्टैफनी टेलर की बराबरी कर ली है। इन प्लेयर्स ने महिला टी20 वर्ल्ड कप में दो बार ऐसा किया है, जब किसी मैच में उन्होंने 40 प्लस रन बनाए हों और मैच में दो विकेट भी हासिल किए हों। खास बात ये रही है कि अमेलिया पहली ऐसी प्लेयर बनी हैं, जिन्होंने महिला टी20 वर्ल्ड कप के नॉकआउट मैचों (फाइनल और सेमीफाइनल) में ऐसा किया है। न्यूजीलैंड महिला टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीतने वाली कुल चौथी टीम बनी है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज इस ट्रॉफी को जीत चुकी हैं। ऑस्ट्रेलिया ने महिला टी20 वर्ल्ड कप 6 बार, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड ने एक-एक बार जीता है।



# बंगाल में तृणमूल और भाजपा ने विधानसभा उपचुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और उसकी मुख्य प्रतिद्वंद्वी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 13 नवंबर को छह विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए उम्मीदवारों की



घोषणा कर दी है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि संगीता रॉय सीताई (सुरक्षित) से तथा जय प्रकाश टोप्पो मदारीहाट (सुरक्षित) से चुनाव लड़ेंगे। तलडांगरा से फाल्गुनी सिंघाबाबू, मिदनापुर (पश्चिम मिदनापुर जिला) से सुजॉय हाजरा,हरोआ से एसके रबीउल इस्लाम और नैहाटी से सनत देय चुनाव लड़ेंगे। भाजपा ने सीताई से दीपक कुमार रॉय, मदारीहाट से राहुल लोहार, नैहाटी से रूपक मित्रा और हरोआ से बिमल दास को उम्मीदवार बनाया है। शुभोजीत रॉय मिदनापुर से और अनन्या रॉय चौधरी तलडांगरा से उपचुनाव लड़ेंगे। गौरतलब है कि सत्तारूढ़ टीएमसी ने 2021 के विधानसभा चुनावों में पांच सीटें जीतीं और भाजपा ने मदारीहाट जीता। इस वर्ष लोकसभा में जीत के बाद इन छह क्षेत्रों के मौजूदा विधायकों के इस्तीफे के कारण उपचुनाव कराया जा रहा है। वाम दलों और कांग्रेस ने अभी तक आगामी उपचुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। मतगणना 13 नवंबर को होगी।

## बुधनी में पटेल और विजयपुर में मल्होत्रा कांग्रेस प्रत्याशी

**भोपाल।** कांग्रेस ने मध्यप्रदेश के बुधनी विधानसभा उपचुनाव में पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल और विजयपुर में मुकेश मल्होत्रा को आज रात प्रत्याशी घोषित कर दिया। कांग्रेस के केंद्रीय संगठन की ओर से जारी की गयी प्रत्याशियों की सूची के अनुसार सीहोर जिले की बुधनी विधानसभा सीट से पूर्व मंत्री पटेल और श्योपुर जिले की विजयपुर विधानसभा सीट से आदिवासी चेहरा मल्होत्रा प्रत्याशी होंगे। मल्होत्रा की आदिवासियों की बीच खासी पैठ मानी जाती है और वे वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर चुनाव मैदान में थे और तीसरे नंबर पर रहे थे।

## मुख्य समाचार

### हैदराबाद में बारहवीं की छात्रा ने आत्महत्या की



**एजेंसी/हैदराबाद।** तेलंगाना के हैदराबाद में रविवार रात एक 16 वर्षीय किशोरी ने अपने छात्रावास के कमरे में पंखे से लटक कर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने बताया कि वह शहर के मियापुर इलाके के बचुपल्ली स्थित नारायण कॉलेज में बारहवीं की छात्रा थी। कॉलेज प्रशासन ने शुरुआत में किशोरी के माता-पिता को बताया कि वह बेहोश हो गई है। बाद में, छात्रावास पहुंचने पर उन्हें बताया गया कि उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूत्रों के अनुसार, माता-पिता के घटनास्थल पर पहुंचने से पहले ही किशोरी के शव को गांधी अस्पताल ले जाया गया। इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

### भोजपुरी को भाषा का दर्जा मिले : पटवारी



**एजेंसी/समस्तीपुर।** चर्चित लोक गायिका कल्पना पटवारी ने कहा है कि सरकार को भोजपुरी को भाषा का दर्जा देना चाहिये। कल्पना पटवारी ने समस्तीपुर मे युवा कलाश्रम द्वारा आयोजित बाबा थानेश्वर नृत्य महोत्सव के अवसर पर कल रात पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि भोजपुरी आमलोगों की भाषा बन गई है। सरकार भोजपुरी को भाषा का दर्जा प्रदान करे। उन्होंने कहा कि पूर्वी भोजपुरी का सम्मान बढ़ाने के लिए सरकार को पहल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिहार में बिहारी ठाकुर जैसे महान लोकगायक हुए लेकिन आज भी सरकार की उदासीनता के कारण भोजपुरी भाषा यहां विकलांग जैसी है। लोक गायिका पटवारी ने असमिया मातृभाषा को क्लासिक भाषा का दर्जा प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और असम के मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर थानेश्वर नृत्य महोत्सव के संरक्षक महेंद्र पोद्दार,अमित कुमार एवं आयोजक लक्ष्मण कुमार उपस्थित थे।

### हिमाचल में रसायन टैंक में गिरने से दो मजदूरों की मौत

**एजेंसी/सोलन।** हिमाचल प्रदेश में सोलन जिले में कैनविन ड्रग फैक्टरी के रसायन टैंक में गिरने से दो श्रमिकों की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि घटना सोलन जिले के नालागढ़ उपमंडल के प्लास्डा गांव में रविवार शाम को एक ड्रग फैक्ट्री में तब हुई, जब सैंपल उठाने के लिए एक श्रमिक को टैंक में उतारा गया था, लेकिन अचानक उसका पैर फिसल गया और वह रसायन से भरे टैंक में गिर गया। टैंक में गिरे अपने साथी को बचाने के लिए दूसरा मजदूर भी आनन-फानन में टैंक में कूद गया। एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे ने अस्पताल पहुंचने से पहले दम तोड़ दिया। मजदूरों के बयान के मुताबिक कंपनी के अंदर बड़े-बड़े रसायन टैंक हैं, जिस टैंक में प्रवासी मजदूर गिरा वह आरओ केमिकल टैंकर है। मजदूरों के पास टैंक में उतरने के लिए कोई सुरक्षा उपकरण नहीं था, जिससे उनकी मौत हो गई। नालागढ़ थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गयी है और जांच शुरू कर दी है।

### गिरिडीह में दो वाहनों की टक्कर में तीन लोगों की मौत

**एजेंसी/गिरिडीह।** झारखंड में गिरीडीह जिले के ताराटांड़ थाना क्षेत्र में सोमवार को दो वाहनों के बीच हुयी टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि कार पर सवार लोग धनबाद से देवघर जा रहे थे। इस दौरान पंडरी में गिरिडीह-धनवाद सड़क पर कार और बलेनो की टक्कर हो गयी। इस घटना में उत्तर प्रदेश के देवरिया जिला निवासी कैलाश सिंह(60) सुरेंद्र सिंह (60) और झारखंड के बोकारो निवासी राजीव रंजन सिन्हा (45) की मौत हो गयी तथा तीन अन्य घायल हो गये। सूत्रों ने बताया कि घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिये भेज दिया गया है।

### साय ने गंदेरबल आतंकी हमले में सात लोगों की मौत पर जताया शोक

**एजेंसी/रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जम्मू-कश्मीर के गंदेरबल में आतंकी हमले में सात लोगों की मौत की खबर को अत्यंत दु:खद बताया है। साय ने कहा, आतंकियों द्वारा की गई ये जघन्य और कायराना हरकत बेहद निंदनीय है। मेरी संवेदनाएं मृतकों के परिजनों के साथ है। ईश्वर से दिवंगतों की आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर के गंदेरबल में श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर गगनगीर के पास एक शिविर में रविवार शाम को हुए आतंकी हमले में एक स्थानीय डॉक्टर सहित सात लोगों की मौत हो।

# उड़ान योजना 10 साल और बढ़ेगी: नायडू

एजेंसी



केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने सोमवार को उड़ान योजना के आठ वर्ष पूरे होने के मौके पर राजीव गांधी भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में यह घोषणा की। नायडू ने कहा कि वर्ष 2016 में राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन नीति में भारत के महानगरों के अलग टियर2 और टियर3 श्रेणी के शहरों एवं कस्बों को हवाई सेवाओं से जोड़ने के लिये उड़ान योजना क्रियान्वित की।

**नई दिल्ली।** सरकार ने देश के छोटे शहरों एवं कस्बों को हवाई सेवा से जोड़ने के लिये चल रही उड़े देश का आम नागरिक (उड़ान) योजना को 2026 से अगले 10 साल और बढ़ाने की घोषणा की है। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने सोमवार को उड़ान योजना के आठ वर्ष पूरे होने के मौके पर राजीव गांधी भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में यह घोषणा की। नायडू ने कहा कि वर्ष 2016 में राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन नीति में भारत के महानगरों के अलग टियर2 और टियर3 श्रेणी के शहरों एवं कस्बों को हवाई सेवाओं से जोड़ने के लिये उड़ान योजना क्रियान्वित की, जिसका लाभ यह हुआ कि देश मे 86 नये हवाई अड्डे, दो वाटरड्रम एवं 30 हेलीपोर्ट विकसित किये गये। 601 नये मार्ग शुरू हुये जिन पर दो लाख 84 हजार अतिरिक्त उड़ानें हुईं और एक करोड़ 44 लाख यात्रियों ने हवाई यात्रा की। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत कम परिचालन वाले हवाई अड्डों पर विमान सेवाओं के लिये सरकार ने राज्यों के साथ मिल कर वीजीएफ यानी व्यवहार्यता सहायता प्रदान करने की नीति लागू की जिसका नतीजा यह है कि आज देश में 157 हवाई अड्डे परिचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को गति मिली, स्थानीय लोगों के लिये रोज़गार सृजित हुआ और पर्यटन सहित विभिन्न उद्योगों को बढ़ावा मिला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत का जो सपना देखा है, उसमें नागरिक उड्डयन मंत्रालय और उड़ान योजना का भी महत्वपूर्ण योगदान होगा। नायडू ने कहा कि वर्ष 2016 में उड़ान योजना 10 वर्ष के लिए शुरू की गयी थी। देश में नागरिक उड्डयन क्षेत्र में सालाना 10 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा, 'मैं साझा करना चाहता हूं कि कैसे हमने सी प्लेन के दिशानिर्देशों को बदल दिया है, हमने सी प्लेन नेटवर्क में भी बदलाव कर दिया है, उड़ान पर भी हम हेलीपोर्ट नेटवर्क में मदद ला रहे हैं। इसलिये हमें लगता है कि उड़ान के तहत हेलीकॉप्टर संचालन में भी क्रांति होने जा रही है। देश इसलिये भविष्य में हम एक चीज पर ध्यान देंगे कि हम अधिक से अधिक भागीदारों को कैसे जोड़ें ताकि हम सीप्लेन और हेलीकॉप्टरों में भी सुचारू संचालन कर सकें।' उन्होंने कहा कि पहले यह योजना 10 वर्षों के लिए थी, हम इसे 10 वर्ष और बढ़ायेंगे। उन्होंने कहा, 'मैं आपको और उन सभी लोगों को धन्यवाद देता हूं जो आठ साल की उड़ान योजना की इस शानदार सफलता का जश्न मनाने के लिये यहां आये हैं, हमें यकीन है कि हम प्रतिबद्ध हैं, हमें विश्वास है कि हमने आज जो हासिल किया है, उससे यह और भी ऊपर जाने वाला है और इसके लिये निरंतर प्रयासरत हूं। नागरिक उड्डयन क्षेत्र के सभी पक्षों से हमें जो समर्थन मिला है, हम आप सभी से अनुरोध करते हैं कि आपने जो समर्थन दिया है, उसे भविष्य में भी जारी रखें, ताकि हम लक्ष्य हासिल कर सकें।'

# शाह ने शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को पुलिस स्मृति दिवस पर यहां राष्ट्रीय पुलिस स्मारक जाकर शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर शाह ने पुलिस कर्मियों को संबोधित करते हुए उनके कर्तव्य परायणता की सराहना की और कहा कि बहादुर और वीर पुलिस कर्मी देश का गौरव हैं। उन्होंने कहा कि ये पुलिसकर्मी कश्मीर से कन्याकुमारी और कीबितू से कच्छ तक देश की रक्षा में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस स्मृति दिवस पर वह पुलिस कर्मियों के सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि



आज का दिन शहीद पुलिस कर्मियों की शहादत का सम्मान करने तथा उनके परिजनों को यह विश्वास दिलाने के लिए मनाया जाता है कि जिस उद्देश्य के लिए उनके परिवार के सदस्य ने बलिदान दिया है उसे हर हालत में पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस स्मृति दिवस उन महान वीर पुलिस कर्मियों के सम्मान में मनाया जाता है जिन्होंने 21 अक्टूबर 1959 को चीन की साजिश का मुंह तोड़ जवाब देते हुए देश की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान दिया था। गृह मंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान कश्मीर और पूर्वोत्तर के क्षेत्र में हमारे वीर पुलिस कर्मियों तथा सैनिकों के समर्पण से करीब करीब शांति बहाली हो गई है। उन्होंने कहा कि बहादुर सुरक्षाकर्मी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए समर्पित हैं। शाह ने कहा कि तीन नए आपराधिक कानून यह सुनिश्चित करेंगे कि देश में दुनिया का सबसे बेहतर अपराधिक न्याय तंत्र स्थापित हो। इन नए कानून के पूरी तरह लागू हो जाने के बाद देश में किसी को भी न्याय के लिए 3 वर्ष से अधिक समय का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

# छत्तीसगढ़ की बेटी झारखंड से लड़ेगी 'विधानसभा चुनाव'

एजेंसी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की बेटी झारखंड से विधानसभा चुनाव लड़ेगी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने झारखंड की 66 विधानसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है। इन 66 सीटों में से एक सीट पर पार्टी ने छत्तीसगढ़ की बेटी पूर्णिमा साहू दास को उम्मीदवार बनाया है जो ओडिशा के राज्यपाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की बहू हैं। भाजपा ने पूर्णिमा को जमशेदपुर पूर्व विधानसभा सीट से टिकट दिया है। पार्टी ने झारखंड विधानसभा चुनाव के साथ-साथ आठ राज्यों की अलग-अलग विधानसभा सीट और एक लोकसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए भी उम्मीदवारों की सूची भी जारी की है। पूर्णिमा साहू दास रायपुर की रहने वाली हैं और वह दास की बहू भी हैं। पूर्णिमा रायपुर के एक सामान्य परिवार की बेटी हैं। जानकारी के मुताबिक उनके पिता बिजनेसमैन और मां टीचर हैं। भाजपा ने पूर्णिमा को जमशेदपुर पूर्व विधानसभा सीट से प्रत्याशी बनाया है। भाजपा ने झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए 66 सीटों पर प्रत्याशियों के नाम का ऐलान कर दिया है।

### वाइब्रेंट विंध्य : रीवा में बायर-सेलर मीट का आयोजन

**रीवा।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रयासों से चार संभागों में निवेशक सम्मेलन के बाद 23 अक्टूबर को रीवा में 5वीं आरआईसी आयोजित की जा रही है, जिसमें 'वाइब्रेंट विंध्य' बायर-सेलर मीट होगी। आधिकारिक जानकारी के अनुसार रीवा में होने वाली बायर-सेलर मीट में 2500 से अधिक उद्यमी शामिल होंगे।

# गौशाला में आई विश्व की सबसे छोटी पुंगनूर गाय

एजेंसी

**मथुरा।** विश्व में सबसे छोटे कद की पुंगनूर गाय अब मथुरा में वात्सल्य ग्राम की कामधेनु गौशाला में आ गई है। इस प्रकार की गाय अब तक मथुरा की किसी गोशाला या निजी व्यक्ति के पास नही थी। वात्सल्य ग्राम की अधिष्ठात्री साध्वी ऋतंभरा ने बताया कि पुंगनूर गाय विश्व की सबसे छोटी प्रजाति की गाय है। दक्षिण भारत के आंध्र प्रदेश के चित्तूर



जिले के पुंगनूर शहर में पाई जाने वाली इस गाय का नाम इसके शहर पुंगनूर पर पड़ा है। इस गाय की औसत लंबाई दो से ढाई फीट तक होती है। इसके दूध में अन्य गायों की अपेक्षा वसा की मात्रा अधिक होती है। अन्य गायों की अपेक्षा इसका दूध अधिक पौष्टिक होता है, इसका मूत्र एवं गोबर बेचकर लोग व्यापार भी करते हैं मगर धीरे-धीरे अब यह नस्ल विलुप्त होने के कगार पर है, वात्सल्य ग्राम में पहले से ही भारतीय नस्लों गायों की श्री कामधेनु गौशाला स्थापित है। वात्सल्य ग्राम के जन संपर्क अधिकारी उमाशंकर राही ने बताया कि स्वर्ण कपिला गाय एवं पुंगनूर गाय की गौशाला का अलग से निर्माण किया गया है। जिसमें तीन स्वर्ण कपिला एवं पांच पुंगनूर नस्ल की गाय हैं। इन गायों को पालने का मुख्य उद्देश्य इनका संरक्षण और संवर्धन करना है। गायों के गोशाला में भेजने के पहले उनका विधिवत पूजन किया गया तथा आरती भी उतारी गई। गायों को बहुत करीने से सजाया भी गया है। गोशाला का उद्घाटन करते हुए संजय भैया ने कहा कि वात्सल्य ग्राम में यह पहली गौशाला है जो मां ऋतंभरा की इच्छा पर निर्मित की गई है।

# ओडिशा सरकार चक्रवाती तूफान 'दाना'से निपटने के लिए तैयार

एजेंसी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार चक्रवाती तूफान 'दाना' से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। चक्रवाती तूफान दाना राज्य के तट से 24 अक्टूबर को टकरा सकता है। राज्य के राजस्व मंत्री सुरेश पुजारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुजारी ने जनता से न घबराने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने ओडिशा आपदा त्वरित कार्रवाई बल (ओडीआरएएफ) तैनात करने और चक्रवात के कारण भूस्खलन की विस्तृत तस्वीर स्पष्ट होने के बाद संवेदनशील क्षेत्रों से सुरक्षित स्थानों पर निकासी प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय लिया गया है। राजस्व मंत्री ने यह भी बताया कि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी 30 जिलों में ओडीआरएएफ टीमें तैनात की जाएंगी और चक्रवाती तूफान के प्रभाव को कम करने के लिए हरसंभव कदम उठाए गए हैं। इस बीच, मौसम विभाग केन्द्र (आईएमडी) के पूर्वानुमान के आलोक में मुख्य सचिव मनोज आहूजा ने आगामी गुरुवार को ओडिशा-पश्चिम बंगाल तट पर चक्रवात दाना से भूस्खलन संभावना को देखते हुए सरकारी तंत्र की तैयारियों की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। आज आईएमडी सूत्रों ने बताया कि उत्तरी अंडमान सागर और निकटवर्ती पूर्व-मध्य और दक्षिणपूर्व खाड़ी पर ऊपरी हवा के चक्रवाती परिसंचरण के कारण पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे सटे उत्तरी अंडमान सागर के ऊपर रविवार को एक हवा का कम दबाव का क्षेत्र पहले ही बन चुका है। हवा के निम्न दबाव क्षेत्र के पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने और 22 अक्टूबर की सुबह तक दबाव तेज होने और 23 अक्टूबर तक बंगाल की पूर्व-मध्य खाड़ी के ऊपर एक चक्रवाती तूफान में बदलने की संभावना है।

# गांदरबल आतंकी हमले में 6 मजदूरों समेत 7 लोगों की मौत

## जम्मू-कश्मीर : सुरक्षा बलों ने आसपास के जंगलों में तलाशी के लिए ड्रोन और खोजी कुत्तों को भी तैनात किया है

एजेंसी

**श्रीनगर।** कश्मीर में नागरिकों पर लंबे समय बाद हुए सबसे घातक हमलों में से एक के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों का पता लगाने के लिए सुरक्षा बलों ने सोमवार को बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान जारी रखा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रणनीतिक श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर पर्यटक रिजॉर्ट सोनमर्ग के पास एक श्रमिक शिविर पर आतंकवादी हमले में रविवार शाम एक कश्मीरी डॉक्टर



अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रणनीतिक श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर पर्यटक रिजॉर्ट सोनमर्ग के पास एक श्रमिक शिविर पर आतंकवादी हमले में रविवार शाम एक कश्मीरी डॉक्टर सहित एक अवसंरचना कंपनी के सात कर्मचारी मारे गए। हमले में पांच अन्य कर्मचारी घायल भी हुए।

सहित एक अवसंरचना कंपनी के सात कर्मचारी मारे गए। हमले में पांच अन्य कर्मचारी घायल भी हुए। श्रमिकों पर यह हमला जम्मू-कश्मीर सरकार द्वारा सामान्य स्थिति दिखाने के लिए श्रीनगर में एक प्रमुख खेल आयोजन 'कश्मीर मैराथन' की मेजबानी के कुछ घंटों बाद हुआ। अधिकारियों ने बताया कि हमले के तुरंत बाद पुलिस और सेना ने हमलावरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया, जिनकी संख्या दो से तीन होने का संदेह है।

उन्होंने कहा, 'आतंकवादियों का पता लगाने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान जारी है।' उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने आसपास के जंगलों में तलाशी के लिए ड्रोन और खोजी कुत्तों को भी तैनात किया है। शीर्ष सुरक्षा अधिकारी अभियान की निगरानी के लिए गांदरबल में डेरा डाले हुए हैं। शुरुआती जांच में मदद के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम भी गांदरबल पहुंच गयी है। आतंकवादी समूह द रेसिस्टेंस फ्रंट, जिसे लश्कर-ए-तैयबा का छाया समूह माना जाता है, ने निर्माण श्रमिकों पर हमले की जिम्मेदारी ली है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों ने रविवार शाम को श्रीनगर-सोनमर्ग मार्ग पर गगनगीर के पास 6.5 किमी लंबी जेड-मोड़ सुरंग का निर्माण करने वाली बुनियादी ढांचा कंपनी द्वारा स्थापित एक शिविर को निशाना बनाकर हमला किया।

जेड-मोड़ सुरंग उन दो सुरंगों में से एक है जो लद्दाख को हर मौसम में खुली रहने वाली सड़क के माध्यम से बाहरी दुनिया से जोड़ेगी।

इसका निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। हमले में मारे गए लोगों में एक कश्मीरी डॉक्टर के अलावा जम्मू-कश्मीर के दो, बिहार के तीन और पंजाब तथा मध्य प्रदेश के एक-एक व्यक्ति शामिल हैं।

### खरगे, राहुल, प्रियंका ने जम्मू -कश्मीर में आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए पीड़ित परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। खरगे ने सोमवार को कहा, 'मैं जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले की हम कड़ी निंदा करता हूं जिसमे कई श्रमिक और एक डॉक्टर मारे गए हैं। लक्षित हिंसा का यह अमानवीय और घृणित कृत्य से भारत जम्मू-कश्मीर में प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के निर्माण से पीछे नहीं हटेगा।